वर्ष : 17 अंक : 196 लखनऊ गुरुवार, 24 जुलाई, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-


# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड


**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:14 |
| सूर्यास्त | : | 7:04 |
| अधिकतम | : | 33:00° |
| न्यूनतम | : | 28:00° |



रंग की वजह से वाणी को नहीं मिली फिल्म 10

निजीकरण के पीछे बड़े घोटाले का आरोप 2 | भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान 6 | गोरखपुर को देश के टॉप-थ्री शहरों की... 12

# गोरखपुर में ट्रेनी महिला सिपाहियों का हंगामा

## लगाया आरोप– बाथरूम में लगे हैं कैमरे, अव्यवस्था पर भड़के डीजीपी राजीव कृष्ण

### पीटीआई सस्पेंड, कुछ और अफसरों पर गिर सकती है गाज

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** ट्रेनी महिला सिपाहियों ने बुधवार सुबह 8 बजे हंगामा कर दिया। 600 महिला सिपाही रोती-चिल्लाती ट्रेनिंग सेंटर से बाहर आ गईं। उन्होंने ट्रेनिंग सेंटर की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। हंगामे की सूचना मिलते ही अफसरों के हाथ-पांव फूल गए। कारण यह कि जिस पीएसी टावर में ट्रेनिंग चल रही है, वहां सीएम योगी का गुरुवार को कार्यक्रम होना है। इसके लिए आज ही योगी गोरखपुर पहुंच चुके हैं। इस मामले में डीजीपी भड़क गये, एक पीटीआई को सस्पेंड कर दिया गया है और कुछ अफसरों पर और गाज गिर सकती है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश पर, प्लाटून कमांडर एवं आरटीसी प्रभारी श्री संजय राय को महिला प्रशिक्षुओं की समस्याओं का समय से निराकरण न करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त तथ्यों एवं प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस महानिदेशक द्वारा 26वीं बटालियन पीएसी के कमांडेंट आनन्द कुमार को शिथिल पर्यवेक्षण एवं उत्तरदायित्व निर्वहन में लापरवाही करने का दोषी पाए जाने पर उत्तर प्रदेश शासन से निलंबन की संस्तुति की गई थी, जिसके क्रम में शासन द्वारा उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

एक महिला सिपाही ने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर के बाथरूम में कैमरे लगे हैं। हमारे वीडियो बन गए हैं। क्या उनको वापस किया जाएगा? अब क्या होगा? कल कुछ अफसर आए थे, वो खरी-खोटी सुनाकर चले गए। महिला सिपाहियों ने यह भी कहा कि ट्रेनिंग सेंटर में 360 लड़कियों के रहने का इंतजाम है, लेकिन 600 रह रही हैं। इसीलिए हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के ट्रेनर और एडीजी समेत पुलिस के सीनियर अफसर तुरंत मौके पर जा पहुंचे। महिला सिपाहियों को समझाकर अंदर ले गए। अफसरों ने करीब 5-6 घंटे तक महिला सिपाहियों को समझाया और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया। महिलाओं ने बाथरूम की गैलरी में लगे कैमरे हटवाने की मांग की। इसके बाद मामला शांत हो पाया।

मामला लखनऊ तक पहुंचा, तो अभद्र भाषा इस्तेमाल करने पर ट्रेनिंग सेंटर के फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर को सस्पेंड कर दिया गया। वहीं, डीजीपी राजीव कृष्ण ने शॉर्ट नोटिस पर अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें सभी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, पीएसी, ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और कॉलेज के प्रमुखों को शामिल रहे। डीजीपी ने पीएसी के अफसरों को जमकर फटकार लगाई।

कहा- नई भर्ती के सिपाहियों की ट्रेनिंग का शेड्यूल पहले से तय था। इसके बावजूद अव्यवस्था क्यों हुई? माना जा रहा है इस मामले में कुछ और सीनियर अफसरों पर कार्रवाई हो सकती है। ऐसे में मामले को देखते हुए लखनऊ से सीनियर अफसर तुरंत गोरखपुर रवाना हो गए।



### पांच आईपीएस के तबादले

**लखनऊ।** गोरखपुर डीआईजी समेत पांच आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिये गये हैं। गोरखपुर डीआईजी ने हाल ही में नई प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों के गर्भपात चेकिंग के निर्देश दिये थे। चार और आईपीएस अफसरों को नयी तैनाती तो मिली है लेकिन इसका कोई खास महत्व नहीं है। श्रीमती पूनम को डीआईजी पीटीएस मेरठ बनाया गया है। सत्येंद्र कुमार को प्रतीक्षारत किया गया। अनिल कुमार फर्स्ट को पीटीएस गोरखपुर भेजा गया। निहारिका शर्मा को 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर



"सुबह कुछ रिक्रूट ने बिजली-पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था, अब स्थिति नियंत्रण में है। प्रदर्शन समाप्त हो चुका है। पीएसी के वरिष्ठ अधिकारियों को गोरखपुर भेजा गया है। –अमिताभ यश, एडीजी



"जब मुख्य नगरी का ये हाल है, तो बाकी का क्या कहना? नारी वंदना भाजपा का जुमला है। –अखिलेश यादव, नेता प्रतिपक्ष

### प्रेग्नेंसी जांच के आदेश पर भी भड़कीं महिला सिपाही

दरअसल, महिला सिपाहियों का ट्रेनिंग से पहले हेल्थ चेकअप होना था। इसी बीच, डीआईजी रोहन पी. ने हेल्थ चेकअप के दौरान प्रेग्नेंसी जांच कराने का भी निर्देश जारी कर दिया। इसके लिए सीएमओ को पत्र लिखकर मेडिकल टीम बुलाई गई। सूत्रों ने बताया कि इस आदेश के बाद महिला सिपाही नाराज हो गईं। हालांकि, आईजी ट्रेनिंग चंद्र प्रकाश ने डीआईजी का आदेश निरस्त कर दिया। कहा- किसी अनमैरिड महिला सिपाही की प्रेग्नेंसी जांच नहीं कराई जाएगी। अगर कोई प्रेग्नेंट है तो वह खुद शपथपत्र देकर बाद के बैच में जा सकती है।

# तीसरे दिन भी नहीं चल पाये संसद के दोनों सदन

## आपरेशन सिंदूर पर 28–29 को होगी चर्चा



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में 28 जुलाई और राज्यसभा में 29 जुलाई को चर्चा होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सदनों में बहस के लिए 16-16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी।

पिछले 3 दिनों से विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर, बिहार वोटर वेरिफिकेशन जैसे मुद्दों पर हंगामा कर रहा है। तीन दिनों में दोनों सदनों में लगातार एक-आधे घंटे भी कार्यवाही नहीं चल सकी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि सरकार कहती है ऑपरेशन सिंदूर चालू है, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प बंद कराने का दावा कर चुके हैं।

ट्रम्प ने 25 बार बोला कि उन्होंने सीजफायर कराया। वो कौन होते हैं बोलने वाले, ये उनका काम नहीं है, लेकिन पीएम मोदी ने इस पर एक जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है दाल में कुछ काला है।

इससे पहले लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए वेल में चले आए। उन्होंने काले कपड़े लहराए। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा- आप सड़क का व्यवहार संसद में न करें। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

संसद में मानसून सत्र में भाग लेने के बाद राहुल ने कहा, 'पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा की थी। PM मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।' ट्रम्प ने कहा था 'उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। मैंने उन्हें फोन किया और व्यापार रोकने की धमकी दी।'



22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। भारत ने पाकिस्तान प्रशासित आजाद कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नौ जगहों पर मिसाइल और हवाई हमले शुरू किए थे। दोनों देशों के बीच 3 दिनों तक संघर्ष चला। 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं।

### शरीफ की निकली हेकड़ी, कहा– वार्ता को तैयार

**इस्लामाबाद।** बुधवार को पाकिस्तान की तरफ से एक बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ सभी लंबित मुद्दों पर "गंभीर और सार्थक वार्ता" के लिए तैयार है, लेकिन भारत का सख्त रुख बरकरार है। यह बयान उस समय आया है जब दो महीने पहले भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान नियंत्रित क्षेत्रों में आतंकवादी ढांचों पर एयर स्ट्राइक की थी। शहबाज शरीफ ने यह टिप्पणी ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट से मुलाकात के दौरान की। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी आधिकारिक बयान में बताया गया कि इस मुलाकात में दक्षिण एशिया और मध्य-पूर्व की क्षेत्रीय स्थिति पर भी चर्चा हुई। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल दो बिंदुओं पाक अधिकृत कश्मीर की वापसी और सीमा पार आतंकवाद का खात्मा, पर ही हो सकती है।

# जस्टिस वर्मा केस की सुनवाई से सीजेआई ने खुद को किया अलग

## कहा– मैं सुनवाई नहीं कर सकता, क्योंकि पहले भी इसका हिस्सा रहा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया।

न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नगदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है।

दूसरी तरफ, संसद में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने 21 जुलाई को लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूँकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से दायर एक याचिका पर विचार करने के लिए सहमति व्यक्त करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वह मामले की सुनवाई के लिए एक पीठ का गठन करेंगे। मुख्य न्यायाधीश गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख करने पर अदालत ने सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, राकेश द्विवेदी, सिद्धार्थ लूथरा और सिद्धार्थ अग्रवाल भी न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश हुए। वकील ने कहा कि इस मामले में कुछ संवैधानिक मुद्दे शामिल हैं। न्यायमूर्ति वर्मा पर नकदी बरामदगी के मामले में एक आंतरिक जाँच रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है। शीर्ष अदालत की इस आंतरिक रिपोर्ट में उनके खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई और उन्हें हटाने की सिफारिश भी शामिल है।



न्यायमूर्ति वर्मा को इस वर्ष मार्च में उनके आवास पर कथित तौर पर नकदी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय से उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था।

उन्होंने एक रिट याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया से इनकार किये जाने का दावा किया। उन्होंने न्यायाधीशों की समिति द्वारा जाँच शुरू करने से पहले औपचारिक शिकायत न होने का मुद्दा भी उठाया।

### इस्तांबुल वार्ता से पहले रूस का बड़ा ड्रोन अटैक

**कीव/इस्तांबुल।** रूस-यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा लंबे युद्ध के बीच 23 जुलाई को इस्तांबुल में अहम वार्ता होने वाली है, लेकिन वार्ता से ठीक पहले रूस ने यूक्रेन के सुमी क्षेत्र में एक पॉवर स्टेशन पर ड्रोन हमला कर दिया, जिससे 220,000 लोग अंधेरे में डूब गए। हालांकि, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने बताया कि अधिकांश क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

यह हमला ऐसे वक्त में हुआ है जब दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल इस्तांबुल में आमने-सामने बैठने वाले हैं। इससे पहले मई और जून में हुई बैठकों में सिर्फ बंदियों और सैनिकों के शवों के आदान-प्रदान पर सहमति बन सकी थी। रूस ने इस बार की वार्ता को लेकर उम्मीदें काफी कम कर दी हैं। क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, ₹कोई आसान रास्ता नहीं है।

# गुजरात में पकड़े गये अलकायदा के चार आतंकी

## इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और भड़काऊ पोस्ट

विश्ववार्ता ब्यूरो

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने बुधवार को बताया कि उसने अल-कायदा से जुड़े 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दो आतंकी गुजरात, एक दिल्ली और एक नोएडा से पकड़ा गया है। ये चारों नकली नोटों के रैकेट और आतंकी संगठन से लोगों को जोड़ने का काम कर रहे थे। ये ऐसे एप्स का उपयोग कर रहे थे जिसमें कंटेंट अपने आप डिलीट हो जाता है।

ये चारों अल कायदा से जुड़े अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़े बताए जा रहे हैं। ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और कुछ संदिग्ध ऐप्स के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे थे। गुजरात एटीएस को इनके पास से कुछ सोशल मीडिया हैंडल और चैट भी मिले हैं। साइबर टीम भी इसकी जांच में जुटी हुई है। सुरक्षा एजेंसियों को इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर देश विरोधी और भड़काऊ पोस्ट मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। लंबे समय से की जा रही तकनीकी और फील्ड निगरानी के बाद एटीएस ने चारों को गिरफ्तार किया है।




एटीएस के मुताबिक आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल के बीच है और ये भारत में आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों को कुछ खास और संवेदनशील ठिकानों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए थे। ये चारों आतंकी सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि इनका संपर्क सीमा पार बैठे आतंकियों से भी था। गुजरात एटीएस और केंद्रीय एजेंसियां अब इनके नेटवर्क, फंडिंग, ट्रेनिंग और विदेशी संपर्कों की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं। इनसे पूछताछ के बाद और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। अल-कायदा एक आतंकी संगठन है। यह संगठन मक्तब अल-खिदमात से निकला है, जिसे ओसामा बिन लादेन के मेंटर शेख अब्दुल्ला अज्जम ने अफगानिस्तान में आतंकवादियों को आर्थिक मदद करने के लिए बनाया था। अल-कायदा, इसके सहयोगी संगठन और इससे जुड़े लोग अफ्रीका, एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में हमले करने और हमलों की साजिश रचने में शामिल रहे हैं।

# उपराष्ट्रपति की रेस में कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर भी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद इस पद के लिए निर्वाचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने बुधवार को जारी एक प्रेस नोट में कहा कि नये उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए उसने तैयारी शुरू कर दी है और तैयारी पूरी हो जाने के बाद चुनाव का कार्यक्रम जल्द से जल्द घोषित कर दिया जाएगा।

माना जा रहा है कि 72 घंटे के अंदर यह शेड्यूल जारी कर दिया जायेगा। अब अगले वाइस प्रेसिडेंट के नाम की अटकलें लगने लगी हैं। अब तक संभावितों की लिस्ट में कई बड़े नेताओं के नाम सामने चुके हैं। अब इसमें एक और बड़ा व चौंकाने वाला नाम शामिल हुआ है। दरअसल, केंद्रीय राज्य मंत्री और जेडीयू सांसद रामनाथ ठाकुर ने बुधवार शाम को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है, जिसके बाद अटकलें लगने लगी हैं कि वे भी उपराष्ट्रपति की रेस में शामिल हैं। रामनाथ ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बेटे हैं और इस समय जेडीयू कोटे से मोदी सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री हैं। रामनाथ ठाकुर बिहार से आने वाले बड़े चेहरे हैं।



» निर्वाचन आयोग ने शुरू की चुनाव प्रक्रिया

# पीआईएल कानून को इतने हल्के में न लें

## दिल्ली हाई कोर्ट ने दी नसीहत– याचिका दायर करने से पहले होमवर्क कर लें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने पर एक याचिकाकर्ता को नसीहत दी। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने से पहले होमवर्क कर लें। याचिकाकर्ता को जनहित याचिका कानून को हल्के में नहीं लेने का सुझाव दिया। इसके बाद उसकी याचिका खारिज कर दी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एक याचिकाकर्ता को न्यूजपेपर की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दायर करने के प्रति आगाह किया। कोर्ट ने उससे कहा कि वह पहले होमवर्क कर ले। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और उनके सहयोगी संस्थानों के लिए बाहरी भर्ती कंपनियों या एजेंटों के नियमन की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।



याचिका में केनरा बैंक प्रबंधन के नियंत्रण वाली सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी कैन फिन होम्स लिमिटेड (सीएफएचएल) में भर्ती में कथित गड़बड़ियों की सेबी या सीबीआई द्वारा स्वतंत्र जांच कराने की भी मांग की गई थी। पीठ ने याचिका को अधूरा करार दिया। कहा कि एक नए पोर्टल ने बताया कि एक व्हिसलब्लोअर ने बैंक से भर्ती में गंभीर गड़बड़ियों की शिकायत की थी। इसकी जांच की गई लेकिन कुछ नहीं मिला और मामला बंद कर दिया गया।

जज ने अखबारों की खबरों के साक्ष्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि अदालत किसी भी खबर का संज्ञान तब तक नहीं ले सकती जब तक उसकी पुष्टि न हो जाए। अखबारों की खबरों का साक्ष्य मूल्य क्या है? अपनी खोजबीन कीजिए। इस तरह की याचिकाएं किसी न किसी खबर को लेकर आती हैं। अखबार पढ़ने के बाद आपके मन में क्या विचार आते हैं? अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि अगर कोई अपराध हुआ था तो उसने सेबी या आरबीआई से संपर्क क्यों नहीं किया। जज ने याचिकाकर्ता को जनहित याचिका कानून को इतना हल्के में नहीं लेने का सुझाव दिया। जज ने कहा कि एक या दो जानकारी और ज्यादातर अखबारों की रिपोर्ट्स इकट्ठा करके जनहित याचिका दायर करने का चलन चल रहा है।

### अहमदाबाद में टेकऑफ से पहले फ्लाइट में आग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 के इंजन में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले आग लग गई।

फ्लाइट में 60 पैसेंजर थे। विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, तभी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

घटना की जांच जारी है। इससे एक दिन पहले मंगलवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हॉन्गकॉन्ग से आई एयर इंडिया फ्लाइट-315 में लैंडिंग के तुरंत बाद ऑक्सिलरी पावर यूनिट यूनिट में आग लग गई थी। ऑक्सिलरी पावर यूनिट प्लेन में सबसे पीछे उसकी टेल में होती है। वहां आग लगने से प्लेन की बॉडी को नुकसान पहुंच सकता है।

# दिल्ली की मस्जिद में सपा की सियासी मीटिंग मामले ने तूल पकड़ा

## भाजपा ने बताया 'नमाजवादी', सपा प्रमुख ने भी किया पलटवार, डिम्पल के पहनावे को लेकर भी आपत्ति दर्ज करायी गयी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव द्वारा संसद भवन के पास एक मस्जिद में कथित तौर पर राजनीतिक बैठक आयोजित करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना ने भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। बीजेपी ने इस कदम को असंवैधानिक करार देते हुए सपा पर धार्मिक स्थल का राजनीतिक उपयोग करने का आरोप लगाया है, जबकि अखिलेश यादव ने बीजेपी पर समाज को बांटने की कोशिश करने का पलटवार किया है।

22 जुलाई को, नई दिल्ली में संसद भवन के निकट स्थित एक मस्जिद में अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी की एक कथित बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सपा के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। इस घटना की जानकारी सामने आने के बाद बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। बीजेपी नेता और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, 'समाजवादी पार्टी और इसके प्रमुख अखिलेश यादव हमेशा संविधान का उल्लंघन करते हैं। भारतीय संविधान स्पष्ट कहता है कि धार्मिक स्थलों का राजनीतिक उपयोग नहीं किया जा सकता। सपा को संविधान पर भरोसा नहीं है। वे हमेशा 'नमाजवादी' बने रहते हैं।' इसके जवाब में अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, 'मैं केवल इतना जानता हूं कि आस्था जोड़ती है। जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ हैं। बीजेपी को यही तकलीफ है कि कोई जुड़े नहीं। दूरियां बनी रहें। आस्था जोड़ने का काम करती है और इसलिए हम लोग हर आस्था पर आस्था रखते हैं।' सपा प्रमुख ने आगे कहा कि अगर बीजेपी को मीठे से तकलीफ होगी तो क्या हम मीठा छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, 'बीजेपी कहेगी कि नमकीन खाइए, तो नमकीन खाएंगे क्या? बीजेपी को आप सब जानते हैं ... उसका हथियार ही धर्म है।'



उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी सभी समुदायों के बीच सौहार्द और एकता को बढ़ावा देती है, जबकि बीजेपी समाज को विभाजित करने की कोशिश करती है। वहीं अखिलेश यादव द्वारा कथित तौर पर मस्जिद के अंदर बैठक करने पर समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा, 'क्या अब हमें मंदिर और मस्जिद जाने के लिए भाजपा से लाइसेंस लेना होगा?...'

विवाद को और हवा देते हुए, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा ने घोषणा की कि वह उसी मस्जिद में 25 जुलाई को नमाज-ए-जुमा के बाद अपनी बैठक आयोजित करेगा।

बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता जमाल सिद्दीकी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी और कहा, ₹कृपया नोट कर लें।' इस कदम को सपा की बैठक के जवाब में बीजेपी की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

### जालीदार टोपी ले जाना भूल गये थे

यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को निशाने पर लिया। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने ट्वीट में लिखा, 'मस्जिद गए, लेकिन सफेद 'जालीदार टोपी' ले जाना भूल गए सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव। जब ख्याल ही रखना था तो कब्जा करने वाली जमात का पूरा ख्याल रखना चाहिए था।'

### मोदी ब्रिटेन, मालदीव की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे।

पीएम मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा, "भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हम व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा, शिक्षा, अनुसंधान, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य जैसे व्यापक क्षेत्रों में एक दूसरे के साथ सहयोग करते हैं इसमें दोनों देशों की जनता के बीच संपर्क का विस्तार भी शामिल है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रिटेन की यात्रा में प्रधानमंत्री केर स्टार्मर के साथ बैठक करेंगे।

## एक नजर

### क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने में वेस्ट प्लास्टिक का किया जा रहा उपयोग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के नवीनीकरण यानी क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने में सिंगल यूज्ड वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कर जहां सड़कों को जनता के लिए सुगम व सरल यातायात के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है, वहीं वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग करके पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश में सड़को के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सड़कों की गुणवत्ता और टिकाऊपन को बढ़ाने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। पीएमजी एस वाई के तहत ग्रामीण सड़कों केनवीनीकरण/अनुरक्षण कार्यों में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी किये जाने के उद्देश्य से में 04 नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन 04 तकनीकों में वेस्ट प्लास्टिक के उपयोग के साथ बिटुमिनस कॉन्क्रीट का कार्य प्रदेश के 35 जनपदों में 171 मार्गों, लम्बाई 1121.383 किमी0 में रिन्यूवल (नवीनीकरण)कार्य सम्पादित हो रहा है, जिसमें अद्यतन 605.79 किमी0 का कार्य पूर्ण कराते हुये 690 टन वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग कराकर पर्यावरण को संरक्षित किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सीईओ अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के स्तर से प्रदेश को प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि (इन्सेन्टिव मनी) से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित पोस्ट डी0एल0पी0 के 306 मार्गों, लम्बाई 1911.30 किमी0 पर ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी किये जाने के परिपेक्ष्य में 04 नई तकनीकों यथा – 30 एमएम मोटाई में सी0जी0बी0एम0 तकनीक, 30 एमएम मोटाई में कोल्ड मिक्स के साथ बिटुमिनस कॉन्क्रीट ,30 एमएम मोटाई में एमएसएस तकनीक एवं 30एमएम मोटाई में वेस्ट प्लास्टिक के साथ बिटुमिनस कॉन्क्रीट के प्रयोग के साथ रिन्यूवल कार्य उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन मे सम्पादित कराया जा रहा है। राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में राज्य गुणवत्तायुक्त समन्वयक श्री बी के दुबे व राज्य तकनीकी अधिकारी डीडी पाठक ने बताया कि इन तकनीकों से रिन्यूवल का कार्य कराकर ग्रीन हाउस गैस उत्र्सजन में अत्यधिक कमी करते हुये अभिकरण द्वारा वेस्ट प्लास्टिक का भी उपयोग कर पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। नवीनीकरण कार्य के बाद सड़क की सतह चिकनी और सुरक्षित हो जाती है।नवीनीकरण कार्य के बाद सड़क अधिक समय तक चलती है। सड़क दुर्घटनाओं की संभावना मे कमी आती है। नवीनीकरण कार्य के बाद यातायात अधिक सुचारू हो जाता है।नवीनीकरण कार्य के बाद व्यापार और पर्यटन में सुधार होता है।

### योगी सरकार ने दी डॉ. केएन मोदी विवि को हरी झंडी

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थापित होने वाले डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को संचालन प्राधिकार पत्र सौंपा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन 2025) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची–2 में क्रमांक 49 पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को वैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है, जिससे यह औपचारिक रूप से संचालन शुरू कर सकेगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने आगे कहा कि योगी सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से शिक्षा में बुनियादी ढांचे के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित कर रही है। यह कदम उत्तर प्रदेश सरकार की नई शिक्षा नीति–2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ाने और गुणवत्तापरक शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और सकारात्मक पहल है।

### समाजवादी पार्टी करती है सभी धर्मों का सम्मान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आस्था जोड़ती है। जो आस्था जोड़ने का काम करती है हम उसके साथ है। समाजवादी पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है। हम लोग हर आस्था पर आस्था रखते हैं। वह चाहती है लोगों में दूरियां बनी रहे। भाजपा हर जोड़ने वाली चीज से चिढ़ती है। भाजपा नकारात्मक लोगों का समूह है। बीजेपी भेदभाव करती है। भाजपा जो कर रही है, वह सभी लोग जानते है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा पीडीए के खिलाफ है। समाजवादी सरकार में बुनकरों और पसमांदा मुसलमानों के लिए जो काम हुए थे, भाजपा सरकार ने सब रोक दिए। समाजवादी पीडीए से सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करेगी। श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली की स्थिति बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। प्रदेश में बिजली की भारी कमी है। बिजली मंत्री जहां–जहां जा रहे है, वहां–वहां बिजली चली जाती है। स्थितियां खराब है। बिहार में मतदाता सूची पर चुनाव आयोग की कार्यवाही को लेकर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के मुद्दे पर विपक्ष एकजुट है। चुनाव आयोग पर समय–समय पर उंगली उठी है। उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में हुई धांधलियों को लेकर समाजवादी पार्टी ने कई बार आवाज उठायी है। उप चुनाव में बड़े पैमाने पर बेईमानी हुई। चुनाव आयोग आंखे बंद किए रहा। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि किसी का वोट न कटे। हर वोटर का नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो। ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें।

### नील गांव पशुधन प्रक्षेत्र में उत्कर्ष वन श्रृंखला का शुभारंभ

**लखनऊ।** सीतापुर स्थित राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र, नील गांव में प्रवृद्ध फाउंडेशन, लखनऊ द्वारा आयोजित विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत "हरिशंकरी" पौधों (पीपल, बरगद, पाकड़) का सामूहिक रोपण किया गया। इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष माननीय श्री श्याम बिहारी गुप्त जी ने किया।यह वृक्षारोपण "उत्कर्ष वन श्रृंखला" के अंतर्गत किया गया, जो न केवल पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि पशुधन के लिए प्राकृतिक छायायुक्त, पोषणयुक्त एवं प्रदूषण–मुक्त चारागाह तैयार करने की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने कहा कि "गोसंवर्धन केवल गौवंश की रक्षा नहीं, बल्कि उसके लिए अनुकूल पर्यावरणीय एवं चारागाहीय संरचना का निर्माण भी है। हरिशंकरी जैसे पौधे न केवल जैव विविधता को समृद्ध करते हैं, बल्कि पारंपरिक भारतीय ज्ञान एवं प्राकृतिक कृषि को पुनर्जीवित करने में सहायक हैं। प्रवृद्ध फाउंडेशन की यह पहल अत्यंत सराहनीय है और हम सभी को प्रेरणा देती है कि गौ आधारित जीवनशैली और प्रकृति के साथ संतुलन ही भविष्य का मार्ग है।"कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय सिंह, महानिदेशक, उत्तर प्रदेश कृषि संसाधन परिषद, लखनऊ रहे, जो प्रदेश में कृषि एवं पशुधन से जुड़े जैव संसाधनों के नवाचार, मूल्य संवर्धन एवं तकनीकी दोहन के लिए सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "गोबर एवं गौ–अपशिष्ट आधारित नवाचार न केवल जैव उर्वरक, जैव ऊर्जा और जैव–उद्योग के लिए कच्चा माल हैं, बल्कि वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर और हरित बना सकते हैं।

# निजीकरण के पीछे बड़े घोटाले का आरोप

## निजीकरण और उत्पीड़न के विरोध में प्रान्तव्यापी विरोध प्रदर्शन

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर आज बिजली कर्मचारियों ने प्रान्त भर में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर निजीकरण और उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति ने यह आरोप दोहराया है कि निजीकरण के पीछे बड़ा घोटाला हो रहा है और झूठे आंकड़े देकर निजीकरण करने की कोशिश हो रही है। आज बिजली कर्मचारियों ने विरोध सभा के पहले लोकमान्य बालगंगाधर तिलक और चन्द्रशेखर आजाद. को उनकी जन्म जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाये रखने का संकल्प लिया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण करने हेतु पहले ड्राफ्ट स्टेण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2020 को आधार बनाया गया था। अब पता चला है कि अचानक ड्राफ्ट स्टेण्डर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 को निजीकरण का आधार बना लिया गया है। इसी आधार पर निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन ने आरएफपी डॉक्यूमेंट तैयार किया है। इस आरएफपी डॉक्यूमेंट को अनुमोदन हेतु विद्युत नियामक आयोग को भेजा गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि ड्राफ्ट स्टैडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2020 सितम्बर 2020 में जारी किया गया था। ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन और बिजली कर्मियों के अन्य फेडरेशनों ने इस ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट पर कई आपत्तियां दर्ज की थी। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट स्टैडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2020 को आजतक फाइनल नहीं किया है। विद्युत मंत्रालय ने इसे निरस्त भी नहीं किया है। अचानक अप्रैल 2025 में विद्युत मंत्रालय के हवाले से ड्राफ्ट स्टैडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 बनाया गया है। यह जानकारी मिली है कि इस ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट में निजी घरानों को मदद करने हेतु कई प्राविधान बहुत शिथिल कर दिये गये हैं। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण को पूर्व निर्धारित मनचाहे कारपोरेट घराने को देने के लिए ड्राफ्ट स्टैडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 लाया गया है। संघर्ष समिति ने कहा कि ड्राफ्ट स्टैडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की अधिकृत वेबसाइट पर आज तक नहीं डाला गया है। इसके अलावा इस ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट को राज्यों के ऊर्जा निगमों को भी सर्कुलेट नहीं किया गया है। चूंकि यह ड्राफ्ट स्टैडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 आज तक पब्लिक डोमेन में नहीं है अतः इस पर आपत्तियां भी नहीं मांगी गयी हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु गोपनीय ढंग से लाये गये इस ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट के पीछे बड़ा घोटाला है। संघर्ष समिति ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन द्वारा निजीकरण हेतु बनाये गये आरएफपी डॉक्यूमेंट पर आपत्तियां लगाते हुए विद्युत नियामक आयोग ने उसे वापस भेज दिया है। यह जानकारी भी सामने आ गयी है कि निजीकरण के दस्तावेज पर सीएजी ने भी आपत्ति दर्ज की है। संघर्ष समिति ने मांग की कि ऐसी स्थितियां में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का प्रस्ताव तत्काल निरस्त किया जाये।

आज महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक और अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद. की जन्म जयन्ती पर राजधानी लखनऊ में हाईडिल फील्ड हास्टल में हुई सभा में बिजली कर्मियों ने भारत माता के इन महान सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये और संकल्प लिया कि स्वतंत्रता के बाद आम जनता के पैसों से निर्मित लाखों करोड़ रूपये की पॉवर सेक्टर की सार्वजनिक क्षेत्र में परिसम्पत्तियों को किसी कीमत पर बिकने नहीं देंगे। यह संकल्प लिया गया कि जब तक निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया जाता तब तक संघर्ष जारी रहेगा। बिजली के निजीकरण एवं उत्पीड़न के विरोध में आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किये गये।

### 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में 11 मंजिला बैरक टॉवर का मुख्यमंत्री करेंगे लोकार्पण

**गोरखपुर।** पुलिस मकहमे के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने तथा इसके जरिये पुलिसकर्मियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने खजाना खोल रखा है। अकेले गोरखपुर में पुलिस, पीएसी, पीएसी महिला बटालियन और विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के लिए हो रहे आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक के कार्य इसका प्रमाण हैं। यहां जो भी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्य हैं, वे सभी पुलिकर्मियों को सुविधानजक वातावरण उपलब्ध कराने से संबंधित हैं। इनमें से एक प्रोजेक्ट 26वीं वाहिनी पीएसी में 11 मंजिला बैरक टॉवर भी है, जिसका लोकार्पण गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके अलावा पीएसी महिला बटालियन, पीटीएस, एसएसएफ के भवन और पुलिस ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य अगले साल तक पूरा हो जाएगा। 26वीं वाहिनी पीएसी (प्रोविंशियल आर्म्ड कांस्टेबुलरी) गोरखपुर परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला बैरक बनाया गया है। 11 मंजिला बैरक टॉवर बनाने के लिए 11 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई थी। टॉवर के भूमि तल पर डायनिंग हाल, लॉबी किचन, बरामदा, टॉयलेट, दो लिफ्ट, दो स्टेयरकेस का निर्माण कराया गया है। टॉवर के प्रथम तल पर डायनिंग हाल, ओपेन टैरेस, लॉबी, रिक्रिएशन हाल, टॉयलेट, लिफ्ट, स्टेयरकेस निर्मित है। जबकि द्वितीय तल से 11वें तल तक प्रत्येक फ्लोर पर चार कमरे बनवाए गए हैं।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार सख्त

## पिछले दिनों स्कूली वाहनों को लेकर चले अभियान के बाद स्कूल प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को भी दिए गए निर्देश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के लाखों स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी के मद्देनज़र परिवहन विभाग द्वारा 01 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक पूरे प्रदेश में स्कूली वाहनों (स्कूल बस, वैन आदि) का विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के बाद परिवहन आयुक्त ने सभी आरटीओ-एआरटीओ को निर्देश दिया है कि वे स्कूल वाहनों की मासिक समीक्षा करें। विद्यालय वाहन संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुरक्षा अनिवार्य हो, जिससे प्रदेश के लाखों बच्चों की स्कूली यात्रा सुरक्षित एवं भरोसेमंद बन सके।

पहली से 15 जुलाई तक चले अभियान में प्रदेश में कुल पंजीकृत 67,613 स्कूली वाहनों में से 46,748 वाहनों (69%) की गहन जांच की गई। इसमें कुल 4,089 (8.75%) वाहन सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते पाए गए। 1,768 वाहन ऐसे पाए गए, जिनकी फिटनेस अवधि समाप्त थी, फिर भी नियमित संचालित थे। इन गंभीर उल्लंघनों के कारण 4,438 वाहनों का चालान, 913 वाहन सीज़ तथा 88.52 लाख रुपये की प्रशमन शुल्क वसूली की गई। अभियान के परिणामों की जिला स्तरीय समीक्षा के अनुसार कुछ जिलों ने प्रभावी कार्रवाई की, जिनमें प्रमुख रूप से प्रयागराज, फर्रुखाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर आदि हैं।

मऊ, महराजगंज, देवरिया, हापुड़, सिद्धार्थनगर आदि जिलों में वाहनों की जांच एवं प्रवर्तन की स्थिति कमजोर मिली। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, मंडलायुक्तों (क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में), क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (RTO/ARTO) एवं विद्यालय प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों को वाहन संचालन के संबंध में पत्र जारी किए हैं। परिवहन आयुक्त ने सभी संभागीय परिवहन प्राधिकरण के अध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि बिना परमिट चल रहे निजी वाहनों को तत्काल प्रभाव से सीज़ करें, फिटनेस समाप्त वाहनों का संचालन प्रतिबंधित करें तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा विभाग एवं जिलाधिकारी कार्यालय से समन्वय करें। सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि प्रत्येक जिले में गठित जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति को सक्रिय कर नियमित बैठकें करें। विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की निगरानी करें तथा निजी वाहनों के औपचारिक सम्बद्धीकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करें। परिवहन आयुक्त ने सभी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों (RTO/ARTO) को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के विद्यालयों से सम्बद्ध वाहनों के दस्तावेज़ों, सुरक्षा उपकरणों, चालक एवं परिचर के पुलिस सत्यापन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की मासिक समीक्षा करें। सभी विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से कहा गया है कि अपने विद्यालय से संचालित प्रत्येक वाहन (बस/वैन/ऑटो) की जिम्मेदारी उनकी है। प्रत्येक विद्यालय में "विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति" तत्काल गठित करें। वाहन के दस्तावेज़, चालक सत्यापन, सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच करें। बिना औपचारिक सम्बद्धता एवं परमिट के कोई भी वाहन विद्यालय परिसर से संचालित न हो। ऐसी स्थिति में यदि कोई दुर्घटना या आपराधिक घटना होती है तो विद्यालय प्रबंधन जिम्मेदार होगा। परिवहन आयुक्त ने बताया कि स्कूली वाहनों का संचालन पूर्णतः मोटरयान अधिनियम, 1988, केंद्रीय मोटरयान नियमावली (CMVR) 1989, AIS-063, AIS-125, एवं विशेष रूप से उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली (छब्बीसवां संशोधन), 2019 के कठोर एवं स्पष्ट प्रावधानों के अंतर्गत नियंत्रित किया जाना अनिवार्य है।

> विद्यालय वाहनों के संचालन में नियमों में लापरवाही या अनदेखी स्वीकार नहीं होगी। बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन एवं वाहन संचालक तत्काल इस पर कार्रवाई करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई होगी।
>
> – ब्रजेश नारायण सिंह, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश

### आजाद की जीवन यात्रा राष्ट्रीय स्वाभिमान की अप्रतिम मिशाल : केशव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को अपने कैम्प कार्यालय सात- कालिदास मार्ग पर 'अमर शहीद' चंद्रशेखर आज़ाद जी की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत माता के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद जी का जीवन साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति अदम्य प्रेम की अमिट मिसाल है। जिस क्रांति की मशाल उन्होंने थामी थी, वह आज भी सभी देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक बलवती बनाती है।

नर नाहर,अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जीवन यात्रा राष्ट्रीय स्वाभिमान की अप्रतिम मिशाल है। आज़ाद जी का जीवन हमारी आने वाली पीढ़ियों को साहस, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा की प्रेरणा युगों युगों तक देता रहेगा।

### स्टाम्प पंजीयन मंत्री ने किया नये मुख्यालय भवन का शिलान्यास



**लखनऊ।** प्रदेश के स्टाम्प, न्यायालय शुल्क, एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), रवीन्द्र जायसवाल द्वारा (बुधवार) को ग्राम-हरिहरपुर, शहीद पथ में बनाए जाने वाले विभाग के नए मुख्यालय भवन का भूमि पूजन तथा शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यालय भवन के निर्माण का यह कार्य 113 वर्षों से प्रतीक्षित था। इसके बन जाने से विभागीय कार्यों के निस्पादन में दक्षता और उत्कृष्टता आयेगी। उन्होंने कहा कि इस भवन का निर्माण कार्य एक वर्ष से पहले ही पूरा कर लिया जायेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# फील्ड में निकले अधिकारी और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप करें कार्य : एके शर्मा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में शक्ति भवन, लखनऊ में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, उपभोक्ताओं की शिकायतें, ट्रांसफार्मर की क्षति, ट्रिपिंग तथा मानसून जनित व्यवधानों आदि की समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विद्युत आपूर्ति लगातार की जाए, किसी क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं, बार-बार ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मरों के जलने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सही कराएं। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अधिकारी फील्ड में उतरकर कार्य करें और आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करें।

ऊर्जा मंत्री ने आनलाइन प्रतिभाग कर रहे जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी परफेक्शन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आमजन को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद विद्युत सेवा देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्य में लापरवाही या उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए कि ट्रांसफार्मरों के बार-बार जलने की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे ठीक कराए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार समय से पहले क्षमता वृद्धि (अपग्रेडेशन) की जाए, जिससे ट्रांसफार्मर न जले।



उन्होंने विजिलेंस टीम को निर्देश दिए कि वे केवल वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही कार्रवाई करें, गलत स्थान पर रेटिंग या रिपोर्टिंग करने से जनता में गलत संदेश जाता है, इसलिए ऐसा न करे। ऊर्जा मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु टोल फ्री नंबर, पोर्टल एवं सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ऊर्जा विभाग की छवि को सुधारना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जो अधिकारी फील्ड में नहीं जाएंगे एवं शिकायतों के प्रति असंवेदनशील रहेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को जनता से सीधे संवाद करने, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार रिकॉर्ड स्तर पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक विद्युत आपूर्ति वाला राज्य बन गया है। यह सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों का परिणाम है कि इतने विशाल जनसंख्या को लगातार विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में जो भी मानसून जनित व्यवधान है उनको तत्काल ठीक कराया जाए।बैठक में मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनपदों से अधिकारियों ने वर्चुवली प्रतिभाग किया।

**राजस्व भी बढ़ा** | 2028 तक 70 हजार करोड़ हो जायेगा इस सेक्टर का अर्थव्यवस्था में योगदान

# टूरिज्म सेक्टर बना यूपी की समृद्धि का सारथी

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** टूरिज्म सेक्टर उत्तर प्रदेश की समृद्धि के सारथी की भूमिका में है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुसार ही इस सेक्टर से होने वाला राजस्व भी बढ़ा है। प्रयागराज महाकुंभ में आए 66.30 करोड़ पर्यटकों और इनसे इस सेक्टर को हासिल राजस्व को अपवाद मान लें तो भी उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों, खासकर घरेलू पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक 2023 में उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या करीब 48 करोड़ थी। प्रदेश सरकार के आंकड़ों के मुताबिक इसमें से 28.790 करोड़ पर्यटक का तो सिर्फ अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, और प्रयागराज में आना हुआ। वर्ष 2025 में इन शहरों में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़कर 41.56 करोड़ हो गई। प्रयागराज महाकुंभ में 66.30 करोड़ पर्यटकों के आने और उनके उलट प्रवाह के नाते 2025 का रिकॉर्ड ब्रेक होना तय है। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2028 तक पर्यटकों की संख्या बढ़कर 80 करोड़ तक पहुंच सकती है।

पर्यटन के लिहाज से वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, नैमिष, गोरखपुर, मीरजापुर स्थित विंध्यधाम नए केंद्र बनकर उभरे हैं। केंद्र सरकार ने देश के जिन 100 शहरों को संभावना वाले शहरों में शामिल किया है उनमें उत्तर प्रदेश के चार शहरों में काशी और अयोध्या भी हैं। इनके अलावा बाकी दो शहरों में प्रदेश की राजधानी लखनऊ और कानपुर हैं। इन सबके विकास पर डबल इंजन (मोदी एवं योगी) की सरकार का खास फोकस भी है। ये सारे शहर वैश्विक स्तर की कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। योगी सरकार धार्मिक स्थलों की कनेक्टविटी को और बेहतर बनाने का लगातार प्रयास कर रही है। चंद रोज पहले वाराणसी और चंदौली के दो दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक्सप्रेसवे के संबंध में की गई घोषणाएं इसका प्रमाण हैं। चंदौली की एक जनसभा में उन्होंने कहा था कि चंदौली और सोनभद्र भी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगे। उल्लेखनीय है कि अरबों वर्षों की पुरानी फासिल्स और प्राकृतिक सुंदरता वाले सोनभद्र को सरकार पहले ही यूपी का स्विट्ज़रलैंड बनाने की घोषणा कर चुकी है। इसमें यह कनेक्टिविटी मील का पत्थर साबित हो सकती है। इसी क्रम में उन्होंने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे को भी मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली और गाजीपुर तक विस्तारित करने की घोषणा की। साथ ही यह भी कहा कि काशी को कोलकाता से जोड़ने वाला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे भी चंदौली से जुड़ेगा। बेहतर कनेक्टिविटी के साथ प्रदेश सरकार पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के अनुसार बुनियादी सुविधाएं भी विकसित कर रही है। नियोजित विकास और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए सरकार ने तीर्थ विकास परिषदों का गठन कर रखा है। कॉरिडोर्स, प्रमुख मेलों का प्रांतीयकरण, अलग-अलग क्षेत्रों के लिए बने सर्किट का भी यही मकसद है। कुल मिलाकर आने वाले समय में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार दुनिया का पर्यटन हब बनेगा। देश का तो बन ही चुका है। पिछले कुछ वर्षों से घरेलू पर्यटकों के लिहाज से देश में पहले पायदान पर बने रहना इसका सबूत है। अयोध्या को लेकर बार-बार मुख्यमंत्री कह भी चुके हैं कि वह इसे धार्मिक पर्यटन के लिहाज से दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बनाना चाहते हैं। इसी मंशा से वहां काम भी हो रहे हैं। पर्यटकों की संख्या के हिसाब से अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान भी बढ़ेगा। मसलन महाकुंभ में आए पर्यटकों के नाते अर्थव्यवस्था में तीन लाख करोड़ से अधिक का योगदान मिला। आंकड़ों के मुताबिक 2016-2017 में टूरिज्म सेक्टर का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान करीब 11 हजार करोड़ रुपये का था।


## कार्यालय नगर पंचायत ठिरिया निजावत खॉ बरेली

पत्रांकः 264/न०पं०ठि०नि०खॉ०/2025-26 | दिनांक :- 23/07/2025

### ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत ठिरिया निजावत खॉ द्वारा 15वें वित आयोग की टाईड ग्रान्ट की प्रथम व द्वितीय किशत के अन्तर्गत शासन के पत्र सं0- 8/5974/320(3)/15वां वि०आ०/2023-24 दिनांक 27 मार्च, 2025 व जिला मजिस्ट्रेट के पत्र सं0-588/तेईस-न०पा० सहा०-2025 दिनांक 27 जून, 2025 को प्रशासनिक / वित्तीय स्वीकृति उपरान्त प्राप्त धनराशि से निम्न विवरणानुसार ठेकेदारों से ई-निविदा सूबना बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा की शर्तों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| टेन्डर | प्रारम्भ दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Release | 24-07-2025 | 11:00AM |
| Tender Dowanload | 24-07-2025 | 11:05AM |
| Bid Submission start | 24-07-2025 | 12:00PM |
| Close For Bid | 13-08-2025 | 13:00PM |
| Bid Opening | 13-08-2025 | 15:00PM |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, शर्त www.etender.up.nic.in देखें व डाउनलोड किये जासकते है। जहां पर उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
न0पं0ठिरिया निजावत खां
बरेली

**अध्यक्ष**
न0पं0ठिरिया निजावत खां
बरेली

# देश भर में बिखरेगा राजधानी की अनुराधा के सुरों का जादू

**राम दशरथ यादव**

**लखनऊ।** अनुराधा जिसका मतलब ही होता है तेज चमक वाला नक्षत्र। इसके अलावा यह नाम कितना शुभ और मंगलकारी होता है यह भी किसी से छिपा नहीं है। अनुराधा बेटियों के नाम होते हैं और नाम का एक अर्थ राधा जी का अनुसरण करने वाली भी होता हैं। एक अनुराधा का जन्म राजधानी के गोसाईगंज कस्बे में भी हुआ जिसमें सभी लक्षण विद्यमान हैं। अनुराधा की चमक अब दूरदर्शन पर बिखरने को तैयार है जिसे पूरा देश देखेगा।



अवधी लोक संगीत की मशहूर गायिका अनुराधा यादव 26 और 27 जुलाई को दूरदर्शन पर लोक रंग सुरों के संग कार्यक्रम में रात नौ से दस बजे तक प्रस्तुति देंगी। दूरदर्शन के मंच तक पहुंचने से एक तरफ जहां अनुराधा काफी उत्साहित हैं वहीं पर गोसाईगंज के लोग बेटी की सफलता पर गदगद हैं। नाम के अनुसार ही गुणों वाली अनुराधा गोसाईगंज के मातन टोला मोहल्ले में रहने वाले बच्चा लाल यादव की बेटी हैं जो देवेन्द्र कुमार यादव के साथ 2014 में वैवाहित बंधन में बंधने के बाद लखनऊ शहर के बिराजखंड गोमती नगर में रह रही है।

पढ़ाई के समय से ही अनुराधा का संगीत से काफी लगाव रहा। स्कूलों के सांस्कृतिक मंचों पर तालियां बटोरने वाली अनुराधा ने वर्ष 2007 में संगीत विद्यालय भातखंडे में पैर रखा और 2009 में शिक्षा पूरी की। गायन की कला में पारंगत अनुराधा को वर्ष 2012 में पहली बार आकाशवाणी में गाने का मौका मिला तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। इसी वर्ष सुगम संगीत परीक्षा में उनके स्वर को प्रसारण के उपयुक्त पाया गया। आकाशवाणी पर कई प्रस्तुतियों के साथ ही लखनऊ महोत्सव, इलाहाबाद, अयोध्या, देवा शरीफ सहित कई स्थानों पर सांस्कृतिक मंचों पर अनुराधा ने खूब वाहवाही लूटी। अनुराधा अब दूरदर्शन पर अपनी आवाज का जादू बिखेरने को तैयार हैं। दूरदर्शन के कार्यक्रम में शनिवार और रविवार को रात नौ से दस बजे के मध्य अनुराधा अपनी प्रस्तुति देंगी। गोसाईगंज की अनुराधा राम और कृष्ण की भक्ति में डूबी रहती हैं। उन्होंने ज्यादातर भजन श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही गाया है। भक्ति और जन्मभूमि से लगाव के चलते अनुराधा हर वर्ष गोसाईगंज में होने वाली श्रीराम कथा में शामिल होती हैं और कथा के पूर्व भजन प्रस्तुत करती हैं। दूरदर्शन पर होने वाली अनुराधा की प्रस्तुति की खबर से गोसाईगंज में खुशी है। इसके पहले भी अनुराधा दूरदर्शन पर सामूहिक प्रस्तुति दे चुकी हैं लेकिन यह पहला मौका है जब वह अपनी प्रस्तुति अकेले देंगी। अनुराधा यादव ने कहा कि माता पिता और गुरुजनों के साथ ही सभी अपनों के आशीर्वाद से इस मुकाम पर पहुंची हूं। वह दूरदर्शन के अधिशासी आत्म प्रकाश मिश्रा, ध्रुवचंद, संजय और शेखर के प्रति आभार व्यक्त करते नहीं थकती। अनुराधा ने कहा कि पारंपरिक अवधि गीतों की प्रस्तुति से आशीर्वाद की कामना करती हूं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तुति मेरे लिए गर्व की बात है। फिलहाल गोसाईगंज की बेटी अनुराधा यादव की प्रस्तुति से उनकी सुरीली आवाज का जादू देश भर में फैलेगा और यह कार्यक्रम अवधी संगीत की समृद्ध परंपरा को ही नहीं बल्कि राजधानी और गोसाईगंज के नाम को भी ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## एक नजर

### 8 अगस्त तक पीएनबी ने ग्राहकों से केवाईसी पूरी करने का किया आग्रह

**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) दिशानिर्देशों के अनुपालन में, सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने ग्राहकों से 08.08.2025 तक "अपने ग्राहक को जानें"(केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए आग्रह किया है ताकि उनके खातों का सुचारू कामकाज सुनिश्चित हो सके। यह केवल उन ग्राहकों के लिए लागू है जिनके खातों में 30.06.2025 तक केवाईसी अद्यतन होना शेष है। केवाईसी अनुपालन अभ्यास के हिस्से के रूप में, पीएनबी ग्राहकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी अद्यतन जानकारी जैसे पहचान प्रमाण, पता प्रमाण, नवीनतम फोटो, पैन/फॉर्म 60, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध नहीं है) या कोई अन्य केवाईसी जानकारी किसी भी शाखा को प्रदान करें। यह 08.08.2025 तक पीएनबी वन, इंटरनेट बैंकिंग सर्विसेज (आईबीएस) या पंजीकृत ईमेल/पोस्ट के माध्यम से भी उनकी आधार शाखा में किया जा सकता है। निर्धारित समय के भीतर केवाईसी विवरण अद्यतन करने में विफलता के परिणामस्वरूप खाता संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है।किसी भी सहायता के लिए ग्राहक अपनी नजदीकी पीएनबी शाखा में जा सकते हैं या आधिकारिक वेबसाइट https://www.pnbindia.in/ देख सकते हैं। चेतावनी: कृपया अपना केवाईसी अद्यतन करने के लिए किसी भी असत्यापित स्रोत से प्राप्त किसी भी लिंक/फाइल पर क्लिक/डाउनलोड नहीं करें।

### 15 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में आज 23 जुलाई 2025 को हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड के 15 अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार प्रदान किया गया। इस अवसर पर हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के रीजनल हेड अनुराग सिंह ठाकुर एवं ट्रेनिंग मैनेजर विभु सिंह भी उपस्थित रहे।संस्थान के प्रधानाचार्य ने चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र कंपनी में ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रशिक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनुदेशक वैभव सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की प्रशिक्षण व प्लेसमेंट गतिविधियाँ आयोजित करने की बात कही।इस अवसर पर एम.ए. खाँ, ट्रेनिंग, काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर ने जानकारी दी कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को प्रत्येक माह 12,000 रुपये का वेतन दिया जायेगा।

### दो दिन में दो गांवों में लगातार चोरों ने चोरी करके पुलिस की सक्रियता का उड़ाया मख़ौल

**काकोरी।** काकोरी में देर रात अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर लाखों के जेवरात समेत हजारों की नकदी चोरी कर फरार हो गए। काकोरी के पानखेड़ा निवासी नीरज ने बताया कि चोरों ने घर मे रखे 25 हजार नगद रुपए व लाखों के जेवरात चोर चुरा ले गए और हम लोगों को इसकी भनक तक नही लगी। सुबह उठा तो देखा कि घर के कमरे का सामान बिखरा हुआ है अंदर जाकर देखा तब चोरी होने की जानकारी हुई। घुरघुरी तालाब चौकी में बीते 48 घंटो में दो गांवों में तीन घरों में चोरों ने चोरी करके पुलिस की सक्रियता का उपहास उड़ाते हुए चोरी को अंजाम दिया है।

# सरोजनीनगर के बारह प्राथमिक विद्यालय दूसरे विद्यालयों में किये गए समायोजित

**विश्राम प्रजापति**

**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके के बारह विद्द्यालय दूसरे विद्द्यालयों मे बच्चों को संख्या कम के चलते समायोजित किया गया है। इन समायोजित बंद विद्द्यालयों मे कोई दूसरे विभाग की योजना जैसे आंगनबाड़ी या फिर अन्य कोई भी संस्था को संचालित किया जायेगा।

मालूम हो की सरोजनी नगर मे पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्द्यालयों मे कुल 193 विद्द्यालय संचालित है। जिनमे पूर्व माध्यमिक विद्द्यालय 59,प्राथमिक विद्द्यालय 114 और कोपोजिट विद्यालय 20 सहित कुल 193 विद्द्यालय बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित है। इन संचालित विद्द्यालयों मे प्राथमिक विद्द्यालयों 114 विद्द्यालयों मे करीब बारह विद्द्यालय दूसरे पास के विद्द्यालयों मे समायोजित यानि की मार्जर किये गए है। जिनमे सरोजनी नगर की गरस्म पंचायतो मे संचालित विद्द्यालयों मे पिपरसंड का मजरा पाल खेड़ा मे संचालित विद्द्यालय को मुख्य विद्द्यालय पिपरसंड मे, इसके अलावा दूसरा मजरा रूप खेड़ा के विद्द्यालय को भी पिपरसंड मे शामिल किया गया है। वही पिपरसंड के ही मजरा रानीपुर विद्द्यालय को औरवा मे शामिल किया गया है. इसके अलावा भटगांव का मजरा बादखेडा विद्द्यालय को हसनखेड़ा मे मर्ज किया गया है। वही बचान खेड़ा विद्द्यालय को दरिया पुर, बेहटा क्षेत्र के दुलागंज विद्द्यालय को उदयत खेड़ा मे शामिल किया गया है। वही चकौली का मजरा अंदपुर उमराव को खुर्रमपुर विद्द्यालय मे समायोजित किया गया है सहित प्राथमिक विद्द्यालयो मे बारह विद्द्यालयो को दूसरे विद्द्यालयों मे सम्मिलित किया गया है। जबकि नियमानुसार यह विद्द्यालय पूर्व विद्द्यालय की अपेक्षा दूर स्थापित है। जहाँ से बच्चों को दूसरे स्कूल तक जाना मुश्किल होगा। जिसका शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा विरोध भी किया गया और कोर्ट मे याचिका भी डाली गई। जिसमे सरकार प्रति इस आदेश को सही ठहराया गया है। अब मामला होता क्या है इसका तो समय ही बतायेगा की इन्हे क्या किया जाय।

# हर वाटिका को हरियाली से भरपूर बनाना जरूरी

## मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आज सौमित्र वन, भीखमपुर व झूलेलाल वाटिका का किया औचक निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आज सौमित्र वन, भीखमपुर व झूलेलाल वाटिका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सौमित्र वन के साइड में खाली पड़े भूमि पर मिट्टी फीलिंग कराकर पाथवे व पौधारोपण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे संपूर्ण एरिया में एकरूपता आ सके। उन्होंने कहा कि सौमित्र वन में कैफेट एरिया, प्ले किट एरिया व ओपन जिम के भी कार्य प्राथमिकता पर करा लिया जाए।



मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सौमित्र वन में उक्त स्थान पर प्रचार-प्रसार के लिए डिस्प्ले बोर्ड भी स्थापित किया जाए,जिससे रेवेन्यू जनरेट हो सके। एलडीए द्वारा भीखमपुर में वृक्षारोपण कार्य कराकर वॉक-वे भी बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे आम जनमानस इसकी उपयोगिता कर सकें। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से नगर निगम द्वारा शक्ति वन में भी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में मंडलायुक्त ने झूलेलाल वाटिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उक्त स्थान पर बेंच,पाथवे,लाइटिंग, रैंप एवं पौधारोपण आदि कार्य कराने को लेकर कार्य योजना बनाने के लिये निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोमती रिवर फ्रंट का स्टडी कराकर सम्पूर्ण क्षेत्र का ड्रोन सर्वे कार्य भी पूर्ण कराले। इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (उपाध्यक्ष) श्री प्रथमेश कुमार, मुख्य अभियंता श्री नवनीत शर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


### मण्डलायुक्त ने की सिविल कार्यों व शहर की साफ-सफाई की समीक्षा बैठक संपन्न



**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में नगर निगम के तहत कराए जा रहे सिविल कार्यों व शहर की साफ-सफाई की समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय कक्ष में आहूत हुई। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मण्डलायुक्त ने नगर निगम के तहत चल रहे रूटीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सड़क सुधार, जल निकासी, सीवरेज, हरित क्षेत्र विकास, यातायात सुधार, और अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सड़को व नालियों के निर्माणधीन कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया। सीएम ग्रिड योजना फेज 1 की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सात सड़को का कार्य निर्माणधीन है जो कि जनवरी माह 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। उक्त के पश्चात मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की गहनता पूर्वक समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि खरगापुर व कुड़िया घाट में निर्माणधीन कार्यों की गुणवत्ता व मानक को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें और समय-समय पर समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए एक विशेष टीम गठित की जाए जो समय-समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि सिविल कार्यों की टेंडरिंग बिना विलम्ब किये हुए कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पम्पिंग स्टेशन की क्रियाशीलता और चेम्बर की सफाई कराते रहे। जिससे चेम्बर चोक न हो और जलभराव की समस्या न उत्पन्न होने पाए। उक्त के पश्चात मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो की साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व रोड स्वीपिंग प्राथमिकता पर कराते रहे। रोड स्वीपिंग का कार्य प्रातः 5 बजे से 9 बजे तक नियमित रूप से होना चाहिए।

# आधुनिक इलाज के लिए शोध जरूरी : ब्रजेश पाठक

## सीबीएमआर के 19वें वार्षिकोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रखे विचार





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** रोगियों को आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए शोध जरूरी है। नई दवाएं, इम्प्लांट व तकनीक की खोज आवश्यक है। इसमें सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) अहम भूमिका अदा कर रहा है। यह कहना है डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। पीजीआई के श्रुति सभागार में सीबीएमआर के 19वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सीबीएमआर मानव स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए तत्पर उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत अनुसंधान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार का एक उत्कृष्ट केंद्र है। यह भारत में राज्य सरकार द्वारा स्थापित एकमात्र संस्थान है, जो रोगियों की समस्याओं के लिए डॉक्टरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहा है।

सीबीएमआर में होने वाले शोध को भारत एवं विश्व पटल पर पहचान मिली है। रोगियों को आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए बीते कई वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में संस्थान में कई नीतिगत निर्णय लिए गए। जिससे संस्थान में खासा बदलाव देखने को मिला है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि सीबीएमआर को नेशनल ट्रांसलेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में स्थापित करने की तैयारी है। भारत एवं उत्तर प्रदेश की प्राथमिकताओं के मद्देनजर सीबीएमआर में पांच विभागों तथा इनक्यूबेशन सेंटर का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि पेटेंट को बढ़ावा दें। इसके लिए अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं से समझौता करें।

सीबीएमआर के निदेशक डॉ. आलोक ने कहा कि नए शोध को बढ़ावा देने के लिए अहम कदम उठाए गए हैं। नए विभागों का गठन किया गया है। इसमें अमेरिका, जर्मनी और स्वीडन के प्रतिष्ठित संस्थानों से आठ वैज्ञानिकों का चयन हुआ है। साथ ही आंतरिक अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से ट्रांसलेशन अनुसंधान को बढ़ावा मिला।

इस प्रयास के फलस्वरुप कई ट्रांसलेशन परियोजनाएं प्रारंभ हुई जिससे पेटेंट और प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है। साथ ही अनेक शोध पत्र ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर प्रकाशित हुए। उच्च गुणवत्ता वाले अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 200 से अधिक शोध पत्र विगत 3 वर्षों में प्रकाशित हुए। इसके फलस्वरुप वर्ष 2024-25 में सीबीएमआर भारत में एक मात्र राज्य सरकारी संस्थान है जिसे विश्व में शीर्ष 200 संस्थानों में स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग विश्व के सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रिका नेचर इंडक्स द्वारा विभिन्न देशों के संस्थानों को दी गई है। उन्होंने बताया कि बीते तीन वर्षों में 14 पेटेंट दाखिल हुए। चार पेटेंट स्वीकृत हुए।

### व्यवसायीकरण की दिशा में हो रहा काम

डिप्टी सीएम ने बताया कि व्यवसायीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। साथ ही एक टेक्नोलॉजी जिसको आईआईटी बॉम्बे के साथ विकसित किया गया है। टेक्नोलॉजी के व्यवसायीकरण के लिए सीबीएमआर ने भारत सरकार के उपक्रम नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट काउंसिल के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है।

कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजीव मिश्र, कानपुर आईआईटी के डॉ. आशुतोष वर्मा, केंद्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक, डॉ. अमिताभ मिश्र, सीबीएमआरआई के डीन डॉ. नीरज सिन्हा, रायबरेली एम्स की डॉ. अर्चना वर्मा, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह मौजूद रहे।

# एम्स रायबरेली व लोहिया संस्थान से हुआ शोध समझौता

- सीबीएमआर ने मनाया 19वां स्थापना दिवस, छह वैज्ञानिक सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** केंद्र जैवचिकित्सा अनुसंधान (सीबीएमआर) ने मंगलवार को अपने 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक नवाचार और सहयोग की दिशा में कई अहम पहल की। इस अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान, एम्स रायबरेली, केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद और एमिटी विश्वविद्यालय लखनऊ के साथ सहयोग समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि "सीबीएमआर प्रदेश का गौरव है, जो न्यूरोइमेजिंग, बायोमार्कर खोज और ट्रांसलेशनल मेडिसिन में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।" उन्होंने संस्थान को संरचना विस्तार और वैज्ञानिक संसाधन बढ़ाने का आश्वासन दिया। निदेशक प्रो. आलोक धवन ने वर्षभर की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और क्यू-लाइन बायोटेक प्रा. लि. के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (ईओआई) की घोषणा की। इस अवसर पर "सीबीएमआर रिसर्च पब्लिकेशन अवार्ड" से छह वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गयाः डॉ. अरुण कुमार तिवारी डॉ. पूजा शर्मा डॉ. अवनीश कुमार डॉ. नवनीत कुमार डॉ. नूतन पांडेय डॉ. रोहित मिश्रा इन शोधकर्ताओं ने न्यूरोबायोलॉजी, मेटाबोलिक डिसऑर्डर और कैंसर बायोलॉजी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण शोध प्रकाशित किए हैं।



विशिष्ट व्याख्यान सी.एल. खेतरपाल स्मृति व्याख्यान के रूप में प्रो. अशुतोष शर्मा (पूर्व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव, भारत सरकार) ने दिया। उन्होंने नैनोटेक्नोलॉजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में संभावित परिवर्तन पर विचार रखे और युवाओं को अनुशासन-पार शोध के लिए प्रेरित किया। डीन प्रो. नीरज सिन्हा ने समापन में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में देशभर के लगभग 300 शोधार्थियों और शिक्षाविदों की भागीदारी रही।

# भारत रक्षा मंच की बैठक का आयोजन

**लखनऊ।** भारत रक्षा मंच की बैठक का आयोजन कमिश्नरी अधिवक्ता कक्ष संख्या 202 में प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रमेश प्रसाद अवस्थी की अध्यक्षता में किया गया इस बैठक में अधिवक्ता मदन गोपाल मिश्रा, ज्ञान सागर अवस्थी एडवोकेट एवम् आ र ए स ए स, सुधाकर द्विवेदी जी के साथ श्रीमती सविता पाण्डेय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नरी के अधिवक्ता कक्ष संख्या 202 में भारत रक्षा मंच की अग्रिम कार्यवाही पर चर्चा की गई।



इस बैठक में संगठन की अग्रिम कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई आगामी कार्यक्रम कारगिल दिवस के आयोजन को लेकर तैयारी की गई एवं विभाजन विभीषिका दिवस की पूर्ण संध्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया बैठक का उद्देश्य संगठन की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन उनकी योग्यता एवं उनके कार्यों के आधार पर किस प्रकार करना है एवं संगठन के विस्तार के लिए कुछ नए नाम को शामिल करने पर विचार किया गया महिला मंच की संगठन मंत्री द्वारा नए नाम की लिस्ट प्रदेश अध्यक्ष को प्रस्तुत की गई परम आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष हमेशा संगठन में सभी कार्यकर्ताओं को अपना मार्गदर्शन एवं स्नेह आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

# कान्हा गौशालाओं को अब समाज का संरक्षण भी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कान्हा गौशालाओं के बेहतर संचालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नगर विकास विभाग ने एक महत्त्वपूर्ण पहल शुरू की है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में सभी नगर निगमों के नगर आयुक्तों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी-अपनी कान्हा गौशालाओं का भौतिक निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट नगरीय निकाय निदेशालय को उपलब्ध कराएं।

निरीक्षण रिपोर्ट में संरक्षित गौवंशों की संख्या, चारा-पानी की उपलब्धता, जल निकासी, ईयर टैगिंग, टीकाकरण, चिकित्सा सुविधा, कर्मचारियों की उपस्थिति, सीसीटीवी निगरानी, अपशिष्ट निस्तारण और शेड की दशा जैसी सभी महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ शामिल होंगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज की भागीदारी बढ़ाकर गौशालाओं के संचालन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सतत बनाया जाएगा। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट किया कि कान्हा गौशालाओं को 'गोद लेने' की व्यवस्था से निजी संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय गौप्रेमियों को जोड़ा जाए। इससे एक ओर गौवंश संरक्षण की परंपरा को मजबूती मिलेगी, तो दूसरी ओर संचालन में मानवीय संवेदना और गुणवत्ता का समावेश होगा। नगर निकायों को निर्देशित किया गया है कि इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। समाचार पत्रों, सूचना पट्टों, वेबसाइट, सोशल मीडिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्थानीय लोगों को जोड़ने के प्रयास हों, ताकि गौ सेवा केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर एक जनसहभागिता आधारित स्थायी मॉडल बन सके। इस नयी व्यवस्था से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश सरकार गौसेवा को केवल दायित्व नहीं, बल्कि संस्कृति और समाज के प्रति प्रतिबद्धता मानकर काम कर रही है।

### युवती को झांसा देकर कार बिठाया, फिर छेड़छाड़ की शुरू

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में कार सवार परिचित युवक ने एक युवती को उसकी कोचिंग तक छोड़ने का झांसा देकर कार में बिठा लिया और कुछ दूर चलने के बाद रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे रास्ते में उतार दिया। जिसके बाद डरी सहमी युवती तुरंत वापस घर पहुंची और अपने परिजनों को मामले से अवगत कराया। बाद में परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले आर्मी से रिटायर्ड फौजी के मुताबिक उसकी 20 वर्षीया बेटी सरकारी नौकरी के लिए बंथरा में कोचिंग पढ़ती है। रिटायर्ड सैन्यकर्मी का कहना है कि उसकी बेटी मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे घर से कोचिंग के लिए जा रही थी। तभी घर से थोड़ी दूर कानपुर रोड पर पहुंचते ही सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर कॉलोनी निवासी परिचित टीके सिंह मिला।

### महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन की कार्य शैली और योजनाओं तथा संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। जिसमें महिला प्रकोष्ठ विधानसभा प्रभारी हेमलता सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नीरू तिवारी, संगठन मंत्री प्रेम लता श्रीवास्तव, सुनीता जायसवाल तथा अन्य पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। बैठक के दौरान राष्ट्रीय छात्र किसान संगठन की राष्ट्रीय महासचिव सुमन राजपूत, नीतू पाण्डेय एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, महिला मोर्चा महामंत्री पूजा सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कुमार हजेला एवं विधानसभा संगठन मंत्री सरदार हरजीत सिंह और कार्यालय प्रभारी राज कुमार मौर्य भी मौजूद रहे।

## बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट कॉलेज मोती नगर की इल्मा को मिला उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान का पुरस्कार

# संस्कृत संस्थान की प्रतियोगिताओं में बेटियां रहीं अव्वल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार एवं शास्त्रीय अध्ययन को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2023 से कक्षा 6 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक विद्यार्थियों के लिए त्रिस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। सभी प्रतियोगिताएं मौखिक आयोजित होती हैं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के ज्ञान, स्मृति, भाषा कौशल एवं शास्त्र विषयक समझ का मूल्यांकन किया जाता है। जनपद स्तर पर आयोजित इस संस्कृत प्रतिभा खोज में दो प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, पहली संस्कृत गीत प्रतियोगिता जिसमें लखनऊ जनपद के लगभग 95 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और दूसरी



संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जिसमें पूरे जनपद के लगभग 70 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम की संयोजक सुश्री मंतशा जहाँ थीं।संस्कृत गीत प्रतियोगिता के निर्णायक आशा श्रीवास्तव एवं ग़जाला थीं तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के निर्णायक सरिता एवं रमेश चंद्र नैलवाल थे। कार्यक्रम का संचालन जगदानंद झा एवं अनिल द्वारा किया गया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में बालिका विद्यालय की छात्रा कुमारी इल्मा प्रथम स्थान पर रही जिनको पुरस्कार से सम्मानित किया गया।अब वह मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेगी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बालिका विद्यालय की छात्राओं कक्षा 10 की सुमन कनौजिया, कक्षा 11 की आराधना निषाद एवं अफरोज ने प्रतिभाग किया और उनको प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इन छात्राओं ने नोडल शिक्षिका रितु सिंह तथा उनके साथ रागिनी यादव एवं प्रतिभा रानी के निर्देशन में तैयारी की। विद्यालय के प्रबंधक मनमोहन तिवारी एवं प्रधानाचार्य डॉ लीना मिश्र ने सभी छात्राओं एवं उनकी शिक्षिकाओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### महिला के साथ मनचले युवक ने की मारपीट

**बरेली।** पति के साथ मित्रता कर शराब के नशे में महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास करने वाले ने विरोध करने पर महिला के साथ जमकर मारपीट की घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदौसी निवासी महावीर की 40 वर्षीय पत्नी सुनीता को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसने बताया कि उसका पति एक कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में वाहन चालक है और वह खुद घरों में काम करती है लगभग 1 साल पहले उसके पति महावीर से पालू नाम के एक व्यक्ति की दोस्ती हो गई पालू अक्सर उसके पति के पास घर पर आता था और उसके पति को शराब पिलाता था और जब उसका पति नशे में हो जाता था तो वह मौका पाकर सुनीता के साथ छेड़छाड़ की कोशिश करता था उसने सुनीता के सोने की चेन और कुंडल भी अपने कब्जे में ले लिए और भरोसा दिलाया कि वह उसके पूरे परिवार का पालन पोषण करेगा लगभग 6 महीने से पालू लगातार सुनीता के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश करता रहा लेकिन सुनीता ने उसे कोई अवसर नहीं दिया और अपने जेवर वापस देने को कहा लेकिन उसने उसे जेवर वापस नहीं किये और आज जब सुनीता ने उसका विरोध किया तो पालू ने उसके साथ जमकर मारपीट की। स्थानीय लोगों ने उसे बचाया घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद सुनीता को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज कर पालू को गिरफ्तार करने को शुरू कर दी।

### सड़क दुर्घटना में तीन कावड़िये घायल

**बरेली।** मंदिर में जल अभिषेक करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे तीन कांवरिये रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी टिंकू उसके बेटे आयुष और गांव के रहने वाले रवि पुत्र राकेश आज सुबह सिरौली के गांव लभारी के पास भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिला अस्पताल पहुंचे आयुष ने बताया कि वह अपने पिता टिंकू और गांव के ही रहने वाले रवि के साथ गंगाजल लेने के लिए कछला घाट गया था, जहां से आज सुबह तीनों लोग एक मोटरसाइकिल पर जल अभिषेक करने के लिए गुलडिया गौरी शंकर मंदिर पहुंचे जहां जल अभिषेक करने के पास तीनों अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लभारी गांव के पास पीछे से आए किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे उनकी बाइक सड़क किनारे खाई में गिर गई और टक्कर मारने वाला वा हन फरार हो गया घरवालों ने गंभीर रूप से घायल टिंकू और रवि को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेज कर घायल आयुष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### छात्रों ने पौधे गोद लेकर निभाई जिम्मेदारी

**बरेली।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द शौर्य सोशल वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से विद्या वर्ल्ड स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों को गोद लिया और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं ली। कार्यक्रम के तहत छात्रों को उनकी कक्षा के अनुसार पौधों पर नेमप्लेट के साथ नाम अंकित कर पौधे सौंपे गए। सोसाइटी की सचिव डॉ. बिंदिया सक्सेना ने बताया कि वृक्षारोपण सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण को संरक्षित करने की एक अनिवार्य आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्ष लगाना बेहद जरूरी है। डॉ. बिंदिया ने बताया कि संस्था अब तक 525 से अधिक पौधों को गोद दिलवा चुकी है, जिनकी नियमित देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों द्वारा निभाई जा रही है। इस प्रयास का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है, बल्कि भावी पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना भी है। कार्यक्रम में सोसाइटी के अध्यक्ष सरताज बहादुर, डॉ. हरवेंद्र, डॉ. सौरभ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्कूल के प्राचार्य योहान कवर, शिक्षक विपिन भास्कर, अंकुर सक्सेना सहित सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

### समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को सौंपा। व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बिलसंडा नगर इकाई के अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बीसलपुर मार्ग पर लगने वाली अस्थाई सब्जी मंडी से आवागमन अवरुद्ध होता है। अस्थाई सब्जी मंडी को मुख्य मार्ग से हटाकर किसी अन्य जगह पर लगवाने, श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की खाली पड़ी भूमि को लीज पर आवंटित करने की मांग की है। व्यापारियों ने घनश्यामपुर में लगने वाली मीना बाजार से नगर का व्यापार प्रभावित हो रहा है अर्थात मीना बाजार को बंद कराने की मांग भी की। इसके अलावा कई अन्य समस्याओं का समाधान कराने की मांग ज्ञापन में शामिल है। इस दौरान विक्रम नरेश जयसवाल, राजेश गुप्ता चच्चा, धीरज जायसवाल, संदीप राठौर, विष्णु गोस्वामी, राम दरश दीक्षित, धर्मेंद्र पांडे, अरविंद शुक्ला, मुनीष त्रिवेदी, सतीश अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# मुस्लिम युवक ने हिंदू बन कर युवती को फंसाया, जिस्मफरोशी में धकेला

## राजवीर बनकर बख्तावर ने अपने प्रेमजाल में फंसाया, मांग भरकर बोला– आज से तुम मेरी पत्नी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** एक मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर हिंदू युवती को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फंसाया, और उसकी मांग भरी। बाद में धर्मांतरण कराकर उसे जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल दिया। कोलकाता निवासी युवती ने बताया कि उसके परिवार में कोई भी नहीं है। जिस वजह से वह काम की तलाश में उत्तराखंड के रुद्रपुर आई थी। यहां कुछ समय एक कंपनी में जॉब की। एक साल पहले जब वह रुद्रपुर आई तभी इंस्टाग्राम पर उसकी बातचीत एक युवक से होने लगी। उसने बताया कि उसका नाम राजवीर है और वह हिंदू है। उसने कहा कि वह उससे बहुत मोहब्बत करता है। युवती ने उस पर भरोसा किया। जिसके बाद उसने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए। जब उसने शादी की बात की तो उसने मांग भर दी और कहा, आज से तुम मेरी पत्नी हो गईं। 9 महीने पहले बख्तावर उसे बहेड़ी थाना क्षेत्र के मंडनपुर शुमाली गांव ले गया। तब उसे पता चला कि जिसे वह हिंदू समझ रही थी, वह मुसलमान है। युवती ने पुलिस को बताया कि यूपी के बरेली में कोलकाता की युवती का धर्मांतरण कराया गया। उसे जबरन गौमांस खिलाया गया। कई अन्य मुस्लिम लड़कों से उसका रेप कराया गया। उससे देह व्यापार कराया गया। जिहादी बख्तावर ने युवती को हिंदू बनकर अपने प्रेमजाल में फंसाया। फिर उसके साथ दरिंदगी की गई। आरोपी के तार छांगुर बाबा गैंग से जुड़े बताए जा रहे हैं। मामले की पुलिस से शिकायत की गई है।

पीड़िता की तहरीर पर बहेड़ी थाने में आरोपियों के खिलाफ जबरन धर्मांतरण, गौमांस खिलाने, लव जिहाद, रेप, मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं आरोपी का पूरा परिवार घर पर ताला डालकर फरार हो गया है। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश प्रचारक राजकमल सिंह ने आरोपी के संबंध छांगुर बाबा से जुड़े बताए हैं। उनका कहना है कि आरोपी को पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करे, ताकि और भी खुलासे हो सकें। उन्होंने कहा कि हो सकता है आरोपी ने हिंदू बनकर और भी लड़कियों को फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया हो।

### नर्सिंग की छात्रा से दूसरे समुदाय के युवक ने की छेड़खानी

**भोजीपुरा।** मेडिकल कालेज में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा को समुदाय विशेष के मनचले युवक ने छात्रा के साथ छेड़खानी की। छात्रा ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा मेडिकल कालेज भोजीपुरा में नर्सिंग की छात्रा है।वह कल मंगलवार को नर्सिंग कालेज से छुट्टी के बाद घर पर जा रही थी।तभी सांय चार बजे रास्ते में समुदाय विशेष के मनचले युवक ने छात्रा के साथ छेड़खानी कर दी। छात्रा ने शोर मचाया तो युवक भाग गया। छात्रा ने मोबाइल फोन से काल करके अपने परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर छात्रा के परिजन आ गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने आरोपी का नाम अहसान अली निवासी घंघोरा घंघोरी थाना भोजीपुरा बताया छात्रा के पिता ने कल शाम को घटना की तहरीर भोजीपुरा पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अहसान अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# कैबिनेट मंत्री ने बाढ़ निरोधक कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण



विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में सिंचाई एवं जल संसाधन तथा बाढ़ नियत्रंण की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील ग्रामों, तटबंध एवं सिंचाई संरचनाओं की सुरक्षा हेतु 29 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

कबीना मंत्री ने देवहा नदी के किनारे स्थित ग्राम मथुडांडी, नवदिया आदि गांवों में कटान निरोधक कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मैप के माध्यम से कराये गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ग्रामीणों को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य अभियन्ता इं. महेश्वरी प्रसाद, मुख्य अभियन्ता (शारदा) इं. एचएन सिंह, अधीक्षण अभियन्ता पंचम मण्डल सिंचाई कार्य बरेली त्रयम्बक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ऋतु पूनिया, अधिशसी अभियन्ता बाढ़ खण्ड इं. आशुतोष कुमार, अधिशासी अभियन्ता शारदा सागर खण्ड इं. पीपी गौतम के साथ सहायक अभियन्ता इं. अवध राम, इं. विशाल मिश्रा, इं. सौरभ वर्मा एवं समस्त अवर अभियन्ता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आला हजरत के 107वें उर्स पर पढ़ाई के इच्छुक 15 बच्चों को मुफ्त कराई जाएगी शिक्षा : गोहर खां

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** इस्लामी जगत की महान शख्सियत आला हज़रत फ़ाज़िले बरेलवी का 107वां तीन दिवसीय उर्स के मौके पर नूरी लंगर कमेटी द्वारा इस बार भी परंपरागत रूप से सामाजिक और धार्मिक सेवाएं जारी रहेंगी। इसी क्रम में नूरी लंगर कमेटी द्वारा पढ़ाई के इच्छुक जरूरतमंद 15 बच्चों को गोद लेने की मुहिम शुरू की जा जाएगी।

नूरी लंगर कमेटी के अध्यक्ष गोहर खां ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते करीब 45 वर्षों से कमेटी द्वारा उर्स के मौके पर लंगर और सामाजिक सेवा कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इस बार भी (हुजूर के यौमे पैदाइश) के मुबारक मौके पर ऐसे बच्चों को गोद लिया जाएगा, जो पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं,बच्चों को मुफ्त शिक्षा कराई जाएगी। गोहर खां ने कहा कि यह मुहिम उर्स के दौरान विशेष रूप से चलाई जायेगी ताकि आला हजरत के पैग़ाम-ए-इल्म व मोहब्बत को आगे बढ़ाया जा सके। कमेटी द्वारा गोद लिए गए बच्चों की शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क कराई जाएगी। इसमें बच्चों के स्कूल में दाखिले से लेकर किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य आवश्यक सामग्री तक सभी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आला हजरत की तालीम और उनके इल्मी योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। यही कारण है कि कमेटी का उद्देश्य सिर्फ लंगर तक सीमित न होकर समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना भी है।इस मुहिम का उद्देश्य ऐसे बच्चों की मदद करना है जिनके माता-पिता या अभिभावक आर्थिक तंगी की वजह से उन्हें पढ़ा नहीं पाते। नूरी लंगर कमेटी ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें स्कूल से जोड़ने का काम करेगी।गौरतलब है कि आला हजरत का उर्स न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि इसे सामाजिक सौहार्द और इंसानियत का प्रतीक भी माना जाता है, उर्स के दौरान लाखों जायरीन देश-विदेश से बरेली शरीफ पहुंचते हैं।

# मनचले युवक की गैर समुदाय के लोगों ने की धुनाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** लंबे समय से एक गैर समुदाय की युवती को कॉल और मैसेज करके परेशान कर रहे मनचले की सरेआम पिटाई कर दी गई। मनचले की धुनाई होने के दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे एक विशेष समुदाय में रोष पनप रहा है।

जानकारी के मुताबिक हिन्दू समुदाय की युवती को एक मुस्लिम समुदाय का युवक बीते कई महीनों से फोन पर अश्लील मैसेज व अनचाही कॉल करके परेशान कर रहा था। युवती अपनी इज्जत की खातिर युवक की हरकत को न चाहते हुए भी नजरअंदाज करती रही। विवश होकर उसने मामले की जानकारी



अपने परिजनों और पड़ोसियों को दी। परिजनों ने आशिक मिजाज युवक को सबक सिखाने के लिए योजना तैयार की। योजना के तहत युवती के माध्यम से मनचले युवक को कोतवाली क्षेत्र के एकता सरोवर पर बुलाया गया और फिर आशिक मिजाज मनचले युवक पर लात-घूंसों की बौछार होने लगी। युवक की हरकत से गुस्साए लोगों ने उसे सबक सिखाते हुए कहा कि आगे से किसी लड़की को फंसाने की कोशिश की तो अंजाम ऐसा ही होगा।

### तमंचे के साथ शातिर गिरफ्तार

**भोजीपुरा।** पुलिस ने आज मंगलवार को एक शातिर चोर को नाजायज 315 बोर के देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का चोर है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि आज बुधवार को एस आई सुरेन्द्र कुमार अपराधियों की तलाश में अभयपुर की तरफ जा रहे थे। अभयपुर पावर हाउस के पास एक युवक पुलिस को देखकर भाग निकला।

पुलिस को शक होने पर युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। एस आई सुरेन्द्र कुमार ने तलाशी ली तो युवक की अंटी से एक 315 बोर का देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान युवक ने पुलिस को अपना नाम मोहर सिंह निवासी जटऊ पट्टी थाना भोजीपुरा बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़ा युवक शातिर किस्म का चोर है।

# डीएम को निरीक्षण में मिली कमियां सुधार होने तक वेतन पर रोक

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ने ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में बुनियादी सुविधाओं सहित आरआरसी सेंटर में बड़ी कमियां पाई गईं। जिलाधिकारी ने संबंधित पंचायत सचिव के वेतन पर कमियां सुधारने तक रोक लगाने के निर्देश दिए।

बुधवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने ब्लॉक ललौरीखेड़ा क्षेत्र के गांव मथुडांडी स्थित आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरआरसी सेंटर क्रियाशील न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।आरआरसी सेंटर से स्कूल तक जाने वाले मार्ग की हालत खराब होने पर खड़ंजा निर्माण कराने की भी हिदायत दी। जिलाधिकारी



ने स्कूल में किए गए निरीक्षण के दौरान स्कूल में लगी टोटियों में पानी नहीं आ रहा था। इसके अलावा मिड डे मील की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु अध्यापकों को निर्देशित किया। सामुदायिक शौचालय में ताला लगा होने, पंचायत भवन में कनेक्शन अभाव में बिजली आपूर्ति न होने, बाउंड्रीबाल पर तार फेंसिंग न होने तथा विकलांग पेंशन में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव की कड़ी फटकार लगाई और जब तक सभी कमियों का सुधार न हो जाए तब तक संबंधित पंचायत सचिव के वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

# नाबालिग के अपहरण व दुराचार के मामले में दोषी को 20 साल की सजा

» पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला, न्यायालय ने कहा– अपराध क्षम्य नहीं

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो कोर्ट-III) शिवकुमार तृतीय ने नाबालिग लड़की के अपहरण और उसके साथ दुराचार करने के मामले में दोषी अमित गुप्ता को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 24,000 के जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने फैसले में स्पष्ट कहा कि ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है, ताकि समाज में अनुशासन और सुरक्षा की भावना बनी रहे। प्रकरण वर्ष 2022 का है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कलान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने थाना कलान में तहरीर दी थी कि घटना के दिन उनकी नाबालिग पुत्री दोपहर 1 बजे घर से दवा लेने निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। परिवारजनों ने उसकी खोजबीन की तो पता चला कि गांव निवासी अमित गुप्ता बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया। पीड़िता के पिता ने तहरीर में यह भी बताया कि लड़की के साथ सोने की दो अंगूठियां, एक सोने की चेन और 1000 नकद भी गायब हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोपित के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान वादी सहित अन्य गवाहों के बयानों, साक्ष्यों और शासकीय अधिवक्ता दीप कुमार गुप्ता के तर्कों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने आरोपी अमित गुप्ता को दोषी पाया। न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण), 376 (दुराचार) और लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) की धारा 3/4 के अंतर्गत दोष सिद्ध करते हुए उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 24,000 के अर्थदंड से दंडित किया।

# दीपक पांडेय बने बरेली बार एसोसिएशन के नए सचिव दीप्ति सक्सेना वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर विजयी





विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव पद के उपचुनाव में दीपक पांडेय ने कड़े मुकाबले में गौरव सिंह राठौर को 20 मतों से शिकस्त दी। उन्होंने 427 वोट हासिल किए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी गौरव सिंह राठौर को 407 मत मिले। वहीं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर दीप्ति सक्सेना ने 623 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज करते हुए लोकनाथ को पराजित किया। दीप्ति को 1248 और लोकनाथ को 625 वोट मिले।

मतगणना बुधवार दोपहर 12 बजे से एसोसिएशन के सभागार में शुरू हुई, जो कुल 6 राउंड में पूरी हुई। पहले राउंड से ही दीपक पांडेय, गौरव सिंह राठौर, अंगन सिंह और अंतरिक्ष सक्सेना के बीच मुकाबला रोमांचक बना रहा। हर राउंड में दीपक और गौरव के बीच वोटों का फासला कभी बढ़ता तो कभी घटता रहा, लेकिन अंततः दीपक पांडेय ने निर्णायक बढ़त लेते हुए चुनाव जीत लिया।

सचिव पद के अन्य प्रत्याशियों में अंगन सिंह को 333, अंतरिक्ष सक्सेना को 228, डीडी पांडेय को 52, जितेंद्र गुप्ता को 11, नजमा परवीन को 62, प्रदीप सक्सेना को 187, प्रदीप सिंह को 20, राकेश श्रीवास्तव को 21, शशिकांत तिवारी को 45, सुनील वर्मा को 18 और विनोद सिंह को 48 वोट मिले।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही दीपक पांडेय समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे परिसर में दीपक पांडेय जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे। दीपक पांडेय ने अपने भाषण में स्व. वीपी ध्यानी को याद करते हुए वीपी ध्यानी अमर रहें के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता बार और बेंच के बीच बेहतर तालमेल बनाना और अधिवक्ताओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करना रहेगा। चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन और निष्पक्ष मतगणना की अधिवक्ता समाज ने सराहना की।

# जिलाधिकारी ने किया अटल सहजन वन का निरीक्षण

» अटल सहजन वन के पास ही विकसित किया जाएगा बंबू गार्डन

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से जनपद शाहजहांपुर में हरियाली को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विकास खंड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत तुर्की खेड़ा में 18 जुलाई को अटल सहजन वन की स्थापना की थी। आज जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अटल सहजन वन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहजन वन में चल रही गतिविधियों का बारीकी से जायज़ा लिया। उन्होंने देखा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष उत्साहपूर्वक लगाए गए सहजन के पेड़ों में पानी दे रहे हैं तथा पेड़ों के आसपास की मिट्टी को संभालकर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त जो पतले सहजन के वृक्ष हैं,



उन्हें मजबूती देने हेतु बांस की डंडियों से सहारा देकर बांधा जा रहा था, जिससे उनकी वृद्धि में सहायता मिल सके।

जिलाधिकारी ने 18 जुलाई को रोपे गए सहजन के पेड़ों की स्थिति का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेड़ों की समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी लगाए गए पेड़ों की गिनती की जाए और जिन स्थानों पर पेड़ नहीं पनप पाए हैं, वहाँ पुनः नए पौधे रोपे जाएं ताकि वन की सतत हरियाली बनी रहे। सहजन वन की समुचित देखरेख के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य द्वार पर ही केयरटेकर हेतु एक कक्ष के निर्माण के निर्देश दिए, जिससे देखभाल कार्यों में नियमितता और पारदर्शिता लाई जा सके।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपाल से उपलब्ध भूमि की जानकारी ली, जिस पर लेखपाल ने बताया कि पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित भूमि को खाली कराना प्रारंभ किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक को निर्देशित किया कि उपलब्ध भूमि में 10 एकड़ भूमि पर एक बाम्बू गार्डन विकसित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य को चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए प्रथम चरण में तारबाड़ कराई जाए, तत्पश्चात योजनाबद्ध रूप से बांस की रोपाई की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि बाम्बू गार्डन को इस प्रकार से विकसित किया जाएगा कि वह न केवल जिले के लिए एक पर्यावरणीय प्रतीक बने, बल्कि एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में भी उभरे। उन्होंने बाम्बू गार्डन के स्वरूप की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इसमें प्राकृतिक अनुभूति देने वाली झोपड़ियां बनेंगी, साथ ही खान-पान एवं अन्य सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी ताकि यह स्थान पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वह प्रत्येक बुधवार को अटल सहजन वन का निरीक्षण करेंगे और प्रगति की नियमित समीक्षा भी करेंगे।

# जिले में 617 परिषदीय विद्यालयों का होगा विलय

» विद्यार्थियों की 50 से कम संख्या को बनाया आधार, शिक्षक-छात्र अनुपात सही करने की कवायद

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षक-छात्र अनुपात सही करने के लिए स्कूलों के विलय (पेयरिंग) की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए जिले में 617 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों की 50 से कम संख्या को आधार बनाया गया है। जिले में 2484 परिषदीय विद्यालय है। इन विद्यालय में करीब पौने तीन लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विलय के नियम में जिस स्कूल में निर्धारित संख्या से कम विद्यार्थी होंगे, उन्हें नजदीकी विद्यालय में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसमें शिक्षकों की संख्या और भवन की स्थिति और सुविधाओं को भी देखा जा रहा है।

संजय सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर 617 विद्यालयों का चयन हुआ है, जिससे लगभग 20 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं प्रभावित होने का अनुमान है। हालांकि जिले में 50 से कम छात्र संख्या वाले 617 विद्यालय पेयरिंग के लिए चिन्हित किए गए हैं। शासन से प्राप्त आदेश के अनुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जबकि शिक्षक संघ सवाल उठा रहे हैं। बता दें, अब तक जिले में अधिकारियों के तमाम प्रयासों के बाद भी छात्र-छात्राओं की संख्या में प्रभावी बढ़ोतरी नहीं हो सकी है। ऐसे में विलय को इसके मुख्य कारणों में गिना जा रहा है।

विलय को लेकर शैक्षिक संगठन धरातल पर तो कई शिक्षक इंटरनेट मीडिया पर भी मुखर हो रहे हैं। उनका कहना है कि जिन स्कूलों के छात्र दूसरे स्कूल में जाएंगे, वहां के शिक्षकों का क्या होगा? अधिक शिक्षक होने पर सरप्लस की स्थिति में क्या होगा? दोनों विद्यालय में हेडमास्टर हैं तो क्या एक विद्यालय में दो हेडमास्टर होंगे? इन सभी चीजों को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने से शिक्षकों के मध्य संशय की स्थिति बनी हुई है। कम संख्या में शिक्षक, पढ़ाई हो रही प्रभावित नगर क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षक कम संख्या में होने से विद्यार्थियों की उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है। एक शिक्षक के भरोसे पूरा विद्यालय चलाना ही चुनौती होता है। उस पर अलग अलग कक्षा के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और भी मुश्किल हो जाता है। नगर में प्राथमिक विद्यालय रहपुरा चौधरी, कंपोजिट विद्यालय खड़ौआ, प्राथमिक विद्यालय पीर बहोड़ा, प्राथमिक विद्यालय हरुनगला प्रथम व द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय बिहार कला, कंपोजिट विद्यालय कोहाड़ापीर समेत 30 से अधिक विद्यालयों में एकल शिक्षक हैं।

### ई रिक्शा पर बैठे युवक ने चालक के साथ की मारपीट

**बरेली।** किराए को लेकर हुए विवाद के बाद ई-रिक्शा पर सवार एक युवक में चालक के साथ जमकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और मारपीट पर करने वाले को हिरासत में ले लिया।

प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाके की छावनी निवासी 45 वर्षीय हरिशंकर को आज दोपहर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां उसने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता है और आज दोपहर उसने कुरेशिया फाटक से धर्म काटा जाने के लिए अपने ई रिक्शा पर एक सवारी को बिठाया था लेकिन धर्म कांटा पहुंचने के बाद ई-रिक्शा सवार युवक ने उसको 10 किराए के स्थान पर 5 रुपए दिए उसने जब 10 रुपए मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने मारपीट की और हाथ में पहने कढे से उसके सिर पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया।

# डीएम ने किया हरिशंकरी वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

## कलेक्ट्रेट परिसर में पीपल, बरगद व पकड़ के पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का किया आह्वान



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर बुधवार को हरियाली के शुभ संकल्प से गूंज उठा जब जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणास्पद पहल करते हुए 'हरिशंकरी' पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पीपल, बरगद और पकड़ के पवित्र व पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी वृक्षों का पौधारोपण कर आमजन को हरियाली से जीवन जोड़ने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि "वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए वृक्षारोपण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है। पेड़-पौधे न केवल जीवनदायिनी हैं, बल्कि धरती की हरियाली के रक्षक भी हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि इस वर्षा ऋतु में हर व्यक्ति एक पेड़ अपनी मां के नाम से अवश्य लगाएं। यह न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी होगी, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव भी स्थापित करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पीपल, बरगद और पकड़ जैसे वृक्ष जहां धार्मिक दृष्टि से पूजनीय हैं, वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी वायुमंडल को शुद्ध करने में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि "पेड़ हैं तो जीवन है, पर्यावरण है तो भविष्य है। हमें वृक्षों की रक्षा उतनी ही निष्ठा से करनी चाहिए, जितनी श्रद्धा से हम उनका रोपण करते हैं। कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी भागीदारी दर्ज कराई। पूरा परिसर हरियाली के संदेश से सराबोर दिखा, जहां उम्मीदों की एक नई कोंपल फूटी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारी, पर्यावरण प्रेमी तथा गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन 'हरियाली ही धरती का श्रृंगार है' के नारों के साथ हुआ।

## एक नजर

### शिक्षक की पिटाई से बेहोश हुआ छात्र, मां ने दी तहरीर



**कुशफर, बाराबंकी।** दरियाबाद शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कुशफर में बुधवार को शिक्षक की पिटाई से कक्षा 5 का एक छात्र बेहोश हो गया। घटना के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। वहीं, आरोपित शिक्षक राघवेंद्र सिंह मौके से भाग निकले। छात्र की मां ने स्थानीय थाने में पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी अनुसार कुशफर गांव निवासी ललितेश तिवारी के बेटे शुभांकर तिवारी और बेटी तेजस्वी दोनों उसी स्कूल में पढ़ते हैं। बुधवार को किसी बात पर शिक्षक ने शुभांकर को इतना पीटा कि वह बेहोश होकर गिर पड़ा। भाई की हालत देख उसकी बहन तेजस्वी घबरा गई और रोती हुई घर पहुंची। तेजस्वी से घटना की जानकारी मिलने पर मां रचना तिवारी स्कूल पहुंची। उन्होंने बेटे पर पानी के छींटे मारकर होश में लाया। बेटे ने रोते हुए बताया कि शिक्षक ने उसे बैडमिंटन से बुरी तरह मारा। घटना से आक्रोशित मां रचना तिवारी ने दरियाबाद थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मगरमच्छ के हमले से अधेड़ घायल

**निघासन खीरी।** लखीमपुर खीरी निघासन कोतवाली क्षेत्र के तिनधरवा चखरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक अधेड़ पर मगरमच्छ ने अचानक हमला कर दिया। हमले में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा आनन-फानन में निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिनधरवा चखरा गांव निवासी समनू (उम्र करीब 55 वर्ष), पुत्र लियाकत, अपने खेत पर धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान वह खेत के पास बह रही नदी के किनारे शौच के लिए गए थे। तभी झाड़ियों में छिपे मगरमच्छ ने अचानक उन पर हमला बोल दिया।मगरमच्छ के हमले में समनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल समनू नें किसी तरह अपने आपको मगरमच्छ से छुड़ाया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों के अनुसार समनू के शरीर पर गहरे जख्म हैं, लेकिन उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी के रेंजर गजेंद्र सिंह अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**लखीमपुर खीरी।** रवही पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में गुलरी पुरवा निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी सामने से आ रहे एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को संभाला। मृतक की पहचान कर ली गई है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### रंजिश में शिक्षामित्र व परिवार पर हमला, 5 घायल

**बाराबंकी।** कोतवाली असंद्रा क्षेत्र के समधी का पुरवा गांव में मंगलवार रात रास्ते के विवाद को लेकर शिक्षामित्र और उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में शिक्षामित्र देवीप्रसाद रावत समेत पांच लोग घायल हो गए। गंभीर हालत में शिक्षामित्र को लखनऊ के राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित परिजन के मुताबिक, देवीप्रसाद रावत का गांव के गिरिजा शंकर पाठक से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश में गिरिजा शंकर ने परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। शिक्षामित्र को बचाने आई पत्नी प्रमिला, बेटा कन्हैया, बेटियां नेहा और अन्नपूर्णा को भी हमलावरों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना में देवीप्रसाद के सिर पर गंभीर चोट आई और खून की उल्टियां शुरू हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सिद्धौर भेजा। वहां से शिक्षामित्र को जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बाकी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

दिव्यांग बच्चों के लिए पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन

### दिव्यांगता अभिशाप नहीं, ऐसे बच्चों को दें विशेष ध्यान : खंड शिक्षा अधिकारी



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र कोटवा सड़क पर समेकित शिक्षा के तहत पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। ऐसे बच्चे विशेष प्रतिभा के धनी होते हैं, जरूरत है तो बस उन्हें सही दिशा देने की। सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर उन्हें शिक्षित करने पर पूरा ध्यान दें। कार्यशाला में टीचर शालिनी शर्मा और प्रदीप सोनकर ने दिव्यांगता के प्रकार, सावधानियों और आवश्यक उपकरणों की जानकारी दी। साथ ही दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 और नेशनल ट्रस्ट एक्ट-1999 पर चर्चा हुई। होम बेस्ड एजुकेशन के तहत बच्चों के घर पर की जाने वाली गतिविधियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### मेला का निरीक्षण कर एसपी ने दिए निर्देश

**बाराबंकी।** पौराणिक नाग देवता मंदिर पर लगे मंजीठा मेले का बुधवार को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद पुलिस बल को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी के साथ सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव और सतरिख कोतवाल धीरेन्द्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा प्राथमिकता है और ड्यूटी में कोई भी चूक बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान मेला परिसर पुलिस छावनी में तब्दील नजर आया। श्रावण मास में यहां दूर-दराज से भारी संख्या में श्रद्धालु नाग देवता के दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी मेले में बड़ी भीड़ उमड़ रही है, जिसे देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में पांच घंटे तक धधकती रही आग, लाखों का नुकसान

- प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग, काले धुएं से घिरा इलाका
- फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां घंटों करती रहीं मशक्कत

**दो साल बाद भी शुरू नहीं हुआ फायर स्टेशन, उठे सवाल**



विश्ववार्ता संवाददाता

**निंदूरा, बाराबंकी।** औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक प्लास्टिक फैक्ट्री में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि चंद मिनटों में ही पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। काले धुएं का गुबार आसमान में छा गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी अनुसार कुर्सी थाना क्षेत्र के उमरा औद्योगिक क्षेत्र में दोपहर करीब 12 बजे यह हादसा हुआ। यह फैक्ट्री लखनऊ निवासी सिद्धार्थ जैन की बताई जा रही है, जहां प्लास्टिक का सामान तैयार किया जाता था। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक और केमिकल रखे होने के कारण आग तेजी से फैली और लाखों रुपये का माल खाक हो गया।

**फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां घंटों करती रहीं मशक्कत** – घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की करीब एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लखनऊ, बाराबंकी, सिरौलीगौसपुर और फतेहपुर से गाड़ियां मंगाई गईं, लेकिन फैक्ट्री में मौजूद ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग पर काबू पाना आसान नहीं था। शुरुआती पांच घंटे तक आग बेकाबू रही और तब तक फैक्ट्री का अधिकांश हिस्सा जलकर राख हो चुका था। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

**फायर स्टेशन न बनने पर उठे सवाल** – गौरतलब है कि 26 जून 2023 को औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन के लिए भूमि पूजन किया गया था। दावा था कि इससे आग जैसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सकेगा, लेकिन दो साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी फायर स्टेशन शुरू नहीं हो सका। नतीजा यह रहा कि बुधवार को भी फायर ब्रिगेड को कई किलोमीटर दूर से पहुंचना पड़ा और तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग की खबर फैलते ही आसपास के मजदूर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस और लेखपाल की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालात पर नजर रखी। हालांकि आग लगने के कारण का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## पिता की गुमशुदगी पर बेटे ने जताई अनहोनी की आशंका

- » डीजीपी से कार्रवाई की मांग, पीड़ति परिवार परेशान
- » गांव के दबंगों पर लगाया हत्या कर अपहरण का आरोप



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** रामनगर तहसील के मुरारीपुरवा मजरे कजियापुर निवासी रामदास पुत्र सूरजबली बीते दिनों रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजन इस मामले में अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। पुत्र सरवन निषाद ने बताया कि 3 जुलाई को उनके पिता पोता-पोती के साथ गोरखपुर जिले के अवस्थी तप्पा कोहरा ग्राम पंचायत चड़ेरिया तप्पा ब्लॉक गोला गए थे।

वहां से लौटने के बाद वह पैतृक गांव गईयापार थाना झंगहा पहुंचे और भतीजे परमहंस से मुलाकात के बाद अपने गांव के रास्ते में कहीं लापता हो गए। सरवन ने डीजीपी को जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत भेजते हुए आरोप लगाया कि गांव के दबंगों व माफियाओं ने उनके पिता का अपहरण कर हत्या कर दी है। उन्होंने मांग की है कि गुमशुदा की तत्काल तलाश कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पीड़ति ने कहा कि परिवार किसी से विवाद में नहीं है, लेकिन आशंका है कि दबंगों ने पिता को मारकर पुरानी खुन्नस निकाली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई ट्रैक्टर ट्रॉली, करंट लगने से सात कांवड़िये झुलसे

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम हादसा हो गया। कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई, जिससे करंट लगने से सात कांवड़िये झुलस गए। लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली के परौरी गांव से गोला जा रहे कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। ट्रॉली से करंट उतरने से सात कांवड़िये झुलस गए। इनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने पीड़ित कांवड़ियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।




कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परौरी निवासी कुछ ग्रामीण मंगलवार को कांवड़ लेकर गोला के लिए रवाना हुए थे। वह लालपुर चौराहे के आगे पहुंचे ही थे, तभी उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। ट्रॉली पर बैठे और उसे पकड़ कर चल रहे सात कांवड़िये करंट लगने से झुलस गए। पीड़ित में शिवम (16) पुत्र महेश, विकास (13) पुत्र मल्लू, रवि पुत्र सत्यवान, सुमित पुत्र रमेश निवासी निघासन, गोविंद (7) पुत्र अनिल ग्राम कोष्टवा, विनय (15) पुत्र लेखराम, पवन (18) पुत्र बहादुर शामिल हैं। पवन की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, सदर कोतवाल हेमंत राय मौके पर पहुंचे और झुलसे कांवड़ियों का हाल-चाल जाना। जलाभिषेक के बाद लौट रहे दो कांवड़िये हादसे में घायल सिंगाही में पतरासी और शारदानगर के बीच मंगलवार को दो ट्रॉलियों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें छोटी काशी से जलाभिषेक कर लौट रहे दो कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में सिंगाही निवासी मोहन कश्यप का एक पैर कटकर अलग हो गया। नीरज कश्यप के पैर की हड्डी टूट गई। साथी कांवड़ियों ने मोहन के कटे पैर पर कपड़ा बांधकर खून रोकने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची शारदानगर पुलिस ने घायलों को तत्काल ओयल सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मोहन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

## स्कूल में फिर बिगड़ी दो छात्रों की हालत गंभीर अवस्था में लखनऊ रेफर

- » 18 दिन में तीन छात्र-छात्राओं की बिगड़ी तबीयत, एक की मौत से सहमा स्कूल

विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को फिर अफरातफरी मच गई। हाईस्कूल की छात्रा अंशिका और छात्र आदित्य की तबीयत क्लास के दौरान अचानक बिगड़ गई। दोनों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आदित्य को गंभीर हालत में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ रेफर कर दिया गया। छात्रा अंशिका की भी हालत नाजुक बताई जा रही है और उसे भी रेफर करने की तैयारी चल रही है।



गौरतलब है कि इसी कॉलेज की छात्रा नंदिनी की 18 जुलाई को स्कूल में तबीयत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई थी। इसके बाद अब दो और बच्चों की तबीयत बिगड़ने से स्कूल में हड़कंप मच गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य शैलेंद्र प्रताप ने कहा कि "हमें समझ में नहीं आ रहा है कि यह सब क्यों हो रहा है।" एक के बाद एक घटनाओं ने स्कूल के बच्चों और अभिभावकों को चिंता में डाल दिया है। स्कूल में दहशत का माहौल है और कई अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर असमंजस में हैं। अभिभावकों ने इन घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए कहा कि स्कूल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर इसकी गहराई से जांच करानी चाहिए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# मुख्यमंत्री योगी के आशीर्वाद से पुनर्जीवित हुई सुहेली नदी : जलशक्ति मंत्री

- 50 हजार से अधिक लोगों को मिला लाभ, 1500 हेक्टेयर भूमि जलभराव से मुक्त
- जल शक्ति मंत्री का भव्य स्वागत, ग्रामीणों ने किया फूलों से अभिनंदन

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखीमपुर खीरी।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को निघासन तहसील के ग्राम लठौआ में पुनर्जीवित सुहेली नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर मंत्री और विधायक शशांक वर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने दोनों हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जल शक्ति मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर जनपद आगमन पर अभिनंदन किया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ काटने की जगह उन्हें लगाएं, यही भावी पीढ़ी को स्वस्थ वातावरण देने का रास्ता है।उन्होंने सुहेली नदी पुनर्जीवन कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व और सीएम योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से आज यह संभव हुआ है कि नदी आपके द्वार तक आई है। उन्होंने 'खेत पर मेड, मेड पर पेड़' का मंत्र देते हुए जल, जंगल और जमीन के संतुलन पर विचार रखने की बात कही। मंत्री ने कहा कि बच्चों को पढ़ाओ, यही बच्चे कल शिवाजी, राणा प्रताप और योगी, मोदी बनेंगे। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश आज सुरक्षित और खुशहाल है। उन्होंने जनता का आभार जताते हुए सरकार की योजनाओं में जनसहयोग को अहम बताया।

### सीएम के आशीर्वाद से संभव हुआ सुहेली पुनर्जीवन, 50 हजार लोगों को राहत: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जलशक्ति मंत्री के सतत मार्गदर्शन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से सुहेली नदी पुनर्जीवन परियोजना आज धरातल पर साकार हो सकी। इससे 50 हजार से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है, जबकि 1500 हेक्टेयर भूमि जलभराव की समस्या से मुक्त हुई है। बीते एक वर्ष में शासन से अधिक धनराशि मिली है। ड्रेजिंग जैसी संवेदनशील परियोजनाओं को मंजूरी मिलना सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिला प्रशासन इसके लिए आभारी है।कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। जनसभा के उपरांत जल शक्ति मंत्री ने विधायक शशांक वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ पुनर्जीवित सुहेली नदी का निरीक्षण किया। इसके बाद सिंचाई एवं जल संसाधन भिगाग द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उपलब्ध भूमि पर फलदार, छायादार और औषधीय पौध का रोपण किया। इस दौरान चीफ इंजीनियर (रुहेलखंड) माहेश्वरी प्रसाद, मुख्य अभियंता (शारदा) बरेली एचएन सिंह, अधीक्षण अभियंता (बाढ मण्डल) धर्मेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता अजय कुमार और अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### कटान पर नियंत्रण, परियोजनाओं का दिखा असर : विधायक

विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद, मार्गदर्शन से अब वे काम भी पूरे होते दिख रहे हैं जो पहले असंभव माने जाते थे। कटान जैसी गंभीर समस्याओं पर नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका असर अब ज़मीनी स्तर पर दिख रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में न केवल उनका विधानसभा क्षेत्र, बल्कि पूरा जनपद और प्रदेश प्रगति की ओर अग्रसर है।

### शारदानगर में जलशक्ति मंत्री ने किया 68.5 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

लखीमपुर खीरी। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शारदा नगर स्थित निरीक्षण भवन में 68 .5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कुल 15 विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण किया। इसमें 12 कटान निरोधक परियोजनाएं और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की तीन महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल रहीं।मंत्री ने बटन दबाकर इन योजनाओं का उद्घाटन किया और इसे प्रदेश सरकार की ग्रामीण व कृषि हितैषी सोच का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं किसानों की भूमि को कटान से सुरक्षित रखने के साथ ही खेतों तक जल पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएंगी।लोकार्पण कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### मकान विवाद में 14 लोग गिरफ्तार, सभी को कोर्ट में किया पेश

**नीमगांव खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया। क्षेत्राधिकारी मितौली जितेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में नीमगांव थाना पुलिस ने कार्रवाई की पुलिस ने कई गांवों से 14 लोगों को गिरफ्तार किया।

सुतौला से 12, सिकन्दराबाद से 2, जजींगाबाद से 1, विलहरी से 2 और नीमगांव से 7 लोगों को हिरासत में लिया गया। सभी को धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार लोगों में रामपाल, सुरेन्द्र कुमार, ज्ञावान, आजाद, विवेक कुमार, पवन, लवकुंज, अरविन्द चौहान, संजय कुमार, धनपत, डन्डेज, सावित्री, उमा देवी और राजकुमारी शामिल हैं। सभी आरोपियों को उपजिलाधिकारी मितौली के समक्ष पेश किया गया।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- » स्काउट बालिकाओं ने डीएम का किया स्वागत
- » छात्राओं से बातचीत कर पढ़ाई और भोजन की ली जानकारी

शिक्षा, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय के साथ जिले के केजीबीवी देवा, फतेहपुर और निंदूरा का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने विद्यालयों में शिक्षा, भोजन और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्राओं से पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने शिक्षण कक्ष, मेस, शौचालय, किचन और परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि आवासीय विद्यालयों में छात्राओं को सभी मानक सुविधाएं दी जाएं ताकि वे बेहतर माहौल में पढ़ाई कर सकें।

### निंदूरा विद्यालय में सफाई व्यवस्था सुधारने पर जोर

निंदूरा में डीएम ने विद्यालय परिसर में अव्यवस्था देख खंड शिक्षा अधिकारी को 15 दिन में सफाई और कंप्यूटर कक्ष को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला भी बढ़ाया। जिलाधिकारी ने कहा कि आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं को मानक के अनुरूप सभी सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इससे पहले विद्यालय की स्काउट बालिकाओं ने जिलाधिकारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, वार्डन साधना, फुलटाइम टीचर मीनाक्षी सिंह, सिल्की वर्मा और अतुल बंसल भी मौजूद रहे।

### देवा विद्यालय में किचन पर विशेष ध्यान

केजीबीवी देवा में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भोजन की गुणवत्ता जांची और छात्राओं से पढ़ाई के सवाल पूछे। उन्होंने किचन की खिड़कियों पर मच्छरों से बचाव के लिए जाली लगाने के निर्देश दिए।

### फतेहपुर में बाउंड्रीवाल ऊंची करने के आदेश

केजीबीवी फतेहपुर में निरीक्षण के दौरान बाउंड्रीवाल को नीचा देख डीएम ने अधिकारियों को फोन कर तत्काल ऊंचा कराने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया 70वां स्थापना दिवस

**बाराबंकी।** भारतीय मजदूर संघ का 70वां स्थापना दिवस बुधवार को संगठन कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और संगठन के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवराज त्रिपाठी ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री केके मिश्र ने किया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बीएन सिंह, जिला उपाध्यक्ष ए के शुक्ला, देवदत्त पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह समेत दर्जनों पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। वक्ताओं ने संगठन के 70 वर्षों के योगदान को याद करते हुए श्रमिक हितों की रक्षा के संकल्प को दोहराया।

### कर्ज न चुकाने पर किसान की जमीन कुर्क, खेत में लगी लाल झंडी

**बेलहरा, बाराबंकी।** फतेहपुर की आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से नौ साल पहले लिए गए 1.63 लाख के कर्ज का भुगतान न करने पर तहसील प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए किसान की कृषि भूमि कुर्क कर दी। खेत में लाल झंडी लगते ही क्षेत्र के अन्य बकायादारों में खलबली मच गई। जानकारी अनुसार ग्राम सरवा निवासी अनिल कुमार ने वर्ष 2016 में लोन लिया था, जो ब्याज समेत 2.90 लाख हो गया। बैंक ने कई बार नोटिस जारी किया लेकिन भुगतान न होने पर तहसील प्रशासन ने आरसी जारी कर दी। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर संग्रह अमीन, लेखपाल और बैंक प्रबंधक की मौजूदगी में मिठवारा गांव स्थित जमीन कुर्क की गई।

### अज्ञात लुटेरों का कहर

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में बुधवार को सुबह-सुबह लुटेरों ने बड़ी घटना को अंजाम दे डाला। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में संविदा परिचालक के रूप में तैनात तनवीर सईद सिद्धीकी को बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया और उनके पास मौजूद नकदी और जरूरी कागजात लूट लिए। जानकारी अनुसार, परिवहन निगम कर्मी तनवीर सईद बुधवार सुबह लगभग 5 बजे बैग लेकर कार्यालय जाने के लिए निकले थे।

इसी दौरान सिविल लाइन पुलिस चौकी से पहले पीछे से आए अज्ञात मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने जबरन बैग छीन लिया और फरार हो गए। बैग में लगभग 16,832 की सरकारी नकदी, निजी 1600 रुपये, ईटीआईएम मशीन, मार्ग पत्र, मैनुअल टिकट बुक व अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे।

**अभियान** डीएम ने की खुरपका-मुँहपका टीकाकरण अभियान की शुरुआत, गोवंशों को खिलाया गुड़-चना, किया पौधरोपण

# एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर, टीमों को वितरित किए वैक्सीन बॉक्स





विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव के लिए शुरू हुए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। ओयल देहात स्थित गो आश्रय स्थल पर उन्होंने एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और टीकाकरण टीम को वैक्सीन बॉक्स वितरित किए।

इस मौके पर डीएम व सीडीओ ने खुद टीकाकरण की शुरुआत कराई और अपने समक्ष संरक्षित गोवंशों को टीका लगवाया। इसके बाद उन्होंने गोवंशों को हरा चारा, चना और गुड़ खिलाया। डीएम ने आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए सफाई, चारे की उपलब्धता और चिकित्सा व्यवस्था की भी पड़ताल की। साथ ही छायादार, फलदार व औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम ने सीवीओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले का कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। अभियान की नियमित व सघन मॉनिटरिंग की जाए, ताकि लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित हो सके। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम केवल एक टीकाकरण मुहिम नहीं, बल्कि गोवंशों के स्वास्थ्य, किसानों की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुरक्षा से जुड़ी बड़ी पहल है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हर आश्रय स्थल पर समय से टीकाकरण हो, चारे-पानी की कोई कमी न हो और गोवंशों को मानवीय संवेदना के साथ देखा जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हर गोवंश तक टीकाकरण पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है। आश्रय स्थलों की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### 10.43 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य, डोर-टू-डोर पहुंचेंगी टीमें : सीवीओ

सीवीओ डॉ. दिनेश कुमार सचान ने बताया कि इस चरण में 10 लाख 43 हजार 972 गोवंशों का टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टीकाकरण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए सभी ब्लॉकों पर टीमें गठित की गई हैं, जो डोर-टू-डोर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। अभियान में 15 सचल वाहनों के साथ-साथ 15 एंबुलेंस की भी तैनाती की गई है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), डिप्टी सीवीओ डॉ हनी सक्सेना, डॉ अरविंद मोहन वर्मा, पशु चिकित्सक डॉ राकेश, डॉ सौरभ सिंगाही, डॉ अनिरुद्ध मौजूद रहे।

## संपादकीय


# शिक्षा का शुद्धिकरण

एनसीईआरटी नई शिक्षा नीति के तहत नए पाठ्यक्रम के अनुसार नई किताबें जारी कर रहा है। उसने कई कक्षाओं के लिए किताबें जारी कर दी हैं और इसी क्रम ने उसने कक्षा आठ के लिए सामाजिक विज्ञान भाग-एक की किताब जारी की है। जब से एनसीईआरटी ने अपनी सामाजिक विज्ञान की इस किताब में इतिहास को लेकर कुछ बदलाव किया है तब से यह शोर मचाया जा रहा है कि एनसीईआरटी शिक्षा का भगवाकरण कर रही है। वास्तव में एनसीईआरटी ने इस किताब में सल्तनत काल और मुगल काल में हुए अत्याचारों की बात की है । किसी भी दल या बुद्धिजीवी ने किताब में दिए गए तथ्यों पर सवाल नहीं उठाया है बल्कि सरकार की नीयत पर सवाल उठाया है। यह विमर्श चलाया जा रहा है कि मोदी सरकार शिक्षा का भगवाकरण कर रही है। दूसरी तरफ भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस सरकार के दौरान बच्चों को सच्चाई से दूर रखा गया है। सरकार चाहती है कि देश के विद्यार्थी इतिहास का सच जाने जो उनसे अभी तक छुपाया गया था। देखा जाए तो विपक्ष को मोदी सरकार के हर काम का विरोध करना जरूरी लगता है इसलिए इस काम का भी विरोध किया जा रहा है। मुख्य रूप से विपक्ष सरकार पर आरोप लगा रहा है कि मुग़लो को बदनाम करने की सरकार द्वारा साजिश की जा रही है। विपक्ष यह कहने की कोशिश कर रहा है कि सरकार के इस काम के कारण हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को खतरा पैदा हो सकता है। सवाल यह है कि क्या झूठे इतिहास के सहारे इस भाईचारे को कायम रखने की कोशिश की जा रही है या सच को छुपाने से यह भाईचारा बना रहेगा। मुझे कभी-कभी यह समझ नहीं आता है कि विपक्ष को छोटी-छोटी बातों से हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बिगड़ने का डर क्यों सताने लगता है। सवाल यह है कि इतिहास का सच बताने से क्या हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा खत्म हो सकता है। देखा जाए तो मोदी सरकार कुछ नया नहीं बताने जा रही है। जो कुछ एनसीईआरटी ने अपनी किताब में शामिल किया है उसे इतिहास के वो विद्यार्थी जानते हैं जिन्होंने मैट्रिक के बाद इतिहास को पढ़ा है। भाजपा के कुछ नेताओं और समर्थको द्वारा यह कहा जा रहा है कि नेहरू सरकार से लेकर जो कुछ अभी तक एनसीईआरटी द्वारा पढ़ाया जा रहा था उसमें मुग़लों के बारे में झूठ बताया जा रहा था। वास्तव में यह पूरी तरह से गलत है कि पहले झूठ बोला जा रहा था और जो अब शामिल किया गया है वही सच है। वास्तव में सच बताया नहीं गया था क्योंकि सरकार को लगता था कि छोटे बच्चों को ये सच बताना सही नहीं है। अगर अकबर की बात करें तो मैट्रिक के बाद बच्चे वो पढ़ते थे जो आज एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताब में बताया गया है। अकबर ने चितौड़ पर विजय हासिल करने के बाद लगभग तीस हजार हिंदुओं की हत्या करके उनकी खोपड़ियों का मीनार बनाया था। इस ऐतिहासिक सच को इतिहास के स्नातक करने वाले विद्यार्थी जानते थे लेकिन मैट्रिक तक पढ़ने वाले बच्चे नहीं जानते थे। सवाल यह पैदा होता है कि इस सच को छुपाने की जरूरत क्या थी बल्कि इस सच को छुपाकर तो अकबर के साथ अन्याय किया गया है। इस घटना को न जानने वाला कैसे जान सकता है कि अकबर में कितना बड़ा बदलाव आया था। क्या सम्राट अशोक ने कलिंग के युद्ध में लाखों लोगों की हत्याएं नहीं की थी। निर्दोष लोगों की हत्या के बाद सम्राट अशोक में मानवता जाग गई और उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया इसलिए अशोक महान कहलाये। सवाल यह है कि इन दोनों राजाओं को देखने का नजरिया क्या है। वास्तव में महान अशोक की तुलना अकबर से नहीं की जा सकती क्योंकि अशोक ने निर्दोष जनता की हत्या नहीं की थी जबकि अकबर ने जीत के बाद आम जनता का नरसंहार किया था जिसमें औरतें और बच्चे भी शामिल थे। दूसरी तरफ कलिंग युद्ध में जो लोग मारे गए वो युद्ध में लड़ते हुए मारे गए थे न कि युद्ध जीतने के बाद मारे गए थे। एक सच यह भी है कि अकबर ने सहनशीलता का सिद्धांत इसलिए अपनाया क्योंकि वो जान गया था कि भारत पर लंबे समय तक शासन करना है तो हिन्दुओं को साथ लेकर चलना होगा अन्यथा मुगल शासन ज्यादा देर तक नहीं चल पाएगा। उसने जो नीति अपनाई, वो उसकी राजनीति का हिस्सा था न कि उसमें मानवता जाग गई थी और वो हिन्दुओं से प्रेम करने लगा था।

## कटाक्ष
हसन जैदी



# भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान



किशन भावनानीं

वैश्विक स्तरपर जहां एक और दुनियाँ युद्ध के साए में घिरी हुई है, तो दूसरी ओर अब मानवीय स्वास्थ्य को लेकर विश्व में दीर्घकालिक मंथन शुरू हो गया है। क्योंकि वर्षो पुरानी कहावत हेल्थ इज़ वेल्थ अब हर देश के सरकारों को पूरी तरह समझ में आ गई है,इसलिए अब 106 से अधिक देशों ने कार्बोनेटेड ड्रिंक पर विशेष कर या उपकर लगाया जाता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत में तो तंबाकू शराब इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रिकल स्मोकिंग डिवाइसेस एनर्जी ड्रिंक्स पर अधिक टैक्स लगाए जाते हैं,परंतु यूएई में इस पर अब 100 पेर्सेंट टैक्स होगा,यानें अब वहां एक जनवरी 2026 से जिस कोल्डड्रिंक या किसी भी पेय पदार्थ में शक्कर अधिक होगी तो उसपर उतना ही अधिक टैक्स लगाया जाएगा, यानें अब टैक्स रिटेल प्राइस पर नहीं बल्कि अधिकतम चीनी प्रयोग पर टैक्स लगाया जाएगा तो, भारत में अभी स्कूलों शासकीय कार्यालयों सार्वजनिक स्थानों सहित हर जगह वसा यांने शक्कर की मात्रा विभिन्न खाद्य पदार्थों में कितनी है उस जानकारी के बोर्ड हर स्थान पर लगाने होंगे, क्योंकि अब पूरी दुनियाँ हेल्थ इस वेल्थ के सूत्र को स्वीकृत कर इस दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ा रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मधुमेह मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने, स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन की वैश्वीकरण नीति लागू करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं, इसीलिए सेहत के लिए शक्कर के खिलाफ विश्वयुद्ध, भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान शुरू, यूएई में 1 जनवरी 2026 से कोल्डड्रिंक व पेय पदार्थों पर, चीनी आधारित टैक्स लगेगा। साथियों बात अगर हम चीनी के अधिकतम सेवन से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की करें तो,वैश्विक स्तरपर, चीनी के अत्यधिक सेवन से स्वास्थ्य पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, जिनमें मोटापा, हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, यकृत रोग और दांतों की सड़न शामिल हैं। इसलिए, चीनी के सेवन को कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वैश्विक स्तरपर कार्रवाई शुरू करना महत्वपूर्ण है।चीनी, और विशेष रूप से मीठे पेय पदार्थों की खपत को कम करने के प्रयास में, दुनियाँ भर की सरकारों ने मीठे पेय पदार्थों पर कर लगाने सहित कई रणनीतियां लागू की हैं।मेक्सिको ने 10 पेर्सेंट चीनी कर लागू किया है , जिसके परिणामस्वरूप चीनी- मीठे पेय पदार्थों की खपत में 12पेर्सेंट की कमी आई है। फ्रांस और चिली ने भी इसी तरह के कर लागू किए हैं, जबकि इंडोनेशिया, भारत और फिलीपींस जैसे अन्य देश चीनी पर कर लगाने पर विचार कर रहे हैं।कैंसर रिसर्च यूके और यूके हेल्थ फ़ोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार , ब्रिटेन में चीनी-मीठे पेय पदार्थों पर कर लगाने से अगले 10 वर्षों में 37 लाख लोगों को मोटापे से बचाया जा सकता है। सर्वेक्षण में शामिल आधे से ज़्यादा ब्रिटिश जनता ने इस कर का समर्थन किया है। साथियों बात अगर हम संयुक्त अरब अमीरात में 1 जनवरी 2026 से मीठे पेय पदार्थों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की करें तो, यूएई मीठे पेय पदार्थों पर एक नया चीनी-सामग्री-आधारित उत्पाद शुल्क लागू करेगा, वित्त मंत्रालय और संघीय कर प्राधिकरण (एफटीए) ने शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 को घोषणा की।यह कदम स्वस्थ उपभोग की आदतों को बढ़ावा देने तथा जनसंख्या में चीनी के सेवन को कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।संशोधित मॉडल के तहत, कर अब एक समान 50 प्रतिशत की दर से नहीं लगाया जाएगा।इसके बजाय, इसकी गणना प्रति 100 मिलीलीटर चीनी की मात्रा के आधार पर की जाएगी-अर्थात, उच्च चीनी स्तर वाले उत्पादों पर अधिक कर लगाया जाएगा, जबकि कम चीनी वाले लोगों को कम दर का भुगतान करना पड़ सकता है। यह पहल बेहतर आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने और मधुमेह व मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने की यूएई की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है। स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन देकर, अधिकारी उपभोक्ताओं और निर्माताओं, दोनों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक विकल्पों की ओर प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं।मंत्रालय ने एक बयान में कहा,₹संशोधित ढाँचा जन स्वास्थ्य और सतत कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। हम दीर्घकालिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राजकोषीय नीति का लाभ उठा रहे हैं साथियों बात अगर हम भारत में कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर टैक्स की करें तो,इसपर कई देशों में उच्च कर लगाया जाता है, जिसे अक्सर ₹चीनी कर₹ या ₹सॉफ्ट ड्रिंक टैक्स₹ कहा जाता है। भारत में भी, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर 28 पेर्सेंट जीएसटी और 12 पेर्सेंट क्षतिपूर्ति उपकर लगता है, जिससे कुल कर 40 पेर्सेंट हो जाता है।उच्च कर का कारणः- कार्बोनेटेड ड्रिंक, विशेष रूप से जिनमें चीनी की मात्रा अधिक होती है, को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इसलिए, कई सरकारें इनपर उच्च कर लगाकर लोगों को इनके सेवन से हतोत्साहित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कोशिश करती हैं मीडिया के अनुसार, 106 से अधिक देशों में कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर विशेषकर या उपकर लगाए जाते हैं।दरअसल, सरकार को इन ड्रिंक्स पर अभी तक लागू 28 फीसदी के जीएसटी स्लैब को कम किए जाने का अनुरोध मिला है,महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने केंद्रीय वित्तमंत्री से कार्बोनेटेड ड्रिंक्स पर लागू जीएसटी को तर्कसंगत बनाने का आग्रह किया है,हालांकि, इस पर फैसला आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में होगा। साथियों बात अगर हम अधिक शक्कर सेवन से होने वाली स्वास्थ्य हानि की करें तो,इंसान की जीभ में पांच तरह के टेस्ट बड्स होते हैं। इनसे ही हमें मीठे, नमकीन, खट्टे, कड़वे और तीखे का अहसास होता है। इनमें सबसे शक्तिशाली है मीठे का स्वाद। इतना शक्तिशाली कि दुनिया की सबसे बेस्वाद और कड़वी चीजें भी शक्कर में लिपटी हों तो स्वादिष्ट लगने लगती हैं।दुनिया में अनगिनत लोग इसी मीठे के नशे में डूबे हुए हैं। इन लोगों को चीनी के स्वाद से मुहब्बत है। लेकिन शायद ये लोग नहीं जानते कि यह चीनी ही उनकी असली दुश्मन है। चीनी दुनिया का सबसे खतरनाक और एडिक्टिव ड्रग है, अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के मुताबिक चीनी इंसान के लिए किसी बंदूक से ज्यादा घातक है। ज्यादा चीनी खाने से हर तरह की बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इससे मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, अल्जाइमर्स जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ये हेल्थ कंडीशन हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और कैंसर के खतरे को भी बढ़ा सकती हैं। साल 2015 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सलाह दी थी कि लोगों को अपना डाइट प्लान इस तरह बनाना चाहिए कि एक दिन के टोटल कैलोरी इंटेक का 5 परेसेंट से ज्यादा ऐडेड शुगर से न आए। यानी अगर आप दिनभर में 2,000 कैलोरीज ले रहे हैं तो अधिकतम 100 कैलोरी ही ऐडेड शुगर से आए। यह लगभग 6 चम्मच चीनी खाने के बराबर होगा।अधिक चीनी खाने से कई गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ असर नजर आ सकते हैं। (1) थकान महसूस होती है। (2) मूड खराब हो जाता है। (3) पेट में आती सूजनः (4) ज्यादा भूख लगती है।ज्यादा चीनी खाने से लंबे समय में होने वाले नुकसान बेहद खतरनाक हैं।(5)दांत सड़ सकते हैं (6) मुंहासे हो सकते हैं। (7) बढ़ सकता है वजन और मोटापा (8) टाइप-2 डायबिटीज का खतरा (9) ब्लड प्रेशर बढ़ता है।(10) कार्डियोवस्कुलर डिजीज का खतरा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सेहत के लिए शक्कर केखिलाफ़ विश्वयुद्ध-भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान-यूएई में 1जनवरी 2026 से चीनी आधारित टैक्स सिस्टम लागू सेहत के लिए शक्कर एक धीमा जहर है,इसके खिलाफ़ भारत के साथ यूएई ने भी कमर कसी- दीर्घकालीन रणनीति पर काम शुरूमधुमेह मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने, स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन की वैश्विक रणनीति सराहनीय है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# सर्पदंश आपदा जोखिम न्यूनीकरण के उपाय



डॉ. नन्दकिशोर साह

आपदा किसी क्षेत्र में हुए विध्वंस, अनिष्ट, विपत्ति या बेहद गंभीर घटना है, जो प्राकृतिक या मानव जनित कारणों या लापरवाही से घटित होती है। इसमें बड़ी मात्रा में मानव जीवन, संपत्ति, पर्यावरण की हानि होती है। उत्तर प्रदेश प्रायः विभिन्न प्रकार की आपदाओं से प्रभावित रहता है। आपदा प्रदेश में व्यापक रूप से जन-धन की हानि का कारण बनती हैं। राज्य में आपदा के कारण होने वाली जनहानि को कम करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण प्रदेश की जनता को आपदा से बचाव हेतु जागरूक बनाने एवं राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित किया गया है। इससे मृत व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपए की सहायता घटना के राशि एक सप्ताह के अंदर प्रदान की जाती है। वन्य जीव भी समाज का एक हिस्सा हैं। समाज के बदलते स्वरूप के कारण वन्य जीवों पर अनेक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। वन्य क्षेत्र सिमट रहे हैं, वन्य प्राणियों के रहने के क्षेत्र सीमित हो रहे हैं, ऐसे में उनका सामना मनुष्यों से होना एक आम घटना है। सर्प भी उन्हीं जीवों में से एक है। सर्प ऐसा जीव है जो हमेशा छिप कर ही रहना चाहता है लेकिन जब इनका सामना मनुष्यों से होता है तो कभी-कभी मनुष्य भी इनके दंश का शिकार हो जाते हैं। सर्पदंश जीवन एक घातक घटना होती है, जिसमें बचाव के लिए बहुत कम समय मिलता है। यदि ससमय इलाज नहीं किया जाता है तो जनहानि की संभावना बढ़ जाती है। सर्पदंश पीड़ित का त्वरित इलाज कराकर जनहानि को रोका जा सकता है। सर्पदंश की घटनाएं पूरे वर्ष होती हैं, परंतु मानसून के दौरान सर्पदंश की घटनाएं अत्यधिक होती हैं। सर्पदंश के प्रति समाज का हर वर्ग संवेदनशील होता है, किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटना एवं इससे हताहत होने की अधिक संभावना रहती है। भारत में प्रति वर्ष सर्पदंश से लगभग 58,000 मौतें होती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में सर्पदंश की घटनाएं प्रति वर्ष लगभग 50 लाख होती हैं, जिनमें से 1.38 लाख मौतें होती हैं। भारत में सर्पदंश के मामले मई से सितंबर के बीच बढ़ जाते हैं, जब सांप अपने बिलों से निकलकर इंसानी आबादी के बीच आ जाते हैं। शोध के अनुसार भारत में मात्र 15 प्रतिशत सर्प ही जहरीली प्रजाति के पाये जाते हैं, शेष 85 प्रतिशत प्रजातियां विषहीन हैं। भारत में सर्पदंश से मौतों के आँकड़े दुनिया के किसी भी देश से अधिक हैं। इसके पीछे का तर्क है कि सांपों के बारे में सही जानकारी का अभाव एवं समय से इलाज का न मिल पाना। सर्पदंश की घटनाओं एवं इससे होने वाली जनहानियों की रोकथाम और प्रबंधन के लिए समुदाय को जागरूक करना आवश्यक है। सर्पदंश के लक्षणों को पहचानें। अगर सांप जहरीला है तो शरीर में सांप के काटने के दो निशान बने होंगे। अगर सांप जहरीला है और एक से अधिक जगह काटा है तो वैसे ही दो निशान समान दूरी पर अन्य जगहों पर भी बने होंगे। जहरीले सांप के निशान 2-4 मिलीमीटर तक गहरे हो सकते हैं। अगर सांप जहरीला नहीं है तो उसके काटे के छोटे-छोटे कई निशान बने होंगे, जो ज्यादा गहरे नहीं होंगे। साँप द्वारा काटे गये जगह पर दर्द होना तथा नींद आना। सर्पदंश के तत्काल बाद सबसे पहले जिसे सांप ने काटा है उस पीड़ित व्यक्ति को सांत्वना दें, घबराहट को दूर करें। घबराहट से हृदय गति/खून का संचार तेज हो जाता है, जिससे जहर जल्दी फैलने लगता है। दांत के निशान की पहचान करें तथा काटे हुये स्थान को सांप पानी एवं साबुन/डिटॉल से धोएँ। काटे हुए स्थान को स्थिर करें अर्थात व्यक्ति को चलने फिरने न दें। सांप काटे हुए अंग को हृदय की ऊँचाई से नीचे रखें तथा घाव के ऊपर हल्के से पट्टी बाँधें। साँप के काटे व्यक्ति के शरीर से अंगूठियाँ, घड़ी कड़ा और टाइट कपड़े हटा दें जो सूजन के कारण रक्त प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाकर एंटी वेनम इंजेक्शन लगवाएँ। यदि डसने वाले सांप को देख लिया है तो उसका आकार और रंग आदि डॉक्टर को बतायें। सर्पदंश के तत्काल बाद कुछ सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। सबसे पहले मंत्र या तांत्रिक अथवा सपेरे के चक्कर में न पड़ें। झाड़-फूंक करवाने बर्फ या गरम पदार्थ काटे हुए स्थान पर न लगाएँ। पीड़ित व्यक्ति के सर्पदंश वाले भाग पर किसी भी प्रकार का मरहम न लगाएं। मरीज के घाव से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। काटे हुए स्थान के ऊपर या नीचे रस्सी से न बाँधें। साँप के काटे स्थान के कुछ ऊपर बांधना प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा ही किया जाये। चीरा न लगाएं, ऐसा करने से खून की मुख्य नस कट जाने का खतरा हो सकता है, जिससे ज्यादा खून बह जाने पर व्यक्ति को बचाना मुश्किल हो जायेगा। साँप के काटे हुए घाव से विष चूसने की कोशिश न करें, यह चूसने वाले लिए और जिसे ने काटा है, दोनों के लिए जानलेवा हो सकता है। सांप के काटे हुए स्थान पर किसी भी तरह की जड़ी बूटियों को न रगड़ें। बिना चिकित्सीय सलाह के अपने मन से किसी भी प्रकार की दवा मरीज को न दें। पीड़ित व्यक्ति को चलने या किसी भी प्रकार की शारीरिक क्रिया न करने दें। मांसपेशियों की रगड़ से जहर बहुत जल्दी पूरे शरीर में फैल सकता है। कुछ केस में चीरा लगाकर भी विष को निकालना पड़ता है। ऐसे में घबराएं नहीं। घबराहट में विष का असर तेज होता है। सांप को मारने का प्रयास न करें। सर्पदंश होने पर कुछ मरीज धूम्रपान अथवा तंबाकू की मांग करते हैं। ये चीजें किसी भी कीमत पर न दें। पीड़ित को सोने भी न दें। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाएं ताकि उसे जीवन रक्षक दवाएं दी जा सकें। सर्पदंश से पूर्व सतर्कता बरते के जनहानि को कम किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि साँप के रहने के स्थान की जानकारी रखें। अपने आसपास साफ-सफाई रखें। पेड़ की शाखाओं को घरों की दीवारों और खिड़कियों से सटने न दें। घर को चूहों, मेंढकों आदि जंतुओं से मुक्त रखें। मुर्गी, कबूतर, खरगोश इत्यादि छोटे जानवरों को घरों से दूर रखें। खेतों में काम करते समय सतर्क रहें। बड़े जूता पहनकर ही कार्य करें। खेतों में/झाड़ियों में जाते समय सदैव लाठी/डण्डा का प्रयोग साथ रखें। रात को बाहर जाते समय टॉर्च-लाइट और लाठी/डंडा साथ ले जाना न भूलें। जब तक आवश्यक न हो, उन जगहों से बचें, जहाँ सांप रह सकते हैं, जैसे लंबी घास या चट्टानी क्षेत्र, गिरे हुए लकड़ी के लट्ठे, दलदल और जमीन में गहरे छेद आदि। फर्श/जमीन पर सोने से बचें एवं सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

## कविता



संजय एम तराणेकर

### घायल हूँ आपकी 'नजर' से...!

घायल हो गया हूँ आपकी 'नजर' से,
मुझे पागल न कीजिए इस कदर से।

मेरी यादों से दूर अब कभी न जाना,
मालूम है तुम्हें बहाना आता बनाना।

जो हसीन लम्हें हमने साथ गुजारे हैं,
हाँ, वो आधे तुम्हारे और आधे मेरे हैं।

ज़िंदगी पे कब किसी का इख़्तियार,
हमें करना आता है बस तुमसे प्यार।

मेरी निगाह से कभी ओझल न होना,
प्यार पहले मिट्टी था अब हुआ सोना।

# सचिव वैद्य गुरु तीनि जौं...




अनुराग अवस्थी मार्शल

## मार्शल का बाईस्कोप

कानपुर के बाहर कई जगह इस सप्ताह जाना हुआ ।जगह जगह पर लोगों की दिलचस्पी नया मुख्य सचिव कौन, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन,प्रदेश की कमान किसको, योगी के ज्यादा नजदीक कौन, किससे दूरी, दूरी तो कारण क्या क्यों...,उनके सामने लोग सच बोलने की हिम्मत क्यों नहीं करते हैं,या वो सुनना ही ,जी महाराज जी/ हां महाराज जी सुनना चाहते हैं, सरकार/पब्लिक को सबसे ज्यादा पुलिस नुकसान पहुंचा रही है,या राजस्व और बिजली, पुलिस क्या निरंकुश ज्यादा हो गई है,अगर हां तो क्यों? कुछ इसी तरह की चर्चा होती दिखी।थाने तहसील से बाहर निकल जब आप दूसरों को सुनते हैं तो निश्चय ही कुछ नई जानकारियां मिलती हैं, घूस गिरावट या बेइमानी के कुछ नए मानकों का पता चलता है , कुछ बनी बनाई धारणाएं टूटती हैं। वापसी के समय लोगों की चर्चाओं पर चिंतन कर रहा था। 1_मुख्य सचिव कोई भी हो, उससे योगी और दिल्ली की ट्यूनिंग पर नई चर्चाएं,टीवी रूम बहस और लेख आयेंगे।पब्लिक पर सीधे कोई फर्क नहीं पड़ना। मुझसे तो कोई पूंछ नहीं रहा, वरना कह देता दीपक कुमार।कारण टिकैत आंदोलन से कानपुर कार्यकाल तक आसानी से न झुकने की उनकी ठसक। 2_भाजपा का राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष कोई भी बने पूरब के एक जिले के,कई प्रदेशों में संगठन का काम देख आए पंडित जी के लखनऊ 3_योगी के नजदीक तो वो ही बताए गए जो स्वभाव से नहीं नाम से स्वतंत्र हैं। 3_पुलिस तो वो डेंट लगा रही है ,जो किसी भी गैरेज(सरकारी योजना) से खत्म होने वाला नहीं। एक से एक किस्से ।किस्से क्या सच ।पति पत्नी के बीच विवाद , पत्नी की शिकायत,पति को थाने में बैठालने के बाकायदा रेट। तहसील में कुछ हजार से शुरू,होकर नोएडा जैसे बड़े कमिश्नरेट 50 पेटी। मै सोचने लगा वन नेशन वन वसूली कब होगा। बाकी अनिल कुमार के प्रमुख सचिव राजस्व बनने के बाद जो तहसीलों में सुधार की उम्मीदें लगी थी अभी पूरे होते नहीं दिख रहीं।मेरी उम्मीदें टूटी भी नहीं हैं केडीए वीसी रहते मुख्यमंत्री मुलायम के दवाब को नकार कर उनके सबसे नजदीकी हरमोहन सिंह पर 16 लाख जुर्माना लगाने का पूरा प्रकरण आंखों के सामने आज भी कौंध रहा है। बिजली की हालत ने तो पूर्व आईएएस शर्मा जी को तो मेन लाइन से ही कटिया केटा गिरी में पहुंचा दिया है। 4_सबसे आखिरी जरूरी बात।आखिर लोग योगी के सामने जाकर उन्हें सच क्यों नहीं बोलते हैं,फिर जाते क्यों है,केवल सड़क नाला पुल मांगने...। ये बताने में क्या संकोच कि पब्लिक में ये नेरेटिव सेट हो रहा है कि पुलिस 5 सौ का काम 5 हजार में करने लगी है।तहसीलों में मुक़दमे 3 महीने 6 महीने नहीं 4/6 दस साल तक खत्म नहीं हो रहे। लेखपालों ने आपकी योजना घरौंनी और हिस्साफ़ाँट की व्हाट लगा दी है। विधायकों का सबसे बड़ा दर्द ये है कि अफसर उन्हें माननीय ही नहीं मान रहे । अब मैं जाता तो ऐसे ही कुछ कहता उनसे ।इसलिए और कि पिछले 30 /32 साल में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने माफियाओं को जड़ से खत्म करने का बीड़ा उठाया है।उसका सफल होना समाज के हित में है,वरना लोकतंत्र में चुनाव सरकारें आती जाती रहती हैं। अंत में मुझे सांप्रदायिक न बना दिया जाए वरना मैं तो यही कहता कि संविधान के साथ रामायण की ये शपथ भी दिलाई जाए माननीयों और ब्यूरोक्रेट्स को कि सचिव ,वैद्य,गुरु तीन जौं प्रिय बोलहिं भय आस, राज,धर्म,तन, तीनि कर होई बेगीहीं नाश। हां इस शपथ के उल्लंघन अर्थात राजा के सामने सच न बोलने पर (झूठ पकड़ जाने )पर कड़े दंड पद से हटाने का तो प्रावधान कर ही दो। राजा तो तीन ही हैं।पीएम,सीएम और डीएम(आई ए एस).।इनके सामने सच बोलना पड़ेगा और इनको भी सच सुनना पड़ेगा।इस बार इतना ही बाकी बाद में।आप बताइए रामराज्य नहीं हो जाएगा इससे ?

# भारतीय सेना के शौर्य तथा पराक्रम का जीवंत प्रतीक



संजीव ठाकुर

1999 में कारगिल में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक के रूप में देश में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की सेना को 28000 फुट ऊंचाई में भारतीय फौज ने अपने साहस और वीरता से परास्त कर फौज को वापस जाने पर मजबूर कर दिया था। इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि तथा नमन करते हुए याद करने की दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1998 में भारत तथा पाकिस्तान दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण किए जाने से तेजी से युद्ध का माहौल बन गया था और स्थिति को शांत तथा युद्ध से दूर रखने के प्रयास में दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर भी किए थे। कारगिल युद्ध की शुरुआत पाकिस्तान द्वारा कारगिल क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा जमाने के कारण हुई। भारतीय सेना ने 3 मई 1999 को कारगिल क्षेत्र की इन महत्वपूर्ण पहाड़ियों में पाकिस्तान सेना से मुक्त करने के लिए युद्ध की घोषणा की। युद्ध लगभग 60 दिनों तक जारी रहा और 26 जुलाई को भारतीय सेना ने कारगिल की पहाड़ियों में घुसपैठियों को मार कर उसे क्षेत्र को मुक्त कर भगा दिया। इस कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई एवं बड़ी संख्या में सैनिक हताहत भी हुए भारतीय सेना के भी जवान ईस युद्ध में शहीद हुए जिनकी शहादत को नमन तथा श्रद्धांजलि अर्पित करने हर 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय बड़ी ही श्रद्धा एवं भावभीने तरीके से मनाया जाता है। इस युद्ध की शुरुआत में पाकिस्तान ने अपने अर्धसैनिक बल रेजीमेंट तथा नियमित पाकिस्तान फ़ौज़ गुप्त रूप से कारगिल के क्षेत्र में भेजी थी और खुले तौर पर भारतीय नियंत्रित क्षेत्र में 132 सुविधाजनक अड्डों पर अपना नियंत्रण कर लिया था। पाकिस्तानी सेना में कश्मीरी गोरिल्ला और अफगान के भाड़े के सैनिक भी शामिल थे। मई 99 की शुरुआत में कई क्षेत्र में इन घुसपैठियों का पता नहीं चल पाया था भारतीय सेना ने घुसपैठ के खिलाफ सुना नहीं भेजी थी।इसके फल स्वरुप पाकिस्तान द्वारा गोलाबारी से कश्मीरी गुरिल्लाओं तथा तालिबानी आतंकवादियों को घुसपैठ करने के लिए कवरेज प्रदान किया गया था। 15 मई 1999 तक पाकिस्तान द्वारा 250 से 300 किलोमीटर तक कब्जा कर लिया गया था इसके बाद फिर भारतीय फौजी की कई रेजीमेंट तथा डिवीजन को पाकिस्तानी आतंकवादी विरोधी तथा पाकिस्तान के विरुद्ध तैनात होने के आदेश दिया गया। पाकिस्तान ने टोप खाने सहित भारी संख्या में लैंड माइंस तथा विमान टोही रडार भी कारगिल की चोटियों में स्थापित कर लिए थे। उल्लेखनीय की इस युद्ध में अमेरिका भी नेपथ्य में रहकर पाकिस्तान की मदद कर रहा था। फिर भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय संचालित करते हुए अपनी सेना को तैनात किया और लगभग भारतीय सैनिक की लामबंदी की गई। भारत ने अपनी फौज के दो डिविजन जिनकी संख्या 20000 सैनिक की थी और भारत के अर्धसैनिक बलों तथा वायु सेना के कई हजार सैनिकों को संघर्ष क्षेत्र में तैनात किया था इस तरह कारगिल में कुल भारतीय सैनिकों की संख्या लगभग 30000 हो चुकी थी। भारत सरकार ने वायु सेना को भी इस 18000 ऊंचाई पर सीमित आक्रमण करने के निर्देश दिए गए थे और यह भी निर्देश दिए गए थे की किन्हीं भी परिस्थितियों में भारतीय सीमाओं को भारतीय वायु सेना पार नहीं करेगी। दूसरी तरफ भारतीय जल सेना को आदेश दिया गया था कि वह ऑपरेशन सफेद सागर शुरू करें। इस युद्ध में भारतीय सेना ने ऑपरेशन तलवार के तहत आपूर्ति मार्गों को काटने के लिए पाकिस्तान के बंदरगाहों को अवरुद्ध करने की भी तैयारी कर ली थी भारतीय नौसेना ने पश्चिम और पूर्वी बेड़े को अरब सागर में तैनात कर दिया था एवं आक्रामक ग्रस्त शुरू कर दी थी। इस तरह जल थल एवं वायु सेना के जबर्दस्त प्रहार से पाकिस्तान सेना के छक्के छूट गए थे। पाकिस्तानी सैनिक वहां से अपने गोला बारूद छोड़कर भाग गए। कारगिल में ऑपरेशन विजय अत्यंत सफल रहा 26 जुलाई 99 को भारत ने इन चोटियों पर अपना कब्जा कर विजय की घोषणा की और तब से कारगिल विजय के रूप में ऑपरेशन विजय को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस में इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए भारतीय फौज के बहादुर सैनिकों की याद में दिल्ली तथा देश के कोने कोने में श्रद्धांजलि तथा नमन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गौर तलब है कि पाकिस्तान जैसा नापाक देश भारत से स्वतंत्रता के बाद से 1965 1971 1999 और 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के तहत बुरी तरह मत खा चुका है पर वह अपनी आदतों से बाज नहीं आता है भारत देश ने कह दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी केवल स्थगित किया गया है यदि पाकिस्तान कोई आतंकवादी घटना करता है तो कुछ घटना को एक्ट आफ वार घोषित कर पाकिस्तान पर अंतिम निर्णय होने तक फौजी कार्रवाई की जाएगी।

## 26 जुलाई ऑपरेशन विजय



## एक नजर

### शातिर चोर गिरफ्तार, गहने व नकदी बरामद



**सीतापुर।** रेउसा पुलिस टीम ने चोरी व नकबजनी जैसी घटनाओं के दर्ज अभियोगों में संलिप्त अभियुक्त विजय पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम लोनियनपुरवा बैदोरा थाना रेउसा को बेदौरा सोनावा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से चोरी से सम्बन्धित नकदी कुल 6,750 रुपये, एक जोड़ी बाली, एक चांदी का सिक्का, दो भगोना स्टील, तीन कटोरा, एक थाली फूल, एक चम्मच बडा पीतल, चार साड़ी, एक अगूंठी, एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी बाला व एक जोडी पायल बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त विजय उपरोक्त ने अपने अन्य साथी के साथ करीब एक माह पहले हीरालाल निवासी अकसोहा के घर से तथा लगभग 20 – 25 दिन पूर्व रात्रि में अवधराम प्रधान निवासी भवानीपुर के घर से चोरी किया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी लूट, चोरी व नकबनजी जैसे अपराधों में कई अभियोग पंजीकृत हैं। चोरी से संबंधित माल बरामदगी के आधार पर चोरी संबंधी अभियोगों में धारा तरमीम कर अभियुक्त का चालान किया है।

### लूट की घटना का वर्कआउट, लुटेरा गिरफ्तार



**सीतापुर।** बाइक सवार से अंगूठी लूटने वाले 11 मुकदमों के नामजद अंतर्जनपदीय शातिर बदमाश को को महमूदाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। महमूदाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की रात सवा एक बजे लखनऊ मार्ग व फतेहपुर मार्ग बाइपास पर गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। युवक के पास 315 बोर अवैध तमंचा मय कारतूस व 22 सौ रुपए बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम समी अहमद पुत्र अली अहमद लखनऊ के मड़ियांव के मार्केट बाल निकुंज इंटर कालेज के रहता है। युवक ने बताया कि उसने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर असलहे के बल पर 12 मई की दोपहर मुबारकपुरकलां के नीरजकांत पुत्र रमेश चंद्र से पैंतेपुर–भगौली नहर पटरी पर सोने की दो अंगूठी छीन ली थीं। घटना को अंजाम देने के बाद दोनों मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले सह आरोपी को पहले ही जेल भेज चुकी है। जांच के दौरान पता चला कि युवक पर चोरी व लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं में लखनऊ के मड़ियांव में दो, बीकेटी में पांच, दुबग्गा में एक तथा सीतापुर के महमूदाबाद में तीन मुकदमें समेत कुल 11 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### टीकाकरण वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सीतापुर।** पशुपालन विभागीय द्वारा एफ.एम.डी.सी.पी.(खुरपका–मुंहपका रोग नियंत्रण कार्यक्रम) के 6वें चरण के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर को रवाना किया गया। इस



अवसर पर पशुपालन विभाग की टीम, पशु चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वाहन को गुब्बारों और अभियान से संबंधित बैनर से सजाया गया है, जिस पर कार्यक्रम की जानकारी दी गई है। यह टीकाकरण अभियान 45 दिनों तक चलेगा।

# कांवड़ियों के लिए किया रास्ता साफ



**लहरपुर सीतापुर।** कांवड़ियों के आगमन को लेकर बुधवार को चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को उप जिला अधिकारी आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह व पालिका टीम के द्वारा आगामी 1 अगस्त को संत त्यागी बाबा के नेतृत्व में आनेवाले हजारों कांवड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तंबौर मार्ग पर शारदा नहर रेगुलेटर से मजाशाह चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ के मार्ग से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण को हटाया गया और दुकानदारों को चेतावनी दी गई मार्ग पर कोई भी अतिक्रमण न करें। इसी क्रम में मजाशाह चौराहे से शहर बाजार तक डिवाइडर के दोनों तरफ सड़क पर अतिक्रमण किए गए दुकानदारों से अपना अपना अतिक्रमण हटाने को निर्देशित किया गया अचानक चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान से भारी संख्या में सड़क पर अतिक्रमण किये दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण हटाए जाने की सूचना पर गौरिया स्थित ट्रैक्टर कबाड़ मंडी के दुकानदार अपनी-अपनी दुकान बंद करके भाग गए, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम पुलिस अधिकारी नागेंद्र चौबे व कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह के द्वारा कुछ ट्रैक्टर दुकानदारों से संपर्क किया गया और उनसे वहां पर मौजूद ट्रैक्टर की जानकारी ली गई और ट्रैक्टर कबाड़ियों को आवश्यक प्रपत्र दिखाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

### प्रसव केंद्र पर आशा से की महिला ने अभद्रता

**लहरपुर सीतापुर।** अवैध रूप से प्रसव केंद्र संचालित करा रही एक महिला ने आशा से की अभद्रता। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को आशा किरन देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि, बुधवार को वह टीकाकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम गोरिया प्रहलादपुर में घर-घर बच्चों को टीकाकरण के लिए बुलाने गई थी तभी गांव में अवैध प्रसव केंद्र चला रही महिला ने उसे रोक कर गर्भवती महिलाओं को केंद्र पर लाने व कमीशन देने की बात कही, मेरे द्वारा मना करने पर उसने अभद्रता व वाद- विवाद किया, आशा ने आरोप लगाया है कि उक्त महिला के द्वारा लोगों से धोखाधड़ी कर घर में अवैध रूप से प्रसव केंद्र का संचालन किया जा रहा है। घटना के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने बताया कि, आशा के द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रामचंद्र एक कर्तव्यनिष्ठ व मेहनती अधिकारी : चंद्रशेखर

### विदाई समारोह में प्रशासनिक अधिकारी की हर किसी ने की सराहना

विश्ववार्ता संवाददाता



**सीतापुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद एवं राष्ट्रीय स्ववित्त पोषित शिक्षक प्रशिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र प्रजापति के कर्तव्यनिष्ठ सेवाकाल की वहां मौजूद लोगों ने सराहना की। यह समारोह केवल एक औपचारिक विदाई नहीं, बल्कि जनहित, प्रशासनिक मर्यादा और मानवीय संवेदनशीलता से परिपूर्ण एक प्रशासनिक यात्रा के प्रति श्रद्धा और आभार की जीवंत अभिव्यक्ति रहा। दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक गरिमा का संचार हुआ। राष्ट्रीय महासचिव चंद्रशेखर प्रजापति ने समारोह की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए उपस्थितजनों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने भावपूर्ण शब्दों में कार्यक्रम का परिचय, उद्देश्य एवं महत्व रेखांकित किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और अभिनंदन-पत्रों से किया गया, जो संस्था की आतिथ्य परंपरा की सुंदर प्रस्तुति थी। प्रो. प्रनिता सिंह (प्रभारी प्राचार्य) ने शिक्षक प्रशिक्षण की भूमिका और प्रशासनिक नेतृत्व पर सारगर्भित विचार रखे। प्रो. सुनील कुमार ने सेवा एवं शासन के संतुलन को उजागर किया। आर. डी. वर्मा ने प्रजापति को शिक्षा और समाज के बीच सेतु बताया। डॉ. मनोज कुमार ने उनकी उपलब्धियों को क्रमबद्ध करते हुए उनमें निहित मानवीयता को उजागर किया। पिंकी प्रजापति की समर्पित कविता ने भावनाओं का अद्भुत संचार किया। कवि रोहित विश्वकर्मा ने अनुभवों को काव्य में पिरोकर सभा को संवेदनाओं से जोड़ दिया। डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर' द्वारा रामचंद्र प्रजापति के व्यक्तित्व को रेखांकित करने के लिए विशेष अभिनंदन पत्र पढ़ा गया। राजेन्द्र कुमार सिंह (उप शिक्षा निदेशक) ने प्रशासन और शिक्षा के सहजीविता संबंध को रेखांकित करते हुए सराहना की। विशेष अभिनंदन सत्र में रामचंद्र प्रजापति को अंगवस्त्र, पुष्पहार, स्मृति-चिन्ह और भावपूर्ण अभिनंदन पत्र भेंट कर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके कर्तव्यपरायण, संवेदनशील और सेवा-समर्पित जीवन का प्रतीक बन गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने सभी सहयोगियों, वक्ताओं एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को एक सार्वजनिक संस्कार की संज्ञा दी जिसमें सेवा, सद्भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावनात्मक विरासत अंतर्निहित रही। यह विशेष अभिनंदन समारोह प्रशासनिक मर्यादा और संवेदनशील नेतृत्व की उस परंपरा का उत्सव था, जिसमें रामचंद्र प्रजापति ने अपने दीर्घकालीन सेवाकाल में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किए। इस मौके पर प्रवक्ता शाह खालिद, प्रवक्ता नरेंद्र कुमार, प्रवक्ता ईश महान शुक्ल, प्रवक्ता मोनिका गौतम, प्रवक्ता स्नेह लता वर्मा, प्रवक्ता सीमा वर्मा, प्रवक्ता राजेश्वरी, प्रवक्ता रश्मि सिरोही, प्राचार्य बृजपाल राठौर, सुरेन्द्र मौर्य, सुशील कुमार, प्राचार्य रामशंकर, वरिष्ठ सहायक जयपाल तकनीकी सहायक शशांक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी पर आयोजित टीकाकरण अभियान का हुआ निरीक्षण

**लहरपुर सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने टीकाकरण अभियान के तहत क्षेत्र के उपकेंद्र अकबरपुर के नवाब नगर टीकाकरण स्थल का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दशा निर्देश।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई ने प्राथमिक विद्यालय नवाब नगर में चल रहे टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया, टीकाकरण स्थल पर 23 बच्चों की ड्यू लिस्ट थी और निरीक्षण के समय टीकाकरण लक्ष्य के सापेक्ष में कम पाया गया जिस पर उन्होंने एएनएम प्रियंका वर्मा को निर्देश दिया कि सत्र समाप्ति तक टीकाकरण शत प्रतिशत होना चाहिए, अधीक्षक ने टीकाकरण की गुणवत्ता सही करने, MCP कार्ड सत्र पर ही भरने हेतु ANM को निर्देशित किया और आने वाली गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे और पर्याप्त मात्रा में आयरन और कैल्शियम की दवाई देने हेतु निर्देशित किया और कहा ऐसे परिवार जो टीकाकरण से इनकार करते हैं उनको प्रेरित कर उनका प्रमुखता से टीकाकरण करायें। इस मौके पर प्रमुख रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन के ब्लॉक मॉनिटर विजय अवस्थी, बीएमसी यूनिसेफ अखिलेश पांडे, मनोज वर्मा बीसीपीएम, एनम प्रियंका वर्मा, आशा पुष्पा। देवी आंगनवाड़ी रामदेवी उपस्थित थीं।

## पौधारोपण अभियान में रोपे गये पीपल, बरगद और पाकड़ के वृक्ष



**लहरपुर सीतापुर।** स्थानीय पालिका परिषद सभागार में बुधवार को लोक भारती संस्था द्वारा आगामी सोमवार को हरिशंकरी पौधारोपण अभियान पीपल, बरगद, पाकड़ के रोपित किए जाने को लेकर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक बैठक कर पौधारोपण अभियान की तैयार की गई रुपरेखा। बैठक में मुख्य अतिथि रेनू मेहरोत्रा जिला संयोजक हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी से इस अभियान में सहयोग की अपील की। बैठक में रोहित सिंह प्राकृतिक किसान ने प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। नगर अध्यक्ष भाजपा विनीत जायसवाल ने हरि संकरी पौधारोपण अभियान की जानकारी दी व पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। नगर पालिका अध्यक्ष जावेद अहमद ने हर संकरी पौधों को पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया और नगर क्षेत्र के सभी 25 वार्डों व नगर के महत्वपूर्ण स्थानों पर रोपित किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी ने इसके धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हरिसंकरी पौधे पर्यावरण को संरक्षित कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। नगर संयोजक संकरी अभियान देवेश अवस्थी ने संकरी पौधे पीपल बरगद पाकड़ को ब्रह्मा विष्णु और महेश की संज्ञा दी। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश्वर रस्तोगी ने कहा कि संकरी पौधा पर्यावरण के सथ-साथ पौराणिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। बैठक में प्रमुख रूप से अधिशाषी अधिकारी अनूप राय, नगर संयोजक हरिशंकरी अभियान देवेश अवस्थी,अजय वर्मा, राजेश्वर रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, रामेश्वर दयाल तिवारी, प्रमोद अवस्थी, सभासद संजीत अवस्थी, प्रदीप वाल्मीकि,मनीष शुक्ला, क्रांति जोशी, लल्लन खान, शोएब अहमद , आफताब अहमद, उस्मान अहमद, सत्यम शुक्ला, सूर्यांश सैनी, आलोक जायसवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, अजीत द्विवेदी , कैलाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य अनुराग मिश्रा सहित काफी संख्या में सामाजिक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# वीर सैनिकों के बलिदान एवं परिश्रम ने दिलाई कारगिल विजय : अभिषेक आनंद

- कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कुमायूं रेजीमेंट ने आयोजित किया कार्यक्रम




**सीतापुर।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कारगिल विजय से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारतीय सेना की ताकत, उस समय के हथियार, युद्ध में प्रयोग की गयी रणनीतियां, युद्ध के दौरान चुनौतियां एवं सैनिकों के अद्वितीय शौर्य को दिखाया गया। यह कार्यक्रम 7वीं कुमांयू बटालियन मध्य कमान, लखनऊ के द्वारा कारगिल युद्ध में विजय की 26 वीं वर्षगांठ के अवसर आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाईक रैली आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आगमन पर बाईक रैली का भव्य स्वागत किया गया।

कारगिल युद्ध के दौरान महान शहीद सैनिकों के सम्मान एवं युद्ध में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी, जिसमें सैनिकों के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी सभी को दी गयी एवं पात्रों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीद सिपाही मनोज कुमार यादव की वीर माता सत्यवती देवी, वीर सैनिकों प्लाइट ले. राममूर्ति, कै. महीप सिंह, वा. अफसर राम चन्द्र सिंह, सूबे. मे. सुखबेंदर सिंह, पेटी अफसर सरोज कुमार सिंह, ना. सूबे. राकेश कुमार सिंह आदि को सम्मानित भी किया गया। 7 कुमाउ रेजीमेंट के मेजर रोहित शेट्टी एवं उनकी पूरी टीम को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने सम्मानित वीर माताओं, वीर नारियों, वीर सैनिकोंई को नमन करते हुये देश की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों के बलिदान एवं अथक परिश्रम द्वारा कारगिल जैसे कठिन युद्ध में हमनें विजय प्राप्त की। उन्होंने देश सेवा के लिये तत्पर वीर सैनिकों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि इस प्रकार के आयोजन देशभक्ति की भावना को जागृत करने हेतु आवश्यक हैं। सेन्ट्रल कमाण्ड 7 कुमांऊ रेजिमेंट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के लिये सभी का धन्यवाद भी ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर राजीव पाठक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हिंदू एकता समाज सेवा के जिला प्रवक्ता चुने गये अंकित



**लहरपुर सीतापुर।** हिंदू एकता समाज सेवा (राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू व राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप शुक्ला जिला प्रभारी सीतापुर शरण हिंदू के अनुमोदन पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धौरहरा जगमालपुर निवासी हरेराम अंकित दीक्षित को हिंदू एकता समाज सेवा (राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना) का जिला प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर। नवनियुक्त जिला प्रवक्ता अंकित हिंदू ने कहा कि संगठन के उद्देश्य, समाज को संगठित, समाज को सरकारी योजनाओं का लाभ व भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में पूर्ण रूप से खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा और संगठन को आगे बढ़ने का कार्य करूंगा। अंकित हिंदू ने प्रतिबद्धता जाहिर की कि, संगठन के सहयोग से सनातन धर्म के प्रति हमेशा कार्य करूंगा।अंकित दीक्षित को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर ,प्रधान इंद्रबली, प्रधान, जितेंद्र कुमार, राम सिंह वर्मा, दयाशंकर दीक्षित, दिव्य कृष्ण मिश्र, राजेश मिश्रा, केके मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, रमा निकेत तोमर, कैलाश दीक्षित, अभिनव त्रिवेदी, निर्मल पांडे, रवि शाक्य,सचिन मिश्र,अमन वर्मा, प्रिंस अवस्थी, मनोज दुबे ने हर्ष व्यक्त किया।

# जिला कृषि अधिकारी ने किया दावा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक



**सीतापुर।** जिला कृषि अधिकारी ने जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होने का दावा किया है। उन्होंने कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि जनपद में निम्न विवरण के अनुसार उर्वरकों की उपलब्धता है, जिसमें यूरिया 10795, डीएपी 4875, एमओपी 360, एनपीके 11674, एसएसपी 7093 उपलब्ध है।जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाइयों को सलाह दी है कि संस्तुति मात्रा की दर से ही उर्वरक क्रय करें, अनावश्यक भण्डारण न करें। जनपद में निरन्तर यूरिया एवं डीएपी की रैक प्राप्त हो रही है आज जनपद में एचयूआरएल कम्पनी की 1170 मै.टन, इण्डोरामा कम्पनी की 790 मै.टन प्राप्त हुई है जिनका साधन सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक दुकानों पर प्रेशण कराया जा रहा है। शिकायतें मिल रही थी कि कुछ दुकानदारों द्वारा सुबह 6.00 बजे से 9.00 बजे तक दुकान खोलकर यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त सहायक विकास अधिकारी (कृषि) एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा सुबह 6.00 बजे 9.00 बजे तक उर्वरक दुकानों की जांच की गयी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि समस्त उर्वरक प्रतिष्ठान प्रातः 9.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक खुलेंगे एवं नियमानुसार उर्वरकों की बिक्री की जायेगी। इसके साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र हेतु कृभकों कम्पनी की एक हॉफ रैक प्राप्त होने की सम्भावना है जिसका साधन सहकारी समितियों के माध्यम से वितरण कराया जायेगा।किसान भाइयों से अपील की गयी है कि वर्तमान समय में जितनी आवश्यकता है उतनी ही यूरिया क्रय करें अगली टॉप ड्रेसिंग के लिए जब आवश्यकता हो तभी यूरिया का क्रय करें, अनावश्यक रूप से यूरिया का भण्डारण न करें। धान की फसल में 120 किग्रा. नाइट्रोजन की आवश्यकता प्रति हे. होती है। 120 किग्रा नाइट्रोजन के लिए 261 किलोग्राम यूरिया की आवश्यकता होती है इस हिसाब प्रति हे. 6 बोरी यूरिया प्रति हे. की जरूरत होती है जो कि पूरे फसलकाल में तीन बार में डाली जाती है। गन्ने की फसल में अधिक मात्रा में यूरिया डालने से फसल बढ़वार तेज हो जाती है, जिस कारण पौधे कोमल और कमजोर हो जाते हैं तथा फसल गिरने लगती है। इसके साथ-साथ में गन्ने में अधिक यूरिया प्रयोग करने से पत्ती में झुलसा रोग, लाल सड़न रोग एवं पोक्का बोईंग रोग का खतरा बढ़ जाता है तथा पाइरिल्ला कीट, टॉप बोरर, सफेद मक्खी तथा दीमक जैसे कीटो का प्रकोप भी बढ़ जाता है इन कीट एवं बीमारियो के कारण गन्ने की फसल में गुणवत्ता एवं पैदावार दोनो प्रभावित होते हैं।जिलाधिकारी द्वारा समस्त फुटकर विक्रेताओं को निर्देषित किया गया है कि खुदरा उर्वरक विक्रेताओं द्वारा यदि कृषकों को 2 बोरी से अधिक से यूरिया का वितरण किया जाता है तो उस कृषक की खतौनी एवं आधार की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेग यदि कोई कृषक बार-बार उर्वरक लेने आ रहा है तो उसको फसल/रकबे की संस्तुति मात्रा से अधिक उर्वरक न दिया जाए कृषक यदि आगामी रबी सीजन के लिए उर्वरक क्रय करने आ रहा है तो उसको बताया जाए कि अनावश्यक भण्डारण न करें एवं आवश्यकता पड़ने पर ही उर्वरक क्रय करें।उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध हो सके, के लिए जिला कृशि अधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कन्ट्रोल रूम के नम्बर 8004894761, 9839448315, 9696055412, 9415379437 व 9151730701 पर समाधान पा सकते हैं तथा सहकारिता क्षेत्र के लिए कमरा नंम्बर 116 में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसके मोबाईल नम्बर 7786049956, 9415103288, 7007557369 तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता के दूरभाष 9415566046 पर शिकायत दर्ज कराकर समाधान पा सकते हैं।

### सात विद्यार्थियों के अपहरण से फैली सनसनी

**सीतापुर।** थानगांव इलाके में प्राथमिक विद्यालय के 7 विद्यार्थियों का अपहरण का सनसनीखेज प्रकरण सामने आया है। जिसमें 1 छात्र व 6 छात्राओं के साथ घटना उस समय घटी जब मंगलवार की सुबह 8 बजे सभी छात्र छात्राएं एक साथ घर से अपने बैग बस्ते के साथ प्राथमिक विद्यालय भटपुरवा में पढ़ने जा रहे थे तभी थे। इसी बीच सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल सवार दो अपहरणकर्ताओं ने गांव के बाहर सुनसान इलाके में कारी के कारखाने के निकट से तीन बच्चों को अपहर्त कर लिया गया। साथ के अन्य 4 छात्राओं ने भागती चिल्लाती गांव पहुंच कर ग्रामीणों को घटना से अवगत करवाया। जिसपर ग्रामीणों ने मोटरसाइकिलों पर सवार होकर घेरा बंदी कर घटना में प्रयुक्त बाइक सहित दोनों अपहरणकर्ताओं को दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अपहर्त छात्र छात्राओं के अनुसार इससे पूर्व में भी कई बार इन्हीं लोगों के द्वारा पकड़ने के लिए दौड़ाया जा चुका है। जिससे स्कूल जाने में डर लगने लगा गया है घटना के दूसरे दिन आज बुधवार को डरे सहमे छात्र छात्राएं स्कूल नहीं गये है। इस घटना से आस-पास गांवों के बच्चे भी स्कूल जाने से डर गये है। पीड़ित बच्चों के परिजनों में से उमेश पुत्र विद्याधर निवासी ग्राम हजरिया ने सामूहिक तौर पर थानगांव पुलिस को तहरीर दे दी है। जिसमें नैन्सी 9 वर्ष व निशा 6 वर्ष व देवेन्द्र के बच्चे सुरजीत 6 वर्ष रूबी 9 वर्ष व हरे राम के बच्चे कामिनी 10 वर्ष व निधी 7 वर्ष व विजय कुमार की पुत्री कामिनी उम्र 6 वर्ष की तरफ से दो अपहरणकर्ताओं के विरुद्ध नाम दर्ज शिकायत की गई है। जिसमें थानगांव थाना क्षेत्र के बीबी पुरवा निवासी तौसीब पुत्र मुजाहिद व अरशद पुत्र मतीन के नाम सामिल है। उपरोक्त घटनाक्रम के सम्बन्ध में सी ओ महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया तहरीर के आधार पर धारा 137 (2) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**कार्यवाही** ग्राम पारा के मामले में चकबंदी अधिकारी एवं राजस्व कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की संस्तुति

# सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी को खारिज कर हाईकोर्ट के आदेश को यथावत रखा

विश्ववार्ता संवाददाता



**सीतापुर।** सदर तहसील अंतर्गत ग्राम पारा में भूमि हस्तांतरण के प्रकरण में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रकरण में चन्दन सिंह के पक्ष में आदेश पारित करने वाले चकबंदी अधिकारी तथा बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति करते हुये तत्कालीन राजस्व कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पारा परगना तहसील सदर की गाटा संख्या 100/3.055 हे., 318/1.050हे., 443/0.207हे. कुल 3 किता क्षेत्रफल 4.312 हे. जिसका बाजारू मूल्य लगभग 6 करोड़ रूपये है तथा जो वर्तमान अभिलेखों में ग्राम सभा के नाम अंकित है, पर पूर्व में दौरान चकबंदी कूटरचित अभिलेखों के आधार पर राम कुमार शुक्ला पुत्र शारदा प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम कौरेय्या उदयपुर के नौकर चन्दन सिंह उर्फ चन्द्रपाल सिंह पुत्र फकीरे सिंह ने अपने पक्ष में वरासत आदेश पारित कराया तथा भूमि भू-माफिया रामकुमार शुक्ला के पारिवारिक जनों के पक्ष में बैनामा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि राम कुमार शुक्ला पुत्र शारदा प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम कौरेय्या उदयपुर, जिन्हें जनपद स्तरीय एण्टी भू माफिया टास्क फोर्स ने अपने आदेश संख्या 1305 दिनांक 19 फ़रवरी 2025 द्वारा भू माफिया घोषित किया गया है। उक्त भूमि न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर के आदेश दिनांक 17 सितंबर 1984 तथा उप संचालक चकबन्दी सीतापुर के आदेश दिनांक 17 सितंबर 2024 के द्वारा ग्राम सभा के नाम दर्ज हुई। उपरोक्त आदेशों के विरूद्ध चन्दन सिंह उर्फ चन्द्रपाल सिंह पुत्र फकीरे सिंह द्वारा मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में रिट याचिका संख्या बी 1043/2024 चन्दन सिंह उर्फ चन्द्रपाल सिंह बनाम उप संचालक चकबन्दी व अन्य योजित की गयी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्ड पीठ लखनऊ ने दिनांक 27 मार्च 2025 को उक्त वाद में ग्राम पारा स्थित उपरोक्त भूमि ग्राम सभा के नाम दर्ज करने सम्बन्धी विस्तृत आदेश शासन के पक्ष में पारित किया गया। ग्राम सभा के नाम दर्ज उक्त भूमि को वृहद गौशाला तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग हेतु प्रस्तावित किया गया है। उक्त आदेश के विरूद्ध चन्दन सिंह उर्फ चन्द्रपाल सिंह द्वारा उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (स्पेशल लीव पिटीशन) योजित की गयी। जहाँ तन्मय अग्रवाल (एडवोकेट ऑन रिकार्ड) द्वारा सरकार की तरफ से उच्चतम न्यायालय में पक्ष रखा गया। उच्चतम न्यायालय द्वारा उक्त विशेष अनुमति याचिका (एस.एल.पी) को दिनांक 21 जुलाई 2025 को निरस्त करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को यथावत रखा गया।

## एक नजर

### 4.66 लाख कीमत के एक ट्रक स्क्रेप की धोखाधड़ी पर मुकदमा दर्ज।

**कानपुर।** एक ट्रांसपोर्टर के साथ बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कानपुर देहात के शिवली क्षेत्र के रंजीतपुर निवासी प्रदीप सिंह ने शिकायत दर्ज करके बताया कि एक मार्च को उन्होंने अपना एक ट्रक स्क्रैप का लोहा लोड कराने के लिए मकनपुर बिल्हौर भेजा था। यह लोहा पंजाब जाना था। आरोप है कि श्याम नगर के नीरज जायसवाल और खान ब्रदर्स के मालिक ने मैनपुरी के किशनी निवासी चालक विनय कुमार से मिलकर साजिश रची। उन्होंने प्रदीप के ट्रक की नकली नंबर प्लेट तैयार करके उसे दूसरे ट्रक पर लगाया और उसमें स्क्रैप लोहा लोड करवाकर बेच दिया और 4 लाख 66 हजार रुपये का चूना लगा दिया। जब पीड़ित ने रकम वापस मांगी तो गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार ऑटो से टकराकर छात्र हुआ घायल



**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में नरवल मोड़ के पास एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने ऑक्सफोर्ड मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र रेहान को टक्कर मार दी। रेहान फुफवार सुईयोक का निवासी है। हादसे के बाद साथी छात्रों और परिजनों ने घायल रेहान को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों के अनुसार, महाराजपुर अंडरपास से नरवल मोड़ तक रांग साइड से चलने वाले वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर कट न होने के कारण वाहन विपरीत दिशा से चल रहे हैं। एनएच-2 पर लगातार हो रहे हादसों के बावजूद न तो एनएचएआई के अधिकारी और न ही अन्य जिम्मेदार विभाग कोई कार्रवाई कर रहे हैं। यातायात नियमों की अनदेखी से आम लोगों की सुरक्षा खतरे में है।

### थाना परिसर मंदिर में प्रेमी जोड़े का विवाह सम्पन्न

**कानपुर।** बिल्हौर में एक अनोखे प्रेम विवाह का मामला सामने आया है। मनांवा गांव की युवती सोनम ने पिता और भाई के मारपीट किए जाने के बाद थाने में शिकायत की थी। युवती ने बताया कि वह कन्नौज के ठठिया गांव के अरुण कुमार से शादी करना चाहती है। दोनों की पहचान स्कूल के दिनों में हुई थी। कई सालों से वे एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। सोनम के परिवार वालों को जब इस बारे में पता चला, तो उन्होंने उसकी शादी कहीं और तय करने की कोशिश की। जब सोनम ने विरोध किया, तो पिता और भाई ने उसकी पिटाई कर दी। थाने पहुंची सोनम की शिकायत पर पुलिस ने उसके पिता और भाई को बुलाया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पति अखिलेश अवस्थी ने मध्यस्थता की। उनके समझाने बुझाने के बाद परिवार शादी के लिए राजी हो गया। पुलिस ने तुरंत अरुण और उसके परिवार को थाने बुलाया। थाना परिसर स्थित मंदिर में दोनों का विवाह सम्पन्न हुआ। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता समेत सभी पुलिसकर्मी बाराती में शामिल हुए। विवाह के बाद दोनों परिवार खुशी-खुशी अपने घर लौट गए।

### आबकारी टीम ने 15 लीटर शराब के साथ 2 कुंटल लहन नष्ट किया



**उन्नाव।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार एवं जिला आबकारी अधिकारी उन्नाव द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुरूप आज जनपद उन्नाव में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 व 4 द्वारा थाना मौरावां क्षेत्रांतर्गत संदिग्ध ग्राम गौरी में मय अधीनस्थ स्टाफ व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ दबिश देकर 15 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई व लगभग 200 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।

### लैंगिक समानता पर कार्यशाला का आयोजन

**उन्नाव।** आज पीएसआई इंडिया द्वारा समेकित विद्यालय सरोसी प्रथम उन्नाव में जूनियर हाई स्कूल के लगभग 50 छात्रों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में लिंग समानता के प्रति जागरूकता फैलाना और लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए संवाद शुरू करना था। कार्यशाला में विभिन्न संवादात्मक गतिविधियां, समूह चर्चा और दृश्य-श्रव्य प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि लड़के और लड़कियां समान हैं और सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि अनुरेश सिंह एवं मनोज कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "लैंगिक समानता केवल लड़कियों के लिए नहीं, बल्कि एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के मन में यह भावना बचपन से ही विकसित करना जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होती हैं। कार्यशाला के अंत में बच्चों ने पोस्टर बनाकर अपने विचार साझा किए और लिंग समानता की शपथ भी ली। यह पहल विद्यालय प्रशासन एवं अभिभावकों द्वारा भी सराही गई, और भविष्य में इस प्रकार की और भी गतिविधियां आयोजित करने की योजना पर चर्चा की गई।

### चंद्रशेखर आजाद के जन्म दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन



**कानपुर।** अमर बलिदानी स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की जन्म वर्षगांठ के उपलक्ष्य में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. रश्मि गोरे ने किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की देशभक्ति के बारे में युवाओं को जानकारी देते हुए देश की स्वतंत्रता के महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। निबंध का विषय वर्तमान युवा एवं देशभक्ति तीव्र सामाजिक परिवर्तनों के विशेष संदर्भ में था। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लेखन के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने बाबा आनन्देश्वर मन्दिर में की पूजा-अर्चना

» बाबा का दर्शन कर जीवन अब सार्थक हो गया : कोविंद



विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने बुधवार को नगर के परमट स्थित प्राचीनतम मन्दिरों में से एक बाबा आनन्देश्वर मन्दिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश वासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मन्दिर में पूजन के बाद पूर्व राष्ट्रपति ने मां गंगा के दर्शन भी किए और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे परमट मन्दिर पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने सबसे पहले बाबा का जलाभिषेक किया इसके बाद उनका विशेष रूप से श्रृंगार किया। पूजन के बाद उन्होने बाबा की आरती भी पूरे विधि विधान से की। पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द ने बाबा के मन्दिर में लगभग 40 मिनट तक रुक कर पूजन किया इसके बाद वह सर्किट हाउस रवाना हो गए। इस दौरान उन्होने कहा कि शहर के प्राचीनतम मंदिर में आने का सौभाग्य मिला। उन्होंने इसको न जाने कितने जन्मों का बड़ा पुण्य माना उन्होंने कहा कि बरसों के बाद बाबा का दर्शन कर जीवन अब सार्थक हो गया है। ये स्थली उनके लिए पवित्र स्थली है। उन्होंने मन्दिर से जुडे अपने जीवन के वृतान्त का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वह छात्र जीवन के दौरान जब तक कानपुर में रहे, वह प्रायः प्रातः समय मन्दिर बाबा के दर्शन को आया करते थे। उन्होंने कहा कि वो दिन भी मैंने देखे है जब गंगा नदी स्वयं प्रभु आनन्देखश्वर धाम के चरणों को छूकर वापस जाती थी। उन्होंने कहा कि मैंने मांगा कुछ नहीं है सबके कल्याण की, पूरी मानवता के कल्याण के लिए, विशेषकर अपने देश भारत माता के सभी सपूतों के सुख समृद्धि की कामना की और उनके कल्याण के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि यहां सभी सुखी रहे, सभी आनंदित हो, जैसा कि इस धाम का नाम है। वास्तव में यहाँ पर आकर आनंद की अपार अनुभूति होती है। उनकी सुरक्षा के लिए आम भक्तों के लिए बैरीकेडिंग की गयी थी। सावन महीने की शिवरात्रि में मन्दिर प्रशासन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति के लिए पूजा के लिए विशेष प्रबन्ध करवाए गए थे। पूर्व राष्ट्रपति के पूजन के समय उनके पारिवारिक मित्र और विधायक सुरेन्द्र मैथानी और महापौर प्रमिला पान्डेय, जीतू बाजपेयी आदि मुख्य रूप से साथ रहे, जबकि पूर्व राष्ट्रपति को पूजन करवाने वालों में मन्दिर की ओर से प्रमोद तिवारी, महन्त अरूण भारती, विवेक पुरी, अजय सैनी उपस्थित रहे।

## साधन सहकारी बैंक के भवन का भूमिपूजन के साथ शिलान्यास हुआ



विश्ववार्ता संवाददाता

**बीघापुर उन्नाव।** बीघापुर विकासखंड परिसर में स्थित साधन सहकारी समिति लिमिटेड बीघापुर खुर्द के नए भवन निर्माण के लिए क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकारों की बदौलत आज सहकारिता से किसान जुड़कर लाभ उठा रहे है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं उनकी समस्याएं हैं विधानसभा की प्रत्येक सोसाइटी में डीएपी, यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

अरुण सिंह ने कहा कि किसी समय सहकारिता केवल एक ही परिवार की प्रॉपर्टी थी। जिसके चलते सहकारिता से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा था आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में किसानों की सहकारिता के प्रति अभिरुचि बढ़ी है उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में तीन और नई सोसाइटियों का निर्माण शीघ्र होगा।

## एसडीएम ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण





विश्ववार्ता संवाददाता

**पुरवा उन्नाव।** एसडीएम ने परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण कर शैक्षिक गुणवत्ता एवं छात्रों की उपस्थिति परखी। साथ ही एमडीएम की गुणवत्ता को भी परखा। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

बुधवार को एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने क्षेत्र के लंगर पुर स्थित परिषदीय जूनियर व प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एमडीएम की गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति एवं अध्यापक उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। जूनियर विद्यालय में 60 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे जबकि 7 शिक्षकों में 6 शिक्षक उपस्थित थे और एक शिक्षक आकस्मिक अवकाश पर थे जबकि प्राथमिक विद्यालय में 4 शिक्षक उपस्थित थे और एक शिक्षक अवकाश पर था। दोनों विद्यालयों में एमडीएम मेन्यू के अनुसार तहरी व दूध का वितरण किया गया।

निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार उपस्थित रहे। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय में मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण बनवाया गया और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## चोरों ने घर में रखे लाखों के गहने व नगदी किये पार

विश्ववार्ता संवाददाता

**सफीपुर उन्नाव।** बॉस के सहारे छत के रास्ते नीचे कमरे में पहुंचे चोरों ने बक्से में रक्खे मां बेटी के लगभग दो लाख के जेवर सहित 50 हजार नगद उठा ले गए। सूचना पर पी आर वी ने मौके पर पहुंच जांच की।



कोतवाली क्षेत्र गाव अब्दुल्लापुर निवासी जगदीश लोध अपने परिवार के साथ घर के बाहर सहन में सो रहा था तभी चोर घर के पीछे से बॉस के सहारे छत पर चढ़ जीने से नीचे उतर आए बाहर सो रहे परिजन अंदर न आ सके इस लिए घर का दरवाजा अंदर से बंद कर कमरे में पहुंचे उसमे रक्खा बक्सा खोल रक्खा जगदीश की पत्नी पार्वती व पुत्री सोनी का लगभग दो लाख का जेवर व उधारी चुकता करने के लिए जगदीश ने जुटाए 25 हजार रुपए व मंगलवार पुत्र विकास के खाते से निकाले गए 25 हजार सहित 50 हजार नगद उठा ले गए।

जगदीश ने बताया कि ठेले पर पेठा बेच परिवार का पोषण करता है। पुत्र विकास पूना में रहकर मजदूरी करता है मकान बनाने में हुए कर्ज को चुकाने के लिए पिता-पुत्र पैसे जोड़ रहे थे कि चोरी हो गई। एसओ एस एन त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

## कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल जीतने वाली दो टीमों को पुष्पेंद्र प्रताप सिंह नकद पुरस्कार व ट्राफी देकर किया सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता

**बीघापुर उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव सीसी बैदरा मे आयोजित विशाल कबड्डी प्रतियोगिता मे आयोजित की गयी प्रतियोगिता का शुभारम्भ भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने किया, प्रतियोगिता मे प्रदेश के दर्जनों जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया जिनमे प्रमुख है, कन्नौज टीम, मैनपुरी, प्रतापगढ़, रायबरेली, कानपुर, एटा, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर आदि जनपदों की टीम ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। महिला टीम की कबड्डी मे मां गंगा क्लब बैदरा ने कन्नौज टीम हराकर ट्राफी पर कब्जा किया जबकि पुरुष टीम मे सेवन वंडर्स टीम ने मां गंगा क्लब बैदरा को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। हर विजेता टीम को पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने 5100 रूपये का पुरस्कार दिया विजेता पुरुष टीम के कप्तान प्रदीप को दिये वही महिला कबड्डी विजेता टीम की कप्तान नेहा रावत को 5100 रूपये महिला टीम के कप्तानों को दिया वही उपविजेता



टीम पुरुष के कप्तान शौर्य पांडेय को 2100 रूपये व महिला उपविजेता टीम की कप्तान खुशी को भी 2100 रूपये का पुरुस्कार दिया मां गंगा कबड्डी कमेटी के अध्यक्ष प्रांशू सिंह को 11000 हजार रूपये की सहयोग धनराशि कमेटी को प्रदान की है, रेफरी कृष्ण प्रताप सिंह व शिखा रही।

कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी रोहित सिंह ने किया। पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीण अंचलों के सबसे पुराने खेलो मे से एक कबड्डी खेल मे मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया व लोगो सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलना को चाहिये खेलो से ही नयी हमारे यहां छिपी प्रतिभाएं को निखारने मे मदद मिलती है क्षेत्र के युवाओं मे खेलो के प्रति संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी जहां पर हमारी जरूरत हो हर सम्भव सहयोग दूंगा मेरा सपना है कि कबड्डी के क्षेत्र मे भी बैसवारे का देश विश्व मे सबसे ऊपर हो। इस मौके पर मुख्य रूप से बीघापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह परौरी, प्रमुख पति पवन पासवान, भोले सिंह प्रधान, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभूषण, रोहित सिंह, पप्पू सिंह, फूलचंद्र यादव, राघवेंद्र सिंह, इकबाल सिंह, निशा कांत दीक्षित, मुन्ना सिंह बक्सर, पंकज सिंह, पिंटू मिश्रा, गोलू सिंह, कमलेश यादव, शेरू सिंह, प्रखर सिंह, रामसजीवन यादव, जयंत सिंह सोनू, रामजी यादव, प्रांशु सिंह, मनिया अवस्थी, महेंद्र अतुल मोहित, शमशेर, मनोज, लाखन सिंह, सतीश आदि मौजूद रहे।

## जुताई करते समय रोटावेटर हल की चपेट में आकर बच्चे की दर्दनाक मौत

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांगरमऊ उन्नाव।** खेत की जुताई करते समय रोटावेटर हल की चपेट में आकर बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। हंसते खेलते बच्चे की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेतुवाही निवासी झम्मन लाल का खेत गांव के किनारे है। गत मंगलवार को शाम करीब 6 बजे रोटावेटर से झम्मन लाल के खेत की जुताई हो रही थी। ट्रैक्टर एक नाबालिग किशोर चला रहा था। जोताई के समय झम्मन लाल का 8 वर्षीय पुत्र मंजेश ट्रेक्टर पर बैठा था। इस दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से मंजेश ट्रैक्टर से गिरकर रोटावेटर हल के नीचे आ गया। ट्रैक्टर चालक कुछ समझ पाता कि इससे पहले मंजेश के ऊपर से रोटावेटर के धारदार लोहे के पहिए गुजर गए। जिससे मंजेश का एक पैर कट गया और सिर के चीथड़े उड़ गए। यह देख नाबालिग ट्रैक्टर चालक के होश उड़ गए। चालक ट्रैक्टर और रोटावेटर छोड़ भाग खड़ा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही परिजन दौड़ कर मौके पर आ पहुंचे और आनन फानन घायल बच्चे को नजदीकी कस्बा बिल्हौर स्थित एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हंसते खेलते बच्चे की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने ट्रेक्टर और रोटावेटर को कब्जे में ले लिया है।

## दबंगो ने युवक को बीच सड़क दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, लोग बनाते रहे वीडियो

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** गुजैनी में दबंगों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने मामले में तीन दबंगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। आरोपी वारदात के बाद से घर छोड़कर फरार चल रहे हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। गुजैनी एच-ब्लॉक निवासी विजय यादव ने बताया कि वह सब्जी मंडी से अपने घर जा रहा थे। आरोप है कि इस दौरान एच-ब्लॉक नाले के पहले पीछे से आकर इलाके के गुंडों ने उन्हें घेर लिया। दबंग सिद्धार्थ द्विवेदी उर्फ पासा, पवन तिवारी और लवी तिवारी रोकने के बाद गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर विजय को तीनों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इतना ही नहीं जान से मारने की नीयत के चलते ईंट से सिर पर गंभीर वार किया। वहां मौजूद इलाके के लोगों ने



पहले विजय को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दबंगों ने उन्हें भी धमकी दी तो सभी ने अपने पैर पीछे खींच लिया। मारपीट के दौरान विजय की शर्ट फट गई, सिर व शरीर पर कई जगह गंभीर चोट आई। इसके बाद दबंग बढ़ती भीड़ को देखते हुए मौके से भाग निकले।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर गोविंद नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रास्ता रोककर मारपीट, जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## जिलाधिकारी व सदर विधायक की अध्यक्षता में कृषि सूचना तंत्र के अंतर्गत जनपद स्तरीय कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं कृषि सूचना तन्त्र के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कृषि गोष्ठी का आयोजन निराला प्रेक्षागृह में किया गया।

जनपद के समस्त विकास खण्डों से गोष्ठी में किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें चन्द्र कुमार, धीरज दीक्षित, हरिशचन्द्र, अर्जुन, अनन्त कुमार, मीना कुमारी, ज्योति सिंह आदि कृषक उपस्थित रहें। गोष्ठी में मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, यू पी नेडा, प्रधानमंत्री फसल बीमा, बाल विकास पुष्टाहार आदि विभागों द्वारा शासन द्वारा किसानों के हित में संचालित विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर सजीव प्रदर्शन किया गया। विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का सदर विधायक,



जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। रवि चन्द्र प्रकाश, उप कृषि निदेशक द्वारा जनपद में कृषि निवेशकों को बढ़ावा दिये जाने एवं किसानों को उन्नतशील बीज उपलब्ध कराये जाने, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के बारे में किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ सत्र में किसानों को प्रति हेक्टेयर फसल वार कटने वाले प्रीमियम राशि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग में संचालित कृषि यंत्रीकरण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। म

ुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आये हुए सभी सम्मानित कृषकों, एफ पी ओ, एफ पी सी का कृषक गोष्ठी में प्रतिभाग किये जाने पर अभार व्यक्त किया साथ ही इस प्रकार की गोष्ठियों के आयोजन से किसानों की समस्या जिला प्रशासन तक पहुंचती है। इसके साथ ही उनके द्वारा कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीकि, पोर्टेबल सिंचाई तकनीकि एवं फेरोमोनट्रैप आदि को बढ़ावा दिये जाने पर विशेष बल दिया। नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं किसानों के बीच में प्रचार प्रसार किया जाने पर ध्यान दिया जाये।

## इंस्पायर अवार्ड में चयनित औरास के अंश, राज्य स्तर पर करेंगे प्रतिभाग

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** जीजीआईसी ग्राउंड में आयोजित मंडल स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में उन्नाव एवं रायबरेली के छात्र व छात्राओं ने विज्ञान विषय पर आधारित मॉडल्स का प्रदर्शन किया। चयनितों में 10 प्रतिशत छात्रों के नवाचार/ आविष्कार राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिए चुने गए। विज्ञान पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी में औरास के कंपोजिट चंदौरा के कक्षा 8 के अंश पुत्र सर्वेश कुमार ने अपने नवाचारी मॉडल पैनेल पावर हेक्सा (साइकिल वाले पैनेल संचालित आरी मशीन) का प्रदर्शन करके टॉप टेन में अपनी जगह बनाई।

अंश अब राज्य स्तर पर इसका प्रदर्शन करेंगे। प्रोजेक्ट को तैयार करने में इंचार्ज आशुतोष आनंद, विज्ञान शिक्षिका एवं प्रोजेक्ट गाइड प्रशस्ति शुक्ला, वंदना, नौशाद अली, महेश कुमार, सूरज गुप्ता एवं प्रवीण मौर्य का योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि यह उपलब्धि अंश की मेहनत के साथ ही बी ई ओ संजय कुमार शुक्ल के दिशा निर्देश एवं कुशल नेतृत्व से मिली। बीईओ संजय शुक्ल सहित एआरपी पूनम सिंह, अंजू रंजना, पूर्व एआरपी इम्तियाज, विकास, अनूप, रेहान, प्रदीप आदि ने छात्र और स्टाफ को बधाई दी। शिक्षकों के बीच हर्ष का माहौल रहा। उक्त जानकारी औरास के प्रदीप वर्मा ने दी।



> ब्लॉक पर बच्चे को सम्मानित करेंगे। इस बार औरास से संख्या बढ़ोतरी के लिए बढ़ाए जा रहे हैं प्रयास। अब औरास नहीं रहा पिछड़ा ब्लॉक, कई विद्यालयों ने अर्जित की हैं अनेकों उपलब्धियां। खेलकूद और प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे कर रहे उत्कृष्ट प्रदर्शन।
> **-संजय शुक्ल**, बी ईओ

## डीसीपी ट्रैफिक ने महिला ऑटो चालकों को सुरक्षा देने की दी गारंटी

**कानपुर।** महिला ऑटो चालकों की समस्याओं को लेकर पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में महिला चालकों ने सड़कों पर सुरक्षा, रुकावटें, तकनीकी समस्याएं और व्यवहारिक कठिनाइयों से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं।

डीसीपी ट्रैफिक ने महिला चालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। साथ ही यातायात विभाग की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान महिला चालकों को क्यूआर कोड योजना की जानकारी भी दी गई। हजारों ई-रिक्शा और ई-ऑटो चालक पहले ही इस योजना में पंजीकृत हो चुके हैं। बाकी चालकों से भी जल्द से जल्द पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

## सपा की नीतियों पर भरोसा करते हुए तीन युवकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**हिलौली उन्नाव।** समाजवादी पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए बुधवार को पूर्व युवजन सभा के जिलाध्यक्ष आदिल खां के नेतृत्व में तीन लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई उन्होंने पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया।

बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश की उपस्थिति में पूर्व युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष आदिल खां के नेतृत्व में क्षेत्र के तीन युवकों में रामनरेश गौतम, अनिरुद्ध शुक्ला, राहुल सविता सपा की सदस्यता ग्रहण की। रामनरेश क्षेत्र के चर्चित चेहरों में से एक हैं। उन्होंने कोरोना काल से लेकर अब तक सामाजिक कार्यों में एक अलग भूमिका निभाते चले आ रहे है। जागरण, कवि सम्मेलन, क्रिकेट, आल्हा तमाम धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। रामनरेश गौतम ने बताया कि बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान ने सभी को स्वतंत्रता की आजादी दी है। जिसको जो दल अच्छा लगता है वह उसको मजबूत करता है। समाजवादी पार्टी की रीति नीति को देखते हुए पार्टी में शामिल हुए हैं। पार्टी को गांव स्तर तक मजबूत करेंगे। अनिरुद्ध शुक्ला ने बताया कि ब्राह्मणों पर बहुत अत्याचार हो रहा है। किसी की कही सुनी नही जा रही हैं। तमाम तरह के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। राहुल सविता ने कहा कि घर घर जाकर पार्टी की रीति नीति बताकर क्षेत्र के सभी लोगो को जागरुक करेंगे।





## नगर के कई इलाकों में सुबह 9 बजे से 6 घंटो बिजली रही गायब

**कानपुर।** केस्को द्वारा मरम्मत कार्य संचालन के कारण कानपुर में बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। संजय गांधीनगर, हनुमंत विहार और पुरानी बस्ती हंसपुरम में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली नहीं रही। गूबा गार्डन में दोपहर 12 से 2 बजे तक बिजली कटौती हुई। जरौली फेस-1 और ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आपूर्ति बाधित रही।

लोहिया कॉलोनी, नवाबगंज, रैना मार्केट, कमला रिट्रीट, तिलक नगर, 150 फीट रोड, गज्जूपुरवा, सराय बाजार, तेल मिल, चुंगी, मोतीनगर और बनिया बाजार में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रही। बजरिया चौक, चुन्नीगंज और कर्नलगंज में दोपहर 1 से 3 बजे तक कटौती हुई।

## एक नजर

### 108 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की होगी स्थापना : जिलाधिकारी



अमेठी। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और सूचना तक आसान पहुंच को सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार ने एक नई पहल की है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की योजना शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी की कुल 682 ग्राम पंचायतों में से प्रथम चरण में 108 ग्राम पंचायत भवनों को डिजिटल लाइब्रेरी से सुसज्जित किया जाएगा। इन लाइब्रेरी में एक स्मार्ट टीवी, डेस्कटॉप कंप्यूटर, आवश्यक सॉफ्टवेयर, उच्च गति इंटरनेट कनेक्शन, कुर्सी-मेज, रैक, अलमारी, बुकसेल्फ और अन्य जरूरी उपकरण स्थापित किए जाएंगे। खास बात यह है कि डिजिटल संसाधनों के साथ-साथ वहां भौतिक पुस्तकें भी उपलब्ध होंगी, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीण नागरिक भी इन केंद्रों का उपयोग सामान्य ज्ञान, कृषि तकनीक, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में कर सकेंगे। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ी सभी सामग्री गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप खरीदी जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा प्रत्येक लाइब्रेरी का संचालन सुचारु रूप से हो इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं, बल्कि गांवों में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने का प्रयास है, जहाँ शिक्षा और सूचना हर घर तक पहुँचेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार का टायर फटा, बाइक सवार हुआ घायल

अमेठी। थाना शुक्ल बाजार क्षेत्र अंतर्गत लखनी पुर गांव के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही कार का अचानक टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई इस हादसे में बाइक सवार रस्ता मऊ तकिया गांव निवासी आवेश (20 वर्ष), पुत्र सैफ गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक मौके से भाग निकला और घायल युवक सड़क पर पड़ा तड़पता रहा घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आवेश को तत्काल जगदीशपुर सीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, युवक के सिर और पैर में गहरी चोटें आई हैं लेकिन हालत स्थिर है शुक्ल बाजार पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है और फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और वाहन जांच के अभाव को उजागर कर दिया है।

### पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

अमेठी। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा निजामुद्दीनपुर गांव के समीप जाखा मोड़ पर हुआ, जहां बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई हादसे में मृतक की पहचान अजीत यादव (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र स्थित असरफपुर गांव का निवासी था। अजीत अमेठी के जामों क्षेत्र में रामसपुर के पास एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत था और प्रतिदिन ड्यूटी पर बाइक से आता-जाता था पुलिस के अनुसार, सड़क पर मोड़ होने और तेज रफ्तार के कारण अजीत बाइक से नियंत्रण खो बैठा। तेज टक्कर से उसका सिर बाइक में फंस गया और सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर खून के निशान और उल्टी के धब्बे पाए गए हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि टक्कर अत्यंत भीषण रही होगी। हादसे के समय अजीत ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में लगी चोट जानलेवा साबित हुई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्याएं, दिया निर्देश



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### उप कृषि निदेशक ने उर्वरक बिक्री केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



अमेठी। जनपद में खरीफ फसलों की बुवाई तथा धान की रोपाई तेजी से होने के दृष्टिगत कृषकों को सभी प्रकार के गुणवत्ता युक्त उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित दर पर सुनिश्चित कराने हेतु आज उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार द्वारा उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र एवं अमन प्रखर खाद भंडार मुसाफिरखाना का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कृषक सेवा केंद्र प्रभारी सुनील उपाध्याय केंद्र पर लगभग 15 कृषक प्रदीप कुमार पलिया चंदीपुर, राम लोटन टिकरा, दिलीप कुमार जमुवारी आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि केंद्र पर यूरिया 1422 बोरी, डीएपी 482 बोरी स्टाफ में उपलब्ध है जिसे अभिलेख/पीओएस मशीन से मिलान करने पर सही पाया गया, केंद्र पर वितरण सुचारू रूप से किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी को नियमानुसार उर्वरक वितरण करने के निर्देश दिए गए।

### डीफार्मा छात्र के पिता ने चार लोगों पर हत्या का लगाया आरोप

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के जालिम सिंह का पुरवा उर्फ मठ मजरे गौरा रुपई गांव के जंगल में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने के मामले में युवक के पिता ने मंगलवार को इसे हत्या बताते हुए चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। मूल रूप से उन्नाव जनपद के तेज सिंह खेड़ा अलीपुर गांव निवासी राजबहादुर कोरी ने पुलिस को बताया कि उसका 19 वर्षीय बेटा सूरज कोरी गौरा रुपई गांव में अपनी बुआ के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा था। बीती 9 जुलाई की शाम सूरज मोबाइल लेकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। दो दिन बाद 11 जुलाई को उसका शव गांव के समीप जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। पिता राजबहादुर का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि साजिश के तहत की गई हत्या है। उन्होंने गांव की एक युवती उसके तीन परिजनों पर बेटे को जंगल में बुलाने और हत्या कर शव को फांसी जैसा रूप देने का आरोप लगाया है। बताया कि मृत्यु से चार-पांच दिन पहले युवती ने अज्ञात लोगों से उसके बेटे को घर से पिटवाया था। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका सीयूजी नंबर उपलब्ध नहीं हो सका।

# एएसपी ने किया 307 कुंटल चावल की ठगी का पर्दाफाश

## ट्रक की नंबर प्लेट निकली फर्जी, तीन लाख से अधिक की नकदी, चार आरोपी गिरफ्तार सहित ट्रक बरामद

» संगठित गिरोह की भूमिका की जा रही है जांच : संजीव कुमार सिन्हा





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**डीह/रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा की निगरानी में गठित डीह पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में अनाज की बड़ी ठगी का पर्दाफाश किया है।

बीती 22 जुलाई को डीह में अनाज की बड़े पैमाने पर की गई ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चड़रई चौराहे से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें अहमदाबाद भेजे जा रहे 307 कुंटल चावल से भरे ट्रक को बीच रास्ते से गायब कर माल बेचने वाले गैंग के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उधर, एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त ट्रक के साथ-साथ चावल बेचकर प्राप्त 3 लाख 6 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। मूल घटना 12 मई 2025 की है, जब वादी रितेश अग्रवाल निवासी फुर्सतगंज,अमेठी द्वारा थाना डीह में दर्ज कराई गई तहरीर में बताया गया कि उन्होंने कस्बा जायस, जनपद अमेठी स्थित नवीन मंडी स्थल से विंध्यवासिनी ट्रांसपोर्ट के माध्यम से ट्रक नंबर UP70HT2997 बुक कर अहमदाबाद के लिए 307 कुंटल चावल भेजा था, लेकिन ट्रक गंतव्य पर नहीं पहुंचा।

मामले में थाना डीह पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों में मोहम्मद इसरार उर्फ इमरान खान निवासी शाहीपुर, प्रतापगढ़, आसिफ हुसैन उर्फ बाबा, मोहम्मद तबरेज और समशुलहुदा तीनों निवासी जनपद फतेहपुर शामिल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से एक ट्रक UP72T9275 बरामद हुआ है, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी, साथ ही माल बेचकर प्राप्त की गई तीन लाख छह हजार रुपये नकद भी जब्त की गई।

पुलिस ने प्रारंभ में दर्ज किए गए मुकदमे में शामिल कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की है। सभी आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने को बताया कि यह सुनियोजित तरीके से किया गया ट्रांसपोर्ट फ्रॉड है, जिसके पीछे संगठित गिरोह की भूमिका भी खंगाली जा रही है। मामले की गहन विवेचना जारी है।

### फोन पर विवाद के बाद पूर्व मित्र के फार्म में की गई कथित तोड़फोड़

**सलोन, रायबरेली।** सलोन कोतवाली क्षेत्र में आपसी कहासुनी के बाद एक युवक के खाली पड़े पोल्ट्री फार्म में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है और आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनीष नामक युवक की ग्राम पैगंबरपुर जुड़वान मजरे ममुनी में एक पोल्ट्री फार्म है। बताया गया कि मनीष वर्तमान में अपने परिवार के साथ दिल्ली में निवास कर रहा है। कुछ समय पूर्व मनीष की अपने पूर्व मित्र शत्रोहन से फोन पर किसी बात को लेकर तीखी कहासुनी हो गई थी। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इसी विवाद के बाद शत्रोहन अपने कुछ साथियों के साथ मनीष के बंद पड़े पोल्ट्री फार्म पर पहुंचा, जहां फार्म परिसर में रखे सामान में तोड़फोड़ की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पात्रों को योजनाओं से वंचित नहीं रहने देंगे : सोहन लाल श्रीमाली



» जनसंवाद में बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं, जनता को मिला त्वरित आश्वासन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सोहन लाल श्रीमाली मंगलवार शाम सरेनी विधानसभा क्षेत्र स्थित गेगसों में पहुंचे और वहां जनसुनवाई करते हुए आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा, आयोग सिर्फ सुनवाई ही नहीं, कार्रवाई भी करता है।

इस दौरान पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि "सीलिंग के अंतर्गत मुझे सरकारी सेवा मिली थी, लेकिन मेरा सच्चा धर्म सदैव जनसेवा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी वे जनसरोकारों से जुड़े रहकर समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा को ही अपनी प्राथमिकता मानते हैं।

जनता के बीच उनकी सक्रियता और समाज के लिए योगदान को देखते हुए जनसभा में मौजूद लोगों ने उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख व वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्वागत किया। जनसुनवाई के दौरान स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, आवास और किसान कल्याण से जुड़ी कई शिकायतें आईं, जिन पर श्रीमाली ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशा है कि पिछड़े वर्ग के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो, और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर शासन तक पहुंचाया जाएगा और त्वरित समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम में श्री श्रीमाली का इस दौरान पूरे टीका गांव के निवासी सुरेश कुमार तिवारी ने अपने गांव में एएनएम सेंटर की मांग रखी, जबकि मलके गांव के अशोक कुमार तिवारी ने क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति की ओर ध्यान दिलाते हुए किसानों को हो रही परेशानी बताई। श्री श्रीमाली ने दोनों ही मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अंकुर सिंह (रामपुर कला), सोनू वर्मा, जितेंद्र सिंह, जेपी सिंह, सुरेश तिवारी, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, राजेश सिंह, रिंकू मौर्या, अरविंद त्रिवेदी, अतुल श्रीवास्तव, राजकुमार शर्मा, हीरालाल बाजपेई और हरिनारायण गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धा सोनकर सब-जूनियर बालिका फुटबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप की प्रशिक्षक नियुक्त

» रायबरेली की बेटी को छत्तीसगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिला प्रशिक्षक का दायित्व



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** रायबरेली की बेटियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिखाया है कि वे न केवल शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी हैं, बल्कि खेल के मैदान में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर जनपद का नाम रोशन कर रही हैं। यदि समर्पण के साथ प्रयास किए जाएं, तो राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले की बेटियां अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। श्रद्धा आज उन हजारों लड़कियों के लिए आदर्श बन चुकी हैं, जो खेल जगत में अपने सपनों को पंख देना चाहती हैं। इससे पहले ओलंपियन एथलीट पदम श्री अर्जुन अवॉर्डी सुधा सिंह लालगंज मॉडर्न कोच फैक्ट्री में खेल अधिकारी हैं।

वर्तमान में जिले की वॉलीबॉल कोच लीना सिंह,वॉलीबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी अमरेशपुरी कॉलोनी प्रदीप सिंह की बेटी शांभवी सिंह भी जिले का नाम रोशन कर रही हैं। कांग्रेस नेता एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर की बड़ी सुपुत्री श्रद्धा सोनकर का चयन आगामी 16 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित सब-जूनियर बालिका फुटबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रशिक्षक (कोच) के रूप में किया गया है। यह नियुक्ति न केवल श्रद्धा की प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि रायबरेली जिले के लिए भी अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। बताते चलें कि श्रद्धा सोनकर ने खेल जगत में निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह उपलब्धि अर्जित की है। जैसे ही उनके घर चयन की सूचना प्राप्त हुई, आनंद नगर स्थित उनके आवास पर हर्षोल्लास का माहौल बन गया। परिजनों और शुभचिंतकों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर उत्सव मनाया, पटाखे फोड़े और मिठाइयों का वितरण कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने कहा कि बेटी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उसका यह चयन हर उस परिवार के लिए प्रेरणा है, जो अपनी बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहता है। श्रद्धा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों और परिवार को देते हुए कहा कि जब बेटियों को सही दिशा, मार्गदर्शन और समर्थन मिलता है, तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं। गौरतलब है कि श्रद्धा के छोटे भाई सुधांशु सोनकर का भी चयन उत्तर प्रदेश टी-20 आईपीएल लीग में हो चुका है, जिससे यह परिवार खेल क्षेत्र में एक सशक्त पहचान बनाता जा रहा है।

श्रद्धा के नियुक्ति पर बधाई देने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण श्रीवास्तव 'दीपू भैया' ने कहा कि रायबरेली की माटी ने सदैव प्रतिभाओं को जन्म दिया है और श्रद्धा इस परंपरा की गौरवशाली कड़ी हैं। शुभकामनाएं देने वालों में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पं. वी.के. शुक्ला, वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी, बसंत सिंह बग्गा, कांग्रेस प्रांतीय नेता अतुल सिंह, सभासद शराफत अली, मो. हुसैन 'बबलू', मो. मुनव्वर, वीरेंद्र रावत, सन्ने अली, कपिल सोनकर, फरीद अहमद, पूर्व सभासद राजेश श्रीवास्तव और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### अभ्युदय योजना के अंतर्गत अतिथि प्रवक्ताओं के लिए आवेदन शुरू

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद रायबरेली में संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अतिथि प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि कोर्सवार एवं विषयवार प्रवक्ताओं के चयन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। नीट पाठ्यक्रम के तहत जीव विज्ञान विषय हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पास एम.एससी (प्रथम श्रेणी) या एमबीबीएस की डिग्री होनी चाहिए। वहीं, सिविल सेवा परीक्षा के लिए संविधान विषय के प्रवक्ता के रूप में वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने या तो आईएएस मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, या पीसीएस परीक्षा में साक्षात्कार तक पहुंचे हों अथवा दो बार पीसीएस मुख्य परीक्षा पास की हो।

## टीकाकरण अभियान में 4 .95 लाख पशुओं को लगेंगे टीके

» कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एफ.एम.डी.सी.पी. (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान के छठे चरण का शुभारंभ बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने टीकाकरण हेतु गठित टीमों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 23 जुलाई 2025 से 05 सितम्बर 2025 तक कुल 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जनपद के 13 विकास खंडों में पशुपालन विभाग की 58 टीमें लगभग 4,95,182 पशुओं को निःशुल्क टीका लगाएंगी। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जिससे पशुओं की उत्पादकता में भारी गिरावट आती है। बीमारी की रोकथाम हेतु नियमित टीकाकरण आवश्यक है।

बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पशु के कान में टैग लगाकर उनका टीकाकरण किया जाएगा। सभी पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराकर इस मुहिम को सफल बनाएं। जिले में संचालित समस्त गो-आश्रय स्थलों में रखे गए गोवंशों को भी 100 प्रतिशत टीकाकरण करते हुए गो-आश्रय पोर्टल पर अद्यतन किया जाएगा। अभियान की वैज्ञानिक पद्धति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चयनित गांवों में टीकाकरण से पूर्व पशुओं के रक्त के नमूने (प्री वैक्सीनेशन ब्लड सैंपल) लिए गए हैं। टीकाकरण के पश्चात उन्हीं पशुओं से दोबारा नमूने एकत्र कर विश्लेषण किया जाएगा, जिससे टीके की प्रभावशीलता का परीक्षण किया जा सके।

## शाहगढ़ जीआईसी में मिशन प्रबोधन के तहत आयोजित हुई रचनात्मक प्रतियोगिताएं

» प्रतिभागी छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद के शाहगढ़ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को 'मिशन प्रबोधन' अभियान के तहत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बालिकाओं ने रंगोली, भाषण, सामान्य ज्ञान और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बालिकाओं के सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम की रूपरेखा प्रवक्ता आंचल मिश्रा के नेतृत्व में तैयार की गई, जिनके निर्देशन में सभी गतिविधियाँ सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। प्रतियोगिताओं में महिला सशक्तीकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और यौन हिंसा के विरुद्ध जनजागरूकता जैसे गंभीर व विचारोत्तेजक विषय शामिल किए गए, जिससे छात्राओं को सामाजिक मुद्दों पर सोचने और अभिव्यक्ति देने का अवसर मिला।निबंध लेखन प्रतियोगिता में महिला सशक्तीकरण विषय पर बालिकाओं ने विषय की गहरी समझ, प्रभावशाली प्रस्तुति और रचनात्मकता का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में अंजलि शुक्ल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शुभि को द्वितीय स्थान और दिव्या को तृतीय स्थान मिला।भाषण प्रतियोगिता का विषय था आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसमें सारिका उपाध्याय ने प्रथम स्थान हासिल किया, ख़ुशी द्वितीय और प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। छात्राओं ने विषय की तकनीकी पेचीदगियों को सरल और प्रभावशाली भाषा में प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में भी छात्राओं की कलात्मकता देखते ही बनती थी। महिला सशक्तीकरण विषय पर मिष्ठी की कलाकृति को प्रथम स्थान मिला, जबकि 'Stop Rape' विषय पर गुलनाज़ को द्वितीय और आंचल विश्वकर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।प्रतियोगिताओं के अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती निहारिका मिश्रा ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं की छुपी प्रतिभा को उजागर करती हैं और उनमें आत्मविश्वास भरती हैं। उन्होंने शिक्षकों के सहयोग की सराहना की।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएँ सौम्या, सत्या केसरवानी, प्रतिमा यादव, तथा अखिलेश सुमन मिश्रा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## खेत की मेड़ पर बढ़ा विवाद बना खूनी संघर्ष, 6 महिलाएं समेत 12 घायल

» दोनों पक्षों में जमकर चटकी लाठी-डंडे व चली कुल्हाड़ी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में जमकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में 6 महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीह लाया गया। चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सिरसी गांव निवासी दुर्गा प्रसाद और अशोक कुमार के बीच खेत की मेड़ को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। सोमवार की शाम इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। पहले पक्ष की ओर से दीपू मौर्य ने दी गई तहरीर में बताया कि उनके पिता दुर्गा प्रसाद, माता रानी देवी, बहनें सोनी व प्रिया और छोटा भाई दिलीप खेत की मेड़ की सफाई कर रहे थे, तभी गांव के ही अशोक कुमार पुत्र गंगा, बृजेश कुमार, कुलदीप, शिवकेश, बीरेंद्र, मन्ना, गुड़िया, राजकली, आशा देवी, रूबा देवी व अखिलेश लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में सभी परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से बृजेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि वादी पक्ष के खेत से पानी भरकर उनके घर की ओर बनी मेड़ काट दी गई, जिससे उनके कच्चे मकान में पानी घुसने लगा। जब घर के पीछे की मेड़ को लेकर विरोध किया गया तो विवाद बढ़ गया और वादी की मां आशा देवी से मारपीट की गई।

**जयंती** मातृभूमि सेवा मिशन इकाई ने मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती, शहीद स्मारक परिसर में माल्यार्पण कर अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

# चंद्रशेखर आजाद युवाओं के लिए आदर्श और प्रेरणा के जीवंत प्रतीक : प्रदीप पांडेय

» योग साधना के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए किया गया प्रेरित

» मातृभूमि सेवा मिशन की जिला इकाई ने देशभक्ति भाव से किया आयोजन





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** शहर के सई नदी तट स्थित ऐतिहासिक स्थल शहीद स्मारक परिसर में मातृभूमि सेवा मिशन इकाई, रायबरेली के तत्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती सादगी, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थितजनोंने आजाद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मातृभूमि सेवा मिशन, उत्तर प्रदेश के संयोजक श्री प्रदीप पांडेय ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी स्वरूप का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे केवल एक योद्धा नहीं थे, बल्कि युवाओं के लिए त्याग, साहस और आत्मबल का आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की सेवा हेतु हम सभी को आजाद जैसे महापुरुषों के विचारों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

इस आयोजन के अंतर्गत चल रहे निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित योग साधकों को चंद्रशेखर आजाद के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज की पीढ़ी को यदि सच्चे मार्गदर्शन की आवश्यकता है, तो वह हमें हमारे इतिहास से और शहीदों के आदर्शों से मिलती है।इस अवसर पर योगाचार्य एवं जिला अध्यक्ष बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवतानंद, जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष योग साधकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल आजाद जी को श्रद्धांजलि देना था, बल्कि योग साधना के माध्यम से आत्मबल और राष्ट्रभक्ति की चेतना जागृत करना भी था। चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण पर राजपाल सिंह और अजय मिश्रा ने किया। चंद्रशेखर आजाद अमर रहे की जय घोष से कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर सभी साधकों ने आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया कार्यक्रम में उपस्थित साधकों ने भारत लाल, राकेश, देवतादीन, दिनेश पांडे, दिनेश मिश्रा, संदीप, अनुज राकेश, राज अग्रहरि, सचिन, सत्येंद्र प्रकाश, सुमन, माया, गीता, पूनम, अजय पाल सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारतीय विमेंस टीम ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को हराया



भारतीय विमेंस टीम ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में इंग्लैंड को 13 रनों से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली। हरमनप्रीत कौर की शानदार 84 गेंदों में 102 रनों की पारी खेली। क्रांति गौड़ ने 6 विकेट झटके। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 318 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम सभी विकेट खोकर 49.5 ओवर में 305 रन ही बना सकी। यह इंग्लैंड का भारत और श्रीलंका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले आखिरी वनडे मैच था। भारत को प्रतीका-स्मृति ने दी अच्छी शुरुआत टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत को ओपनर प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 73 गेंदों पर 64 रन की साझेदारी की रावल ने 33 गेंदों पर 26 रन बनाए। स्मृति ने 54 गेंदों पर 45 रन बनाए। उन्होंने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंदों पर 17 रन की साझेदारी की। देओल ने भी 65 गेंदों पर 45 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बेहतर ओपनिंग का फायदा उठाते हुए 102 रन की पारी खेली। वह 4000 वनडे रन पूरे करने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 13 पारियों के बाद पहली बार अर्धशतक जड़ा और फिर 84 गेंदों में सातवीं वनडे सेंचुरी पूरी की।

### उत्तराखंड पुलिस बोली- दीपक हुड्डा गंगा में बहे

हरियाणा में रोहतक के रहने वाले भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा का हरिद्वार में गंगा के तेज बहाव में बहने का वीडियो वायरल हुआ है। उत्तराखंड पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया है कि प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी (PAC) की टीम ने हुड्डा को रेस्क्यू किया। हालांकि, इस मामले में हुड्डा ने कहा है कि वह ठीक हैं। वह तो हरिद्वार गए ही नहीं। उत्तराखंड पुलिस की ओर से 23 जुलाई की शाम 4 बजकर 20 मिनट पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें दिख रहा है कि एक व्यक्ति को रेस्क्यू किया जा रहा है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है- स्टार कबड्डी खिलाड़ी और #UttarakhandPolice का स्टार रेस्क्यू! अर्जुन अवॉर्डी व भारतीय टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा हरिद्वार में गंगा के तेज बहाव में फंसे। मौके पर मौजूद 40वीं वाहिनी ने तुरंत रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित निकाला। दीपक हुड्डा ने भी टीम को दिल से धन्यवाद कहा। इस मामले में भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा ने कहा- मैं तो रोहतक में ही हूं। गांव मोखरा में भाजपा मंडल अध्यक्षों की मीटिंग में मौजूद हूं। मेरे साथ जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका भी हैं। जो वीडियो दिखाई जा रही है, वह मेरी नहीं है। इस वीडियो से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना ओपन में जीती

## सिंधु ने टोमोका मियाजाकी को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई





**नई दिल्ली।** चांगझोउ में खेले जा रहे चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी और पीवी सिंधु ने जीत के साथ शुरुआत की। रेड्डी और शेट्टी की जोड़ी ने जापान के हिरोकी ओकामुरा और केन्या मित्सुहाशी की जोड़ी को सीधे गेम में 21-13-21-9 से हराया। यह मैच 31 मिनट तक चला।

**प्रणय चाउ टीएन-चेन प्री क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगे**

एचएस प्रणय ने पहले ही राउंड में जापान के कोकी वतनबे को 8-21, 21-16, 23-21 से हराकर प्री- क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहला गेम 8-21 से गंवाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और इसे 21-16 से जीता। तीसरे और निर्णायक गेम में वे 1-7 और फिर 15-20 से पीछे थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर 20-20 पर बराबर किया और अंत में 23-21 से गेम और मैच अपने नाम किया।

**लक्ष्य सेन पहले राउंड में बाहर**

लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। लक्ष्य पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद लगातार दो गेमों में 22-24 और 11-21 से हारे।

**अनुपमा उपाध्याय को मिली हार**

विमेंस सिंगल्स में भारत की अनुपमा उपाध्याय को चीनी खिलाड़ी लिन हिसयांग-ति के खिलाफ 23-21, 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। अनुपमा पहले गेम में कड़ी टक्कर देने में सफल रहीं, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने उन्हें आसानी से हरा दिया।

**मिक्स्ड डबल्स में पहले ही दौर में बाहर**

मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर-रुत्विका गद्दे और अशिथ सूर्य-अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले ही राउंड में बाहर हो गए हैं।

### सिंधु ने जापानी खिलाड़ी को हराया



पीवी सिंधु ने सिंगल्स में शानदार शुरुआत की। उन्होंने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-15, 8-21 और 21-17 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सिंधु दूसरे गेम में 8-21 से हार गईं। हालांकि, निर्णायक तीसरे गेम में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। इससे पहले सिंधु जापान ओपन में पहले ही राउंड में बाहर हो गईं थी। इस साल सिंधु 5 टूर्नामेंट में पहले दौर और तीन टूर्नामेंट में दूसरे दौर में बाहर हुई हैं। विमेंस डबल्स में भारत की रुतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों को हॉन्गकॉन्ग की अनुभवी जोड़ी से 12-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा और उनका सफर समाप्त हो गया।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से दूसरा टी-20 जीता

## इंग्लिस-ग्रीन की नाबाद 131 रन की साझेदारी आखिरी इंटरनेशनल मैच में रसेल ने 36 रन बनाए



ऑस्ट्रेलिया ने जमैका के सबीना पार्क में खेले गए दूसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। यह जीत ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन का नतीजा थी, जिसमें जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन की नाबाद साझेदारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 173 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर बना लिए टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज को ओपनर ब्रैंडन किंग और शाई होप ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। किंग ने 36 गेंदों का सामना कर 51 रन बनाए। किंग के आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज 40 से ऊपर रन ही बना पाया। अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेल रहे आंद्रे रसेल ने 15 गेंदों पर 36 रन बना कर टीम का स्कोर 172 तक पहुंचाने में अहम रोल निभाया।

**एडम जम्पा ने लिए 3 विकेट**

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। इनके अलावा ग्लेन मैक्सवेल और नाथन एलिस ने 2-2 विकेट लिए।

**13 रन पर ही गिर गया था ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट**

173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसका पहला विकेट 13 रन पर गिर गया। ओपनर ग्लेन मैक्सवेल ने 10 गेंदों का सामना कर 12 रन बनाए। कप्तान मिचेल मार्श भी 42 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। उन्होंने 17 गेंदों पर 21 रन बनाए।

**इंग्लिस और कैमरन ग्रीन की हाफ सेंचुरी**

तीसरे विकेट के लिए जोश इंग्लिस और कैमरन ग्रीन ने 59 गेंदों पर नाबाद 131 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इंग्लिस ने 33 गेंदों पर 78 रन और कैमरन ग्रीन ने 32 गेंदों पर 56 रन बनाए। जोश इंग्लिस प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। उन्होंने अपनी पारी 7 चौके और 5 सिक्स जड़े।

# Myntra पर 1654 करोड़ की गड़बड़ी का

## ED ने विदेशी निवेश के गलत उपयोग का आरोप लगाया, फाइनेंशियल रिकॉड्‌र्स की जांच शुरू



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म Myntra और उसकी सहयोगी कंपनियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (FEMA) के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। यह मामला करीब 1,654 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा उल्लंघन से जुड़ा है।

ED को जानकारी मिली थी कि मेसर्स मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनियां होलसेल कैश एंड कैरी के नाम पर मल्टी ब्रांड रिटेल कारोबार कर रही थीं। ये विदेशी निवेश (FDI) की नीति के खिलाफ है।

सूत्रों का कहना है कि ED ने कंपनी के कुछ दस्तावेज और फाइनेंशियल रिकॉड्‌र्स की भी छानबीन शुरू कर दी है। यह देखा जा रहा है कि क्या Myntra ने विदेशी फंड्स का इस्तेमाल गलत तरीके से किया या नियमों को दरकिनार किया।

**क्या है फेमा एक्ट?**

FEMA के तहत इस बात कि निगरानी की जाती है कि कोई भी कंपनी या व्यक्ति विदेशी पैसों का गलत इस्तेमाल न करे, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग या टैक्स चोरी। यह विदेशी निवेश और व्यापार को आसान बनाता है, लेकिन इसे नियमों के दायरे में रखता है।

फेमा में भारत के सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन के लिए प्रक्रियाओं की रूपरेखा दी गई है। इस अधिनियम के तहत ईडी को विदेशी मुद्रा कानूनों और नियमों के संदिग्ध उल्लंघनों की जांच करने, उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने और उन पर जुर्माना लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

**फ्लिपकार्ट Myntra की पेरेंट कंपनी**

फ्लिपकार्ट Myntra की पेरेंट कंपनी है। 2014 में, Myntra को फ्लिपकार्ट ने 2,000 करोड़ रुपए में खरीदा था। जिस समय फ्लिपकार्ट ने Myntra को खरीदा था। उस समय उसके पास 1,000 ब्रांड के कुल 15,000 प्रोडक्ट थे। कंपनी का स्ट्रक्चर चेंज नहीं किया गया, वह आज भी इंडिपेंडेंट ही काम करती है। Myntra के पास एक स्ट्रॉन्ग यूजर बेस है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी के पास करीब 4 करोड़ ट्रांजैक्शन करने वाले कस्टमर्स हैं। Myntra का वित्त वर्ष 2021-22 में ऑपरेशंस से रेवेन्यू 3,501 करोड़ रुपए था।

# 8वां वेतन आयोग 1 जनवरी से लागू होगा

## हेल्थ-एजुकेशन फैसिलिटीज बढ़ाई जाएं



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 8वें वेतन आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू करेगी। इस बीच स्टाफ रिप्रेजेंटेटिव ने हाल ही में आयोग को कई जरूरी सिफारिशें सौंपी हैं। इन सिफारिशों में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और हेल्थ-एजुकेशन से जुड़े लाभों को बढ़ाने की मांग शामिल है।

केंद्र सरकार ने इस वेतन आयोग को 16 जनवरी 2025 को मंजूरी दी थी, जो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के वेतन और लाभों की समीक्षा करेगा।

कर्मचारी प्रतिनिधियों ने 2004 के बाद नौकरी शुरू करने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने की मांग की है। यह मांग लंबे समय से कर्मचारियों की एक बड़ी चिंता रही है।

इसके अलावा कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए कैशलेस मेडिकल फैसिलिटी लागू करने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे हेल्थ सर्विसेज तक पहुंच आसान होगी और प्रशासनिक परेशानियां कम होंगी।

प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा के लिए चाइल्ड एजुकेशन अलाउंस देने की मांग की है। साथ ही हॉस्टल सब्सिडी को पोस्ट ग्रेजुएट लेवल तक बढ़ाने का प्रस्ताव भी रखा गया है, ताकि हायर एजुकेशन की बढ़ती लागत को देखते हुए कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिल सके।

# इनकम टैक्स को समझना और आसान होगा

## एक्ट में शब्दों को आधा कर 2.5 लाख कर रही सरकार टैक्स रेट में कोई बदलाव नहीं होगा



**नई दिल्ली।** सरकार टैक्स कानूनों को आसान बनाने के लिए नया इनकम टैक्स बिल लेकर आ रही है। इसमें टैक्सपेयर्स की सुविधा के लिए इनकम टैक्स एक्ट के शब्दों की संख्या को लगभग 50 फीसदी घटाकर करीब 5 लाख से 2.5 लाख किया गया है।

सांसद और फाइनेंस सिलेक्ट कमेटी के चेयरमैन बिजयंत जय पांडा ने मंगलवार को इस कानूनी बदलाव के बारे में बात करते हुए कहा कि नए ड्राफ्ट बिल में इनकम टैक्स एक्ट में बहुत ही आसान फॉर्मूले और टेबल दिए गए हैं ताकि यह और सरल हो जाए। पांडा ने कहा, इस बिल में इनकम टैक्स पॉलिसी या टैक्स रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हमने ऐसा सोचा भी नहीं था। फिलहाल, इस उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कानून सरल हो।

सोमवार (21 जुलाई) को पांडा ने नए इनकम टैक्स बिल पर सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश की थी। रिपोर्ट में इनकम टैक्स से जुड़ीं परिभाषाओं को और सरल और स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण बदलावों का सुझाव दिया है।

**इस बिल में क्या खास है?**

इस काम में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के करीब 150 अफसरों की कमेटी लगी थी। नए बिल को अंतिम रूप देने में 60 हजार से ज्यादा घंटे लगे। इनकम टैक्स बिल को आसान, समझने लायक बनाने और गैर-जरूरी प्रावधान हटाने के लिए 20,976 ऑनलाइन सुझाव मिले।

इनका विश्लेषण किया गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मशविरा किया गया। ऐसे संशोधन कर चुके ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन से भी सलाह ली गई। 2009 और 2019 में इस संदर्भ में तैयार किए गए दस्तावेजों का अध्ययन भी किया गया।

**12 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री की-** 1 फरवरी को पेश बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी गई। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। न्यू टैक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है।

# हिमेश @52 : बुर्का पहनकर पहुंचे थे दरगाह

## सलमान ने लगाया था गाने चुराने का आरोप, एक साल में 36 हिट गानों का बनाया था रिकॉर्ड



अगर आपका जन्म 1990 के दशक या 2000 के दशक के शुरुआती दौर में हुआ है, तो हो सकता है कि हिमेश रेशमिया नाम या उनके गाने की कोई लाइन सुनते ही आप एक पल के लिए उन यादों में लौट जाते हों, जब हर जगह हिमेश के गाने छाए रहते थे। हिमेश की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वो इंटरनेट का दौर नहीं था कि कोई भी गाना फ्री में सुन लें या रील में आ गया तो सुन लिया, वो DVD, ऑडियो कैसेट्स और CD का जमाना था। फिर भी हर घर में हिमेश के गानों की एक सीडी जरूर होती थी। आज भले ही म्यूजिक प्लेटफॉर्म्स बदल गए हों, लेकिन हिमेश रेशमिया का संगीत आज भी लोगों के दिलों में उसी जगह पर कायम है। आज हिमेश रेशमिया के बर्थडे के खास मौके पर आइए उनकी जिंदगी को करीब से छूते हैं- हिमेश रेशमिया का जन्म 23 जुलाई 1973 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता एक फेमस म्यूजिक डायरेक्टर थे। विपिन रेशमिया भारत में इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक उपकरणों (जैसे सिंथेसाइजर और ड्रम मशीन) को स्टेज पर लाने वाले शुरुआती संगीतकारों में से एक थे। हिमेश जब 12 साल के थे उस समय उनकी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव आया। उनके बड़े भाई का निधन हो गया। इस घटना के बाद हिमेश ने संगीत को अपना जीवन बना लिया। हालांकि, यह सफर इतना आसान नहीं था। हिमेश ने अपने करियर की शुरुआत जी टीवी के कई सीरियलों का प्रोडक्शन करके की थी। इसमें 'अंदाज', 'आहा', 'अमन', 'आशिकी', 'अमर प्रेम' और 'जान' जैसे शो शामिल थे। उन्होंने इन शो के टाइटल ट्रैक भी बनाए थे। कई सालों तक यह सिलसिला चला। हिमेश की लाइफ में टर्निंग पॉइंट तब आया, जब सलमान ने उनका एक कंपोजिशन सुना तो वह इंप्रेस हुए और उन्हें अपनी फिल्म में संगीत देने का मौका दे दिया। 1998 में सलमान खान की फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' से हिमेश ने म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू किया। इस फिल्म के लिए उन्होंने दो गाने 'प्यार किया तो डरना क्या' और 'तुम पर हम हैं अटके' बनाए। ये दोनों गाने हिट हुए। इसके बाद हिमेश ने 'बंधन' और 'हेलो ब्रदर' जैसी फिल्मों में भी संगीत दिया। 'दुल्हन हम ले जाएंगे' उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्होंने अकेले संगीत दिया। हिमेश को फिल्म 'हमराज' से पहचान मिली। इस फिल्म के संगीत के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड में नॉमिनेशन मिला।

# रंग की वजह से वाणी को नहीं मिली फिल्म

## बताया- फिल्ममेकर को चाहिए थी मिल्की वाइट लड़की, बॉडी शेमिंग भी झेल चुकी हैं




एक्ट्रेस वाणी कपूर इस वक्त अपनी फिल्म 'मंडला मर्डर्स' की वजहों से सुर्खियों में हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में वाणी ने इंडस्ट्री से जुड़े अपने संघर्षों पर बात की है। उन्होंने बताया कि बाहरी लोगों के लिए इंडस्ट्री में एंट्री मिलना बहुत मुश्किल है। खासकर उन महिलाओं को जो इंडस्ट्री की खूबसूरती के पैमाने पर फिट नहीं बैठती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें बहुत पतली होने के कारण बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। न्यूज 18 शोशा को दिए इंटरव्यू में, वाणी याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था क्योंकि वो गोरी नहीं थीं। हालांकि ये बात सीधे उनसे नहीं कही गई थी। उनके कुछ करीबी लोगों से पता चला कि उस फिल्म के मेकर को लगा कि वो रोल के लिए परफेक्ट नहीं हैं। वो कहती हैं- 'एक बार एक फिल्ममेकर ने कहा था कि वो इतनी गोरी नहीं हूं कि उस कोई रोल मिल सके। मुझे मिल्की वाइट एक्ट्रेस चाहिए। मैंने भी कहा अगर ये पैरामीटर है तो मुझे भी इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनना। आप अपने लिए मिल्की वाइट एक्ट्रेस ढूंढिए मैं अपने लिए कोई बेहतर फिल्ममेकर ढूंढ लूंगी।' वाणी ने इसी इंटरव्यू में बॉडी शेमिंग का भी जिक्र किया और बताया कि उन्हें अक्सर कहा जाता है कि वह बहुत पतली हैं और उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए। वो कहती हैं- 'मैं कभी-कभी सुनती हूं कि मैं बहुत दुबली-पतली हूं और मुझे थोड़ा वजन बढ़ाना चाहिए क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं पसंद आती हैं। लेकिन मुझे मैं पसंद हूं। मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदलना चाहती। मैं फिट और हेल्दी हूं। मैं आमतौर पर इन बातों से परेशान नहीं होती। कभी-कभी, मुझे समझ नहीं आता कि ये कमेंट कंसर्न की वजह से आ रही हैं या अच्छी सलाह की तरह। लेकिन मुझे लगता है कि मैं ठीक हूं और मैं जो हूं, वह पसंद है।' वाणी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो क्राइम थ्रिलर फिल्म 'मंडला मर्डर्स' में एक तेज-तर्रार जांच अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। ये फिल्म 25 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसके अलावा हाल ही में वो अजय देवगन के अपोजिट 'रेड-2' में नजर आई थीं।



मुझे मैं पसंद हूं। मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदलना चाहती। मैं फिट और हेल्दी हूं।

### रोते-बिलखते तनुश्री दत्ता ने लगाई मदद की गुहार:कहा- मुझे मेरे ही घर में हैरेस किया जा रहा है, कोई मदद करो, इससे पहले देर हो जाए





तनुश्री दत्ता ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट कर रोते हुए मदद की गुहार लगाई है। एक्ट्रेस ने कहा है कि उन्हें पिछले 4-5 सालों से हैरेस किया जा रहा है। एक्ट्रेस ने मंगलवार को परेशान होकर पुलिस बुलाई थी, लेकिन उनसे कहा गया कि वो शिकायत लिखवाने के लिए पुलिस स्टेशन आएं। एक्ट्रेस ने कहा है कि देर होने से पहले उनकी मदद की जाए। तनुश्री दत्ता ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो रोती हुईं नजर आ रही हैं। वीडियो में उन्होंने कहा, 'दोस्तों मुझे मेरे ही घर में हैरेस किया जा रहा है। मैंने अभी पुलिस को कॉल किया है। परेशान होकर मैंने पुलिस को कॉल किया पुलिस आई। उन्होंने मुझे पुलिस स्टेशन आकर शिकायत करने को कहा है। मैं कल या परसों शिकायत करूंगी। मैं ठीक नहीं हूं। मुझे इतना परेशान किया गया है चार-पांच सालों में कि मेरी तबीयत खराब हो गई है। मैं कोई काम नहीं कर पा रही हूं, मेरा घर बिखरा पड़ा हुआ है।' 'मैं घर में नौकरानी नहीं रख पा रही हूं। नौकरानी के साथ मेरा बुरा एक्सपीरियंस रहा है। वो घर आकर चोरी करती हैं। मुझे पूरा काम करना पड़ रहा है। मेरे दरवाजे के बाहर आकर लोग (इतना कहते ही तनुश्री रो पड़ती हैं)।' वीडियो के साथ तनुश्री दत्ता ने लिखा है, 'मैं इस हैरेसमेंट से तंग आ चुकी हूं। ये 2018 से चल रहा है।

# चंकी पांडे ने कपूर-खान्स को किया ट्रोल

## अहान के डेब्यू पर मिली तारीफ, पोस्ट में लिखा था- कपूर-खान्स की दुनिया में पांडे परिवार की धमाकेदार एंट्री





चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के कजिन, अहान पांडे ने फिल्म सैयारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। उनकी यह फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है और लोग उन्हें बॉलीवुड का अगला सुपरस्टार बता रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें कपूर और खान परिवारों पर तंज कसा गया है। इस पोस्ट को चंकी पांडे ने भी री-शेयर किया है। दरअसल, वायरल हो रही पोस्ट में चंकी पांडे, अनन्या पांडे और अहान पांडे की फोटो नजर आ रही है। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, बॉलीवुड में जहां हमेशा कपूर और खान परिवार का नाम चलता रहा है। वहीं पांडे परिवार ने अचानक आकर सबको हैरान कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि इस पोस्ट को खुद चंकी पांडे ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया।इस पोस्ट में यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक ने लिखा, मेरा मतलब है कि पांडे फैमिली तो जैसे सेलेब्स से ही बाहर निकल आई। किसी ने नहीं सोचा था कि चंकी पांडे की बेटी का करियर शाहरुख की बेटी से बेहतर होगा और उनके भतीजे की पहली फिल्म अमिताभ के नाती से बेहतर निकलेगी। एक और यूजर ने लिखा, आमिर खान का बेटा, बच्चन का नाती, सैफ का बेटा इतने सारे बड़े नेपो किड्स हैं, लेकिन ये सोच कर हंसी आती है कि चिक्की पांडे का बेटा सब पर भारी पड़ गया। वैसे भी पांडे फैमिली को कौन पूछता है। इसके अलावा कई और यूजर्स ने कमेंट्स किए हैं।

## एक नजर

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, कार पलटने से एक की मौत

**सुलतानपुर।** हलियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ओवरटेकिंग के दौरान प्रेस लिखी कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर ही कार चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान इरशाद (40 वर्ष) पुत्र मोहम्मद शफीक, निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। कार दरभंगा से लखनऊ की ओर जा रही थी, इसी दौरान वह ओवरटेक करते समय एक अन्य कार जिसमें बबलू मिश्रा और डॉ. उत्सव राज सवार थे से टकरा गई।हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और इरशाद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बबलू मिश्रा और डॉ. उत्सव राज इस भीषण हादसे में बाल-बाल बच गए।सूचना मिलते ही मौके पर हलियापुर थाना पुलिस और यूपीडा की रेस्क्यू टीम पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।थाना प्रभारी तरुण पटेल ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### साक्ष्य के अभाव में चार आरोपी बरी हुए

**सुलतानपुर।** लाठी डंडा आदि से जानलेवा हमला करने के 11 साल पुराने मामले में आरोप साबित नहीं होने पर न्यायाधीश निशा सिंह ने चार आरोपियों को बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि जमीन की कब्जेदारी को लेकर 6 अगस्त 2014 को करौंदीकला थाना क्षेत्र के भटौता तुलसी पट्टी गांव में दो पक्षों में विवाद हुआ था। वादी दिलीप कुमार निषाद ने पट्टीदार प्रहलाद निषाद, अशोक कुमार, हरी निषाद और संतोष पर जानलेवा हमले, मारपीट और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें दिलीप और उसके भाई अमित को चोटें आने की बात कही गई थी। अभियोजन पक्ष मुकदमे में ठोस सबूत नहीं दे सका जिस कारण कोर्ट ने आरोपियों को बरी कर दिया। वहीं मारपीट का दोषी मानते हुए कोर्ट ने आरोपियों को परिवीक्षा पर छोड़ने का फैसला सुनाया।

### मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**सुलतानपुर।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण रमाकांत पांडेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग की ओर से संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के लिए 24 जुलाई से 14 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन विभागीय पोर्टल पद के माध्यम से किया जा सकता है। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना,निषादराज बोट सब्सिडी योजना,सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना,उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मछली विक्रय के लिए मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना अंतर्राज्यीय भ्रमण, दक्षता विकास, प्रदर्शनी एवं सेमिनारों के लिए प्रशिक्षण व भ्रमण कार्यक्रम रमाकांत पांडेय ने बताया कि हर योजना के लिए पृथक-पृथक आवेदन करना आवश्यक है। प्रत्येक योजना की इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की सूची और अन्य विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। यदि भविष्य में योजनाओं में कोई संशोधन होता है, तो संशोधित प्रावधान लागू होंगे। पूर्व में निरस्त या प्रतीक्षारत आवेदक भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। योजनाओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए जनपदीय, मंडलीय कार्यालयों या मत्स्य निदेशालय से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

### बीएसए के मुकदमें में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर।** दो साल पहले बीएसए दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा धमकी के मुकदमें में विवेचक नियाजी हुसैन ने सीजेएम कोर्ट में बयान दर्ज कराया था। बचाव पक्ष के वकील सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट में जिरह के लिए दारोगा के नहीं आने से सुनवाई 12 अगस्त के लिए टल गई है। मामले में कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी निलम्बित शिक्षक सुरेश प्रताप सिंह आरोपी हैं।

### जेल में बंद आरोपी की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर।** धम्मौर थाना क्षेत्र के करनाईपुर में ट्रैक्टर और ट्राली की लूट के आरोपी मो. एहतशाम को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने जमानत दी है। वकील रणशेर सिंह ने अर्जी पेश कर कहा कि घटना का कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं है और एहतशाम को गलत तरीके से फंसाया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल से रिहा कर दिया गया है। आरोप है कि बीते 17 मार्च को कार सवार चार आरोपियों ने शमीम के ट्रैक्टर ड्राइवर से रास्ता पूंछने के बहाने उसे नीचे उतरवाया। आरोपी चकमा देकर ट्रैक्टर और ट्राली लेकर फरार हो गए थे।

### विजय नारायण हत्याकांड की सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्या काण्ड में बुधवार को एडीजे संतोष कुमार की कोर्ट में गवाही नहीं हो सकी। पीड़ित पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि शेष साक्ष्य के लिए कोर्ट ने एक अगस्त की तारीख नियत की है। शहर के दरियापुर तिराहे पर सात अप्रैल 2024 की शाम हुए चर्चित हत्याकांड में अम्बेदकर नगर जिले का शूटर अजय सिंह सिलावट आरोपी है जो रायबरेली जेल में बन्द है।

### पत्थर नसब बिगाड़ने पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर-सुलतानपुर।** एसडीएम के निर्देश पर कराए गए पत्थर नसब के खोटो को उखाड़ फेंकने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के राघोपुर गांव की आशा देवी पत्नी राम जी जमीन का एसडीएम के आदेश पर राजस्व निरीक्षक ने पुलिस की मौजूदगी में उनकी जमीन की मापी कर पत्थर नसब की कार्यवाही की थी। जिसे विपक्षीगढ़ जबरन उखाड़ दिए। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता आशा देवी की तहरीर गांव के ही सुशीला, सूबेदार,रवि, महेंद्र,राजकुमार, एवं सोनी के विरुद्ध नामजद केस कर लिया गया है।

### धर्म परिवर्तन कराने के मामले में याचिका खारिज

**सुलतानपुर।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संध्या चैधरी चैधरी ने युवती का धर्म परिवर्तन कराने के मामले में आरोपी अलाउद्दीन पुत्र रमजान की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मोतिगरपुर थाना के बागसराय निवासी मुबारक ने 12 जुलाई 2024 को एक युवती को नौकरी और शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर अपने साथ दिल्ली लेकर चला गया। मुबारक ने पीड़िता का धर्म परिवर्तन कराते हुए उसका नाम बदल दिया। विवेचना में मुबारक के भाई अलाउद्दीन की भूमिका भी संलिप्त पाई गई। कोर्ट ने आरोप गंभीर मानते उसकी हुए जमानत याचिका खारिज कर दी है।

### ट्रेलर की टक्कर से किन्नर गम्भीर

**कादीपुर-सुलतानपुर।** बीती रात ट्रेलर के टक्कर मार देने से कार पर सवार एक किन्नर गंभीर रूप से घायल हो गई। मंगलवार की रात लगभग दो बजे सुल्तानपुर की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने कस्बे के रानीपुर मोड़ के निकट कादीपुर की तरफ जा रही स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार किन्नर काजल गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काशीपुर लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि ट्रेलर को कब्जे में ले हुए पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

### चार वारंटी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कोतवाली पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। कोतवाली क्षेत्र के पलिया गोलपुर गांव के पप्पू, रामसूरत, रामकेवल एवं एवं विराजू के विरुद्ध न्यायालय से मारपीट के मुकदमे में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने चारों वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### दीवानी में एसबीआई के एटीएम का उद्घाटन

**सुलतानपुर।** जिला अदालत में अब एटीएम की सुविधा उपलब्ध हो गई है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम मशीन का उद्घाटन जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला ने किया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक वीर रतन मोहन, जिला प्रबंधक आशीष कुमार बार अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिशुंडी आदि मौजूद रहे। अब वादकारियों और अधिवक्ताओं को कैश जमा और निकालने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह एटीएम सुविधा उनके लिए काफी सहूलियत भरा होगा।

# उधार दिया पैसा वापस मांगना पड़ा महंगा, एक भाई की मौत, दूसरा घायल

## हत्याकांड में शामिल एक नामजद आरोपी गिरफ्तार, चाचा ने किया भतीजे का कत्ल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार-सुलतानपुर।** चचेरे भाई को उधार दिया पैसा मांगने गए युवक पर चाचा ने अपने साथियों के साथ हमला बोल दिया। बीच बचाव करने पहुंचे एक भाई की धारदार हथियार से चोट लगने से मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे का इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है।







मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के चाची राय की बगिया कटावां गांव से जुड़ा है। गांव निवासी अजय निषाद पुत्र स्व. राम लौट निषाद मंगलवार रात को अपने चचेरे भाई आलोक को साल भर पहले दिए हुए 27 हजार रुपए मांगने उनके घर गया तो आरोप है कि उसके चाचा फागुलाल निषाद पुत्र राम चंद्र निषाद,बलदेव पुत्र फागू लाल,सूरज पुत्र सुखलाल व सोहनलाल पुत्र सुखलाल एक राय होकर मां बहन की गालियां देते हुए गिराकर मारने पीटने लगे। शोर सुनकर अजय का छोटा भाई संजय निषाद (22) व बड़ा भाई विजय निषाद उसे बचाने आया तो उक्त लोगों ने लाठी, डंडा, चाकू, कुल्हाड़ी आदि से हमला बोल दिया। मारपीट में संजय निषाद के गर्दन व विजय के कमर में गंभीर चोट लग गई। मारपीट के दौरान भाटे उर्फ सुखलाल पुत्र सहतू निषाद पर ललकारने का आरोप है। गंभीर हालत में घायल संजय व विजय को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने संजय को मृत घोषित कर दिया तथा विजय की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। हत्याकांड की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी का निर्देश दिया। वहीं बुधवार को नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मच्र्युरी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक नामजद आरोपी सुखलाल उर्फ भाटे की गिरफ्तारी की गई हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**शव पहुंचते ही गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात :** बीती रात चाकूबाजी की घटना में युवक की मौत के बाद बुधवार सुबह जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को दफनाने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मृतक युवक की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि चाकूबाजी की यह घटना आपसी विवाद के चलते हुई थी, जिसमें युवक को गंभीर चोटें आई थीं। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक धनपतगंज प्रवीण यादव, कूरेभार प्रभारी रवींद्र सिंह, धम्मौर प्रभारी अंजू मिश्रा, और बंधुआ कला प्रभारी धर्मवीर सिंह मौके पर पुलिस बल के साथ मौजूद हैं। गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्कता बरत रही है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। घटना की जांच जारी है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में भागीदार बने युवा बीजेपी नेता पुलकित सिंह

» जनसंपर्क अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचे, परिजनों से मिलकर दी सांत्वना और समस्याओं का दिलाया भरोसा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के समाजसेवी पुत्र पुलकित सिंह का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। सोमवार को उन्होंने क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की, दुख-सुख साझा किया और समस्याओं के निस्तारण का भरोसा भी दिलाया।

भ्रमण की शुरुआत भाईगांव से हुई, जहां उन्होंने गांव निवासी शीतला प्रसाद के परिवार से मिलकर उनकी बहू के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद वह दूबेपुर के दादूपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने राज नारायण सिंह के घर जाकर उनके पुत्र मदन सिंह के निधन पर दुख प्रकट किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके पश्चात पुलकित सिंह लौहर दक्षिण गांव पहुंचे, जहां महेश यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उन्होंने उनके घर पहुंचकर हालचाल लिया और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जनसंपर्क के दौरान पुलकित सिंह जगह-जगह रुके और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। लोगों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि वे स्वयं व उनके पिता विधायक विनोद सिंह हर समय क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में साथ खड़े हैं। पुलकित सिंह ने कहा कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जहां भी किसी को कोई समस्या है, उसका समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। उनके इस जनसंपर्क अभियान की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 29 को

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले में मारी मांई के स्थल पर 29 जुलाई को राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बुधवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने कहा कि कुश्ती हमारे देश में पहले से ही लोकप्रिय रही है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। जिससे एक तरह का व्यायाम भी हो जाता है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को मरी माई के स्थल पर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के पहलवान शामिल होंगे। बैठक में नगर पंचायत सभासद ब्रजेश बहादुर सिंह, रणधीर सिंह, सूर्य लाल गुप्त, राकेश कुमार गजेंद्र बहादुर सिंह, सर्वेश कुमार सिंह राजितराम, शैलेंद्र नाथ उपाध्याय, उत्कर्ष मोदनवाल,गौरव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बोल बम दर्शन पर निकला कांवड़ियों का परिवार, 10 लाख का माल पार






**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** बोलबम यात्रा पर काशी विश्वनाथ दर्शन को गया परिवार लौटकर आया तो होश उड़ गए। घर की आलमारी टूटी थी और लॉकर से करीब 10 लाख रुपये के गहने व नकदी गायब थे। खैराबाद के आजाद नगर मोहल्ले के मनोज गुप्ता व विनोद गुप्ता पुत्रगण लल्लू गुप्ता ने बताया कि 13 जुलाई की शाम करीब 7 बजे वे लोग बोल बम के लिए काशी रवाना हुए थे।

रात में ही उनके घर को चोरों ने निशाना बना लिया और दो आलमारियों के लॉकर तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नगदी लेकर चंपत हो गए। चोरी गए सामान में 3 मंगलसूत्र, 4 सोने की चेन, 1 जोड़ी झुमका, 1 झाला, 12 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी बिछिया, 5 अंगूठी, 4 लॉकेट, 2 नथिया, कान का सहारा, सुई-धागा और 4 लाख रुपये नकद शामिल हैं। 14 जुलाई को परिजनों ने शास्त्रीनगर पुलिस चौकी में रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एक हफ्ते की भागदौड़ और दबाव के बाद आखिरकार 21 जुलाई को नगर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। पूर्व में भी हो चुकी है लाखों की चोरी, पुलिस के हाथ अब तक खाली इसी इलाके के कृष्णानगर मोहल्ले में रहने वाली मंजू गुप्ता पत्नी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के घर भी

» कड़ी मेहनत के बाद दर्ज हुआ मुकदमा, पुलिस के गश्त पर उठे सवाल

बीते 9 जनवरी को ताला तोड़कर चोरों ने धावा बोला था। पीड़िता के अनुसार उस दौरान चोरों ने 20 हजार रुपये नकद, 4 सोने की चेन, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, झुमका, 5 जोड़ी बिछिया, 4 जोड़ी सोने की बालियां, एक जोड़ी टप्स, एक जोड़ी झाला और दो चांदी के सिक्के चोरी किए थे,लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस वारदात में भी पुलिस आज तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी, न चोर पकड़े गए, न ही कोई बरामदगी हुई।

**गश्ती बंद, सीसीटीवी से भी नहीं डर रहे चोर :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि शास्त्रीनगर चौकी क्षेत्र में रात्रि गश्ती नाम मात्र की है। चोर अब मोहल्ले में लगे सीसीटीवी से भी नहीं डर रहे। बीते महीनों में मुख्य मार्गों पर स्थित दुकानों के ताले टूटे, लेकिन पुलिसिंग में कोई सुधार नहीं हुआ। इन लगातार हो रही चोरी की वारदातों ने शास्त्रीनगर पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है। पीड़ित परिवार और मोहल्लेवासी पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई और रात में नियमित गश्त की मांग कर रहे हैं।

### खनन में लगे ट्रैक्टर पकड़े गए, जेसीबी मौके से फरार

**कुड़वार-सुलतानपुर।** अवैध खनन की सूचना पर पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त कार्यवाही में दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई। जबकि जेसीबी मौके से भागने में सफल रही। मंगलवार देर शाम अवैध खनन की सूचना पर खनन इंस्पेक्टर सिद्धार्थ शंकर पांडेय व स्थानीय पुलिस टीम ने संयुक्त छापेमारी में भंडरा गांव से अवैध खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्राली को हिरासत में ले लिया। जबकि जेसीबी अंधेरे का फायदा उठाते खनन इन्स्पेक्टर के पहुंचते ही मौके से भागने में सफल रही। जेसीबी बल्दीराय थाना के वल्लीपुर की बतायी जा रही है। पुलिस टीम दोनों ट्रैक्टर ट्राली को थाने लेकर आई। खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस की सुपुर्दगी में दे कर दोनों ट्रैक्टर मालिक को कागजात दिखाने को कहां गया है। अगर खनन से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखाया जाएगा तो अवैध खनन के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत तैयार प्लाट को अधिकारियों ने बताया अनुकरणीय

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला परिषद क्षेत्र में गन्ना विकास विभाग और चीनी मिल के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे ग्रामस्तरीय गन्ना सर्वेक्षण एवं सट्टा प्रदर्शन कार्य का निरीक्षण मंगलवार, 22 जुलाई 2025 को किया गया। इस दौरान निरीक्षण टीम ने कई गांवों का दौरा कर किसानों की फसलों की स्थिति जानी व गन्ना विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं का जायजा लिया।

निरीक्षण का पहला पड़ाव हबीर नगर रहा, जहां गन्ना पर्यवेक्षक उपेंद्र सिंह और चीनी मिल उतरौला के फील्ड स्टाफ नितेश सिंह कार्यरत मिले। मौके पर किसानों से संवाद स्थापित कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया और सट्टा प्रदर्शन की वस्तुस्थिति की जांच की गई। इसके पश्चात निरीक्षण टीम ग्राम कालू बनकट पहुंची, जहां सर्किल गन्ना पर्यवेक्षक अतुल कुमार सिंह एवं चीनी मिल के फील्ड स्टाफ कृष्ण कुमार ने कार्यों की जानकारी दी। यहां पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत तैयार किए गए प्रदर्शन प्लाट का अवलोकन किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

प्रदर्शन प्लाट कृषक साहब लाल मौर्य द्वारा तैयार किया गया है, जिसमें 15 मार्च को सीओ-118 प्रजाति की बुवाई की गई थी। निरीक्षण के दौरान गन्ने की फसल स्वस्थ, हरे-भरे और रोगमुक्त अवस्था में पाई गई। इसे देखकर निरीक्षण टीम ने संतोष जताया और कृषक के प्रयासों की खुलकर सराहना की। गन्ना विभाग के अधिकारियों ने कहा कि साहब लाल मौर्य जैसे किसानों की लगन और तकनीकी समझ कृषि क्षेत्र में सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करती है। इस प्रकार के आदर्श प्रदर्शन प्लाट अन्य कृषकों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं, निरीक्षण टीम ने कहा।

### पास्को एक्ट व हत्या के अलग अलग मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

**बहराइच।** न्यायालय ने पास्को एक्ट और हत्या के अलग अलग मामले में आरोपियों को सजा सुनाई है। पास्को एक्ट में आरोपी को बीस वर्ष तथा हत्या के मामले में आजीवन कारावास से दंडित किया है। घटना विशेश्वर गंज थाना क्षेत्र की है। 27 जून 2021 को पीड़िता की मां ने थाने पर तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसकी नाबालिग लड़की शाम को घर से बाहर शौच के लिए गई थी। जहा से राशिद पुत्र ताहिर अली निवासी मझवा बनकट थाना विशेश्वरगंज उसे उठा ले गया। उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पास्को एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज कर विवेचना शुरू की। जिस पर तत्कालीन विवेचक क्षेत्राधिकारी ने साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त राशिद पुत्र ताहिर अली निवासी मझवा बनकट थाना विशेश्वरगंज के विरुद्ध आरोप-पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया।

# संदिग्ध हालात में युवक की दर्दनाक मौत पुलिस ने शुरू की विधिक कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** मुसाफिखाना कोतवाली क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव के पास जाखा मोड़ पर बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव की पहचान अजीत यादव (30) पुत्र स्व. रामसूरत यादव निवासी ग्राम अशरफपुर थाना बल्दीराय सुलतानपुर के रूप में हुई है। मृतक जामों के पास रामसपुर स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार,अजीत मंगलवार देर रात मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था। जाखा मोड़ के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अजीत को सिर में गंभीर चोट आ गई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जांच में यह भी सामने आया कि हादसे के वक्त युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। सुबह ग्रामीणों ने जब सड़क किनारे शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल पर उल्टी और खून के निशान भी मिले हैं। बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त था और मृतक का पैर बाइक में फंसा हुआ था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी, फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# पंचायतों में सरकार बनाने के लिए जुटें कार्यकर्ता : सुशील त्रिपाठी

» भाजपा ने बैठक कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की शुरू की तैयारी

» 45 में से 70-80 प्रतिशत वार्डों को जीतने का लक्ष्य किया तय




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बुधवार को जिला कार्यालय पर जिला पदाधिकारीयों,मण्डल अध्यक्षों एवं पूर्व मण्डल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा गांव की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कमर कस कर तैयारी में जुट जाएं, कहा मेरे लिए सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है।

जिला पंचायत के 45 वार्डों में से 70 से 80 प्रतिशत वार्डों को जीतने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ताओं को मिशन मोड में जुटना है। उन्होंने कहा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर शासन द्वारा परिसीमन,मतदाता पुनरीक्षण आदि का काम शुरू होने जा रहा है। इस पर बारीकी से नजर रखते हुए काम करना है। उन्होंने कहा मण्डल, शक्तिकेन्द्र व बूथ स्तर पर कौन-कौन जिला पंचायत वार्ड होंगे इसकी भी सूची तैयार करनी है। पार्टी के मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने जानकारी दी की 1-2 अगस्त को विधानसभा वाइज मण्डलों की बैठक आयोजित होंगी। विधानसभाओं में बैठक के लिए जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। विधानसभा स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण, परिसीमन आदि कार्य पर निगरानी रखने के लिए अलग से वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की टोली बनाईं गई है। संचालन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला संयोजक संदीप सिंह ने किया। जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने 26 जुलाई को कारगिल विजय मनाने व जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा ने 27 जुलाई रविवार को मन की बात कार्यक्रम को सभी 1991 पर बूथों पर तैयारी करने का आह्वान किया। कामकाजी बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चैहान,धर्मेन्द्र कुमार, डा. प्रीति प्रकाश, अनीता पाण्डेय, मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी,आलोक आर्या, नरेन्द्र कुमार सिंह,राजित राम, बबिता तिवारी,जगदीश चैरसिया,आशीष सिंह रानू, अशोक सिंह,चन्दन नारायन सिंह,शशीकांत पाण्डेय, श्याम बहादुर पाण्डेय, शिवाकांत मिश्रा, महेश सिंह, सुमन राव कोरी,अवध कुमार सिंह,हिंदेश सिंह, विवेक सिंह,संदीप मिश्रा,मण्डल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, संतोष सिंह, प्रदीप मालवीय,रोहित यादव, दुष्यंत सिंह, रीना जायसवाल, राजेश चतुर्वेदी, राजेश मिश्रा, डा. राम मूर्ति,जग प्रसाद वर्मा, राम जतन यादव,दान बहादुर तिवारी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जयंती** शहीद चंद्रशेखर आजाद जयंती पर प्रभातफेरी और रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान से शरीर में रक्त बनने की क्षमता बढ़ती है : डा. एके सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति की ओर से संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में नगर में प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के दौरान नगर में स्थित समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर देशभक्ति के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके उपरांत मेडिकल कालेज स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के 35 पदाधिकारियों ने रक्तदान कर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जनपद के सुप्रसिद्ध सर्जन डा. एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके मिश्रा, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. सुपर्णा दूबे, ब्लड बैंक प्रभारी डा. संजय सिंह व



वरिष्ठ समाजसेवी करतारकेशव यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर डा. एके सिंह ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है। इससे जहां एक ओर किसी की जान बचाई जा सकती है, वहीं रक्तदाता के शरीर में रक्त निर्माण की प्रक्रिया भी तेज हो जाती है। स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह में रक्तदान कर सकता है। डा. मिश्रा ने भी समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शहीदों की स्मृति में इस प्रकार का आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक है। रक्तदान करने वालों में सुनील तिवारी, राघवेन्द्र सिंह, मयंक पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, रजत सिंह, रजा अब्बास जैदी, शराफत खान, दिलीप सिंह, ई. हरिकेश यादव, अमित तिवारी, आदर्श सिंह, अदनान खान, प्रणव श्रीवास्तव, सिकंदर सिंह, प्रवीण दीक्षित, स्वाले खान, दीपक सिंह, रियासत अली, ई. आशुतोष कुमार सिंह, राजकरण, विनोद रावत, शादाब खान, रुजदान खान, केतन श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह, रजनी सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, राजदीप कश्यप, अभिजीत भारती, प्रमोद तिवारी, अमित शर्मा, माहे आलम, हंसराज यादव, राजेन्द्र पटवा आदि शामिल रहे।

### प्रभातफेरी में शामिल प्रमुख लोग

माशूक अली, मोहम्मद अहमद, ओमप्रकाश गौड़, गिरीश तिवारी, बबलू सिंह प्रधान, रवि दूबे, धर्मेंद्र जायसवाल, मसूद अहमद, अब्दुल मन्नान, महफूज अली बब्बन, रवींद्र बहादुर सिंह, आलोक निषाद, अनिल सिंह एडवोकेट, अशोक तिवारी, किशन चैरसिया, सरदार सतपाल सिंह, रोहित सिंह, आशीष मिश्रा 'महाकाल', शिवनायक वर्मा, अरविंद यादव, परमात्मा अवस्थी, केके सिंह, वीरेंद्र मौर्य, अजय नारायण सिंह, पिंकू सिंह, राजेंद्र, दुर्गा प्रसाद आदि।

## एक नजर

### जस्टिस तरलोक झारखंड हाईकोर्ट के सीजे



**रांची।** हिमाचल प्रदेश में शिमला जिला के रोहडू से संबंध रखने वाले जस्टिस तरलोक चौहान ने 23 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तरलोक चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें चीफ जस्टिस बने हैं। इस अवसर पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, न्यायिक अधिकारी जस्टिस चौहान के माता-पिता भी मौजूद रहे। तरलोक चौहान हिमाचल हाईकोर्ट में भी 2 दो बार कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की भूमिका निभा चुके हैं। 9 जनवरी 1964 को शिमला जिला के रोहडू में उनका जन्म हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा शिमला के बिशप कॉटन स्कूल से हुई। इस दौरान वे स्कूल के कैप्टन भी रहे।

### बेंगलुरु में बस स्टैंड पर विस्फोटक मिला

**बेंगलुरु।** शहर के कलासीपाल्यम बस स्टैंड पर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए हैं। वेस्ट बेंगलुरु के डीसीपी एस गिरीश ने बताया कि बस स्टैंड के टॉयलेट के बाहर एक प्लास्टिक बैग में छह जिलेटिन की छड़ें और कुछ डेटोनेटर (दोनों अलग-अलग) मिले। मौके पर पुलिस और आतंकवाद निरोधी दस्ता पहुंच गए हैं। घटना के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पिछले साल, 1 मार्च को बेंगलुरु में फेमस रामेश्वरम कैफे में आईईडी ब्लास्ट हुआ था। इसमें 10 लोग घायल हुए थे। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि मास्क लगाए हुए एक व्यक्ति कैफे के पास बस से उतरा और कैफे में घुसा। वह एक बैग लेकर आया था। कैफे में उसने इडली ऑर्डर की, काउंटर पर पेमेंट करके टोकन लिया। इसके बाद बैग को डस्टबिन के पास रखकर चला गया। एक घंटे बाद इसी बैग में टाइमर के जरिए धमाका हुआ था।

### वर्षाजनित हादसों में नौ लोगों की मौत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई। गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की लंबी कतारें नजर आईं। दूसरी तरफ, झारखंड में बिजली गिरने से चार महिलाओं और बिहार में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो महिलाएं झुलस गईं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक, प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। अगले 48 घंटे में बारिश का अनुमान नहीं है। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में हुए लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत हो गई। मंगलवार-बुधवार की रात बदोरा पहाड़ी क्षेत्र में लैंडस्लाइड के समय दोनों तंबू में सो रहे थे। मौसम विभाग ने उधमपुर में अगले 72 घंटों तक रुक-रुककर भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

### विमान के कैबिन एसी में तकनीकी समस्या

**तिरिवनंतपुरम।** केरल के कालीकट इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दोहा जाने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का एक विमान बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के कुछ घंटे बाद ही वापस लौट आया। एयरपोर्ट अधिकारी ने बताया कि पायलटों और चालक दल सहित 188 लोगों को लेकर उड़ान संख्या IX 375 ने सुबह 9 .07 बजे कालीकट से उड़ान भरी थी, लेकिन दो घंटे बाद विमान 11 .12 बजे उसी हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। अधिकारी ने कहा, विमान के केबिन एसी में कुछ तकनीकी समस्या थी। यह आपातकालीन लैंडिंग नहीं थी। उन्होंने बताया कि यात्रियों को विमान से उतार दिया गया है।

### अफसर के घर लोकायुक्त का छापा, सोना, नकदी बरामद

**तिरुवनंतपुरम।** कर्नाटक में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त अधिकारियों के राज्य भर छापेमारी जारी है। बुधवार को भी कई जगहों पर छापे मारे गए। इस दौरान बिदर जिले में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के सहायक निदेशक मारुति बगली के आवास से भारी मात्रा में गोल्ड ज्वैवरी, नकदी, कीमती घड़ियां और अन्य सामग्री बरामद की गई। अधिकारियों के अनुसार, मारुति बगली के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने की शिकायत पर कार्रवाई की गई थी। उनके घर में तलाशी के दौरान संपत्ति के कई अहम दस्तावेज भी मिले हैं। जांच अभी जारी है। यह कार्रवाई लोकायुक्त की राज्यव्यापी छापेमारी का हिस्सा है, जिसमें कई सरकारी अफसरों के ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

### अमृतसर में 4 किलों हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** अमृतसर में पुलिस ने आज नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ग्रामीण पुलिस ने बाबा गुलाब शाह की दरगाह जाने वाली मुख्य सड़क से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान साहिबदीप सिंह और सुखबीर सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों से 4 किलो 107 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। यह कार्रवाई पंजाब के सीएम के नशा विरोधी अभियान 'ड्रग्स के विरुद्ध युद्ध' के तहत की गई। अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनिंदर सिंह आईपीएस कर रहे हैं। एसपी (डी) आदित्य वारियर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी काली नाम के एक पाकिस्तानी तस्कर के संपर्क में थे। हेरोइन की यह खेप ड्रोन के जरिए भारत में भेजी गई थी। आरोपी साहिबदीप सिंह हरदोई रतन का निवासी है वहीं सुखबीर सिंह निवासी मूला बेहराम का रहने वाला है। पुलिस ने थाना घरिंडा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी साहिबदीप सिंह पहले भी नशा तस्करी के एक मामले में शामिल रहा है।

### बांदीपोरा में आतंकियों के 3 मददगार अरेस्ट

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले के चिट्टी-बांदी इलाके में चेकिंग अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादी की मदद करने वाले 3 सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया, उनके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

### कार ने कांवड़ियों को कुचला, चार की मौत

ग्वालियर। ग्वालियर में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर एक कार ने सड़क किनारे चल रहे कांवड़ियों को कुचल दिया। इसके बाद कार पलट गई। हादसे में तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक घायल ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। दो की हालत गंभीर है। मृतकों में तीन एक ही परिवार के हैं। हादसा नेशनल हाईवे के शिवपुरी लिंक रोड स्थित शीतला माता मंदिर गेट के पास मंगलवार देर रात करीब 1 बजे हुआ। हादसे के बाद कार समेत कांवड़िए सड़क किनारे खाई में जा गिरे थे। कंपू, जनकगंज, झांसी रोड, माधौगंज थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को खाई से निकालकर जेएएच के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया।

# गोरखपुर को देश के टॉप-थ्री शहरों की कतार में लायें

## 253 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विश्ववार्ता ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों में नागरिकों के सकारात्मक रुख और सहयोग की सराहना करने के साथ कहा है कि विकास में लगने वाला पैसा जनता जनार्दन के टैक्स का है। इस पैसे का सही इस्तेमाल सुनिश्चित होना चाहिए। विकास कार्यों में क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विकास के लिए जनता के पैसे का सही उपयोग हो, यह हम सबका लक्ष्य होना चाहिए।

सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर नगर निगम परिसर में स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि दिलाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई मित्रों के सम्मान और 253 करोड़ रुपये की 177 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी नागरिकों को सावन माह की शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही गोरखपुर को 3 से 10 लाख की आबादी की श्रेणी में चौथी नेशनल रैंक मिली है। जबकि गत वर्ष गोरखपुर 24वें और उसके पहले 74वें स्थान पर था। तीन साल में गोरखपुर की स्वच्छता रैंकिंग 74 से चौथे स्थान पर आने को बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री कहा है कि अब अगली प्रतिस्पर्धा टॉप-थ्री में आने की होनी चाहिए और इसमें हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा।





मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि गत वर्ष उन्होंने गोरखपुर को स्वच्छता के लिए टॉप-टेन शहरों में आने का टारगेट दिया था। यह टारगेट पूरा कर लिया गया है। गोरखपुर अपनी श्रेणी में नम्बर एक पर भी आ सकता है,

» विकास में लगा पैसा जनता का, सुनिश्चित हो सही इस्तेमाल : योगी

इसलिए हम सबको अगले साल के लिए टॉप-थ्री का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना होगा और इसमें सबको अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

**पहले मच्छर, माफिया, अराजकता से थी गोरखपुर की पहचान**

सीएम योगी ने लोगों को याद दिलाया कि पहले गोरखपुर को लेकर क्या चर्चा होती थी। कहा कि पहले गोरखपुर की चर्चा, मच्छर, माफिया, गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता को लेकर होती थी। बुनियादी सुविधाओं के अभाव से त्रस्त पूरा शहर जाम में फंसा रहता था। एक बारिश में शहर जलमग्न हो जाता था। आज इन सबसे निजात मिल चुकी है।

अब एक नए भारत के लिए नए उत्तर प्रदेश में गोरखपुर भी एक नया गोरखपुर बनकर दिखा है। उन्होंने कहा कि जब एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा खड़ी होती है, तब विकास में आगे बढ़ने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुरवासियों ने विकास के कार्यों में हमेशा सकारात्मक योगदान दिया है।

### रुद्राभिषेक कर योगी ने की लोक मंगल की कामना

गोरखपुर। पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। प्राचीन मानसरोवर मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दुर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद जल, गोदुग्ध और गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। गोरखनाथ मंदिर के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती कर अनुष्ठान को पूर्ण किया। उन्होंने देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# एआई और ब्लॉकचेन जैसी प्रौद्योगिकी का करें इस्तेमाल

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दी रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों को नसीहत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है।

श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा," प्रौद्योगिकी में प्रगति से अवगत रहना और उन्हें ने कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएँ नहीं रह गई हैं, बल्कि ये शासन का हिस्सा बन रही हैं।"



उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढाँचे के विकास में पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाने,नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी।

सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जल संसाधनों का सतत विकास और कुशल प्रबंधन जल सुरक्षा और विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल और जल संरक्षण को बढ़ावा देकर जन स्वास्थ्य में सुधार, कृषि उत्पादकता को बढ़ावा और प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित किया जा सकता है।

# भारत अब चीनी टूरिस्टों को भी देगा वीजा

## 24 से आवेदन शुरू; गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।

भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपॉइंटमेंट लेना होगा।

इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा। ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।




» चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। अप्रैल 2022 में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22,000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था।जून 2022 में चीन ने अपनी वीजा नीतियों में ढील दी थी और भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा के लिए आवेदन करने की अनुमति दी, जो आमतौर पर 90 दिनों की वैधता के साथ 30 दिनों तक ठहरने की अनुमति देता है। इसके अलावा चीन ने भारतीय पेशेवरों, उनके परिवारों और अन्य विदेशी नागरिकों के लिए भी वीजा आवेदन फिर से शुरू किए, जो चीन में काम या परिवार से मिलने के लिए जाना चाहते थे। इस नीति के तहत भारतीय नागरिक जो चीन में कार्यरत थे या जिनके परिवार वहां थे, वे वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे।

### वॉटर बम बनाने पर अड़ गया ड्रैगन

**बीजिंग।** चीन ने हाल ही में भारतीय सीमा के नजदीक ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 अरब डॉलर की लागत से मेगा डैम का निर्माण औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। इस प्रोजेक्ट को दुनिया सबसे बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट माना जा रहा है। चीन की इस हाइड्रो इलेक्ट्रीसिटी परियोजना ने भारत और बांग्लादेश जैसे देशों में चिंताएं पैदा कर दी हैं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू इस बांध को 'वॉटर बम' का नाम भी दे चुके हैं। हालांकि चीन इस प्रोजेक्ट पर अड़ गया है। दुनियाभर के विशेषज्ञों द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद हाल ही में चीन ने इसके निर्माण का बचाव किया है।

चीन ने अरुणाचल प्रदेश की सीमा के सटे इस डैम परियोजना का बचाव करते हुए कहा है कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना उसके संप्रभु अधिकारों के अधीन है और इससे भारत या बांग्लादेश जैसे निचले इलाकों के देशों को कोई नुकसान नहीं होगा। बुधवार को चीन में विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर एक आधिकारिक बयान जारी किया है।

# धनखड़ से नाराज थी सरकार तीन कारणों ने बढ़ाया तनाव

## इस्तीफा दे लौटे और शुरू कर दी पैकिंग

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से अचानक इस्तीफा देकर पूरे देश को चौंका दिया है। वहीं, दूसरी तरफ उनके इस्तीफे से सियासत गरमा गई है। विपक्ष का कहना है कि सेहत सिर्फ बहाना है इसके पीछे कोई और अधिक गहरे कारण हैं। विपक्ष मुद्दे को भुनाने में जुटा है, तो सत्ता पक्ष इस पर अब तक चुप्पी साधे है।

जगदीप धनखड़ अब बहुत उपराष्ट्रपति आवास भी खाली करने वाले हैं। सूत्रों के मुताबित, जिस रात धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था, उसी रात राष्ट्रपति भवन से लौटने के बाद अपना सामान पैक करना शुरू कर दिया था, जबकि उनका इस्तीफा अगले दिन मंगलवार की दोपहर आधिकारिक तौर पर मंजूर किया गया था। इससे स्पष्ट है कि धनखड़ उपराष्ट्रपति एन्क्लेव छोड़ने की भी जल्दी में हैं।



इस्तीफा देने के बाद से धनखड़ एकांत में चले गए हैं और वह किसी भी दल के नेता से मुलाकात नहीं कर रहे हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि कई विपक्षी दलों के नेताओं ने जगदीप धनखड़ से मिलने के लिए समय माँगा था, लेकिन उन्होंने इन अनुरोधों का कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना नेता संजय राउत और शरद पवार ने भी मंगलवार को जगदीप धनखड़ से मिलने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्हें भी समय नहीं मिल पाया।

सोमवार रात लगभग नौ बजे धनखड़ ने इस्तीफा दिया था, इसके अगले दिन यानी मंगलवार को दोपहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स पर पोस्ट कर धनखड़ के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और उन्हें किसान पुत्र और प्रेरणादायक नेता बताया। जबकि, पार्टी की तरफ से या सरकार की तरफ से इस बारे में कोई खास जानकारी सामने नहीं आई।

सुप्रीम कोर्ट के वकील रहे और समाजवादी पृष्ठभूमि से आए जगदीप धनखड़ जब भाजपा में आए थे तब बहुत ज्यादा जाने पहचाने जाने वाले नाम नहीं थे, लेकिन पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और उसके बाद उपराष्ट्रपति के रूप में मिली जिम्मेदारियों में उन्होंने खुद को सुर्खियों में बनाए रखा। सरकार की तारीफ करने में भी वह पीछे नहीं रहते थे और कई मुद्दों पर अपनी बेबाक राय भी वक्त करते थे।

अचानक उपराष्ट्रपति के संवैधानिक पद से उनके इस्तीफे ने कई सवाल खड़े किए हैं। सबसे बड़ा सवाल इसकी वजह जानने को लेकर बना हुआ है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि इसके पीछे धनखड़ के कामकाज और बयानों को लेकर लगातार बढ़ रही सरकार की नाराजगी थी। पहले भी धनखड़ को इस बारे में बताया जाता रहा था, लेकिन वह स्थिति को ठीक नहीं कर सके। मॉनसून सत्र के पहले दिन जब राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ विपक्षी सांसदों से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकार किया तब सरकार की नाराजगी बहुत ज्यादा बढ़ गई, क्योंकि सरकार इस प्रस्ताव को लोकसभा में लाने की तैयारी कर रही थी और विपक्ष भी सहमत था। सूत्रों के अनुसार, धनखड़ ने जिस तरह से राज्यसभा में इसे स्वीकार किया, उससे सरकार की तरफ से गहरी नाराजगी भी जताई गई। उपराष्ट्रपति द्वारा बुलाई गई बीएसी की बैठक में भी सरकार शामिल नहीं हुई, हालांकि सरकार ने इसे दूसरी व्यस्तता बताया और कहा कि इस बारे में सभापति को बता दिया गया था।

### बिहार चुनाव बॉयकाट पर हो सकती है चर्चा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर राज्य में विपक्षी दलों के बवाल के बीच राष्ट्रीय जनता दल के नेता और महागठबंधन के अघोषित सीएम कैंडिडेट तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव के बहिष्कार पर विपक्षीदलों के अलायंस में चर्चा की बात से इनकार नहीं किया है। विधानसभा में भी इस पर काफी हंगामा हो रहा है और आज भी विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए।

वहीं, चुनाव आयोग ने बुधवार शाम को बयान जारी कर बताया है कि वोटर लिस्ट रिवीजन की प्रक्रिया में 98 फीसदी मतदाता कवर हो चुके हैं। तेजस्वी यादव ने चुनाव बहिष्कार के विकल्प पर विचार के सवाल पर जवाब में कहा- "हो सकता है। इस बात पर भी चर्चा हो सकती है। वो हम लोग देखेंगे कि जनता क्या चाहती है और सब लोगों का क्या राय है। अगर ऐसा करना पड़े।

# जब-जब हमें मदद की जरूरत पड़ी, भारत हमेशा आगे आया

## मालदीव के विदेश मंत्री ने भारत को बताया सच्चा मित्र, कहा- भारतीयों का दिल बहुत बड़ा

एजेंसी

**माले।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को मालदीव पहुंचेंगे। उनकी यह यात्रा मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर हो रही है। इस यात्रा से पहले मालदीव की सरकार और पूर्व सरकार के नेता काफी गदगद हैं। वहां के पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने पीएम मोदी की इस यात्रा से पहले भारत की जमकर तारीफ की है। उन्होंने भारत को एक सच्चा दोस्त बताते हुए कहा है कि भारतीय लोगों का दिल बहुत बड़ा होता है और जब भी हमें मदद की जरूरत होती है तो हमेशा ही भारत आगे आता है। भारत ने कभी भी मालदीव को निराश नहीं किया है। मालदीव के पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा है कि मालदीव और भारत के बीच संबंधों ने हमेशा यह दिखाया है कि भारत पहली प्रतिक्रिया देने वाला देश है। जब भी हम अंतरराष्ट्रीय लाइन पर डायल करते हैं, भारत सबसे पहले प्रतिक्रिया देता है। इसके कई कारण हैं। सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण यह है कि भारतीय लोगों का दिल बड़ा है और वे पड़ोस में मालदीव की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, वे बहुत उदार हैं। दूसरा, भारत भौगोलिक रूप से मालदीव के बहुत करीब है। जब भी मालदीव में कोई अत्यावश्यक और संकटपूर्ण घटना होती है, भारत ने हमें कभी निराश नहीं किया है। भारत सरकार द्वारा सहायता में वृद्धि उदारता और परिपक्वता को दर्शाती है। कूटनीतिक तनाव के बावजूद, भारत





ने फैसला किया कि संबंध लोगों के बीच है और सरकारें बदलती रहती हैं, सत्ता में राजनीतिक दल बदलते रहते हैं लेकिन हमारे दोनों लोगों के बीच मौजूद संबंध ठोस आधार पर हैं और कभी नहीं बदले हैं। अब्दुल्ला शाहिद ने कहा,"यह जरूरी है कि हम मालदीववासी यह समझें कि सच्ची दोस्ती के लिए जरूरी है कि मालदीव के राजनीतिक दल और नेतृत्व अपने पड़ोसी देशों का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए हथियार के तौर पर न करें। जमीनी हकीकत हमें जल्दी और आसानी से प्रभावित करती है और यही हम देख रहे हैं। इसलिए, हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने दोस्तों का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए हथियार के तौर पर करने से बचें। हमें सच्ची दोस्ती और सहयोग की भावना के साथ सम्मान और आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हमारे पड़ोस में ही एक बहुत बड़ा बाजार है।

यह स्वाभाविक है कि हम भारत में हो रही आर्थिक तेजी का लाभ उठाएं। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि राजनयिक तनाव के कारण मालदीव आने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार प्रधानमंत्री की यात्रा सब कुछ ठीक कर देगी। हमें जो संदेश मिल रहा है, उससे पता चलता है कि वर्तमान मालदीव सरकार इस जमीनी हकीकत को समझने के लिए तैयार है कि भारत एक सच्चा दोस्त है और भारत हमेशा अपने पड़ोसियों की भलाई के लिए काम करेगा और किसी की भी ओर से कोई दुर्भावना नहीं है। मुझे उम्मीद है और मैं उम्मीद करता हूं कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा एक नई शुरुआत होगी, हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने का एक जरिया होगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मालदीव पहुंचेंगे। पीएम मोदी यात्रा के दौरान मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस में भाग लेंगे। यह वर्ष भारत और मालदीव के बीच राजनैतिक संबंधों के 60 साल पूरे होने का भी अवसर है।

### पाठ्यक्रम में बदलाव को भागवत का समर्थन



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पाठ्यक्रमों में बदलाव की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत को सही रूप में समझने और प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। भागवत ने कहा- आज जो इतिहास पढ़ाया जाता है, वह पश्चिमी दृष्टिकोण से लिखा गया है। उनके विचारों में भारत का कोई अस्तित्व नहीं है। विश्व मानचित्र पर भारत दिखता है, लेकिन उनकी सोच में नहीं। उनकी किताबों में चीन और जापान मिलेंगे, भारत नहीं।

आरएसएस चीफ ने कहा, 'पहले विश्व युद्ध के बाद शांति की बातें की गईं, किताबें लिखी गईं और राष्ट्र संघ बना, लेकिन दूसरा विश्व युद्ध हुआ। फिर संयुक्त राष्ट्र बना, लेकिन आज भी लोग चिंतित हैं कि कहीं तीसरा विश्व युद्ध न हो जाए।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्प्लेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com